# झारखंड में झामुमो के सीट शेयरिंग से राजद नाराज

## मनोज झा ने सुनाई खरी खोटी,कहा 'नूडल्स की तरह 2 मिनट में नहीं लिए जाते सभी फैसले'

संवाददाता

**रांची**। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आईएनडीआईए के सीट शेयरिंग के फॉर्मूले का एलान किया है। हेमंत सोरेन ने राज्य की 81 विधानसभा सीटों में से 70 सीटों पर झामुमो और कांग्रेस के चुनाव लड़ने का एलान किया है, जबकि राजद व वामदलों को 11 सीटें दी हैं। हेमंत सोरेन ने सीट शेयरिंग के एलान के तुरंत बाद राजद ने इसे झामुमो-कांग्रेस का एकतरफा फैसला बताया है।

आरजेडी नेता मनोज कुमार झा ने दावा किया कि पार्टी ने झारखंड विधानसभा की 15 से 18 सीटों की पहचान की है, जहां



वह अकेले बीजेपी को हरा सकती है। हेमंत सोरेन के सीट शेयरिंग की घोषणा पर मनोज कुमार झा ने कहा कि सभी फैसले '2 मिनट' के नूडल्स की तरह तुरंत नहीं लिए जा सकते। उन्होंने कहा कि हमारे (राजद) लिए सभी विकल्प खुले हैं।आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि हमारा पूरा नेतृत्व हमारे नेता तेजस्वी यादव के आग्रह पर यहां (रांची) आया है। आज सुबह हमारी एक बैठक हुई। बैठक में यह तय हुआ कि वोटों की ताकत और जनाधार आरजेडी के पक्ष में है।

मनोज झा ने कहा कि मैं आपको बता दूं कि पिछली बार हम 7 सीटों पर लड़े थे, क्योंकि लालू जी का दिल बड़ा था। उनका लक्ष्य बीजेपी को सत्ता से बाहर करना था और आज भी हमारा लक्ष्य वही है।उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में हम 5 सीटों पर दूसरे नंबर पर रहे। हमारे गठबंधन के बाकी साथी शायद इतनी सीटों पर प्रतिशत के हिसाब से दूसरे नंबर पर नहीं रहे होंगे।

सीट शेयरिंग के फैसले पर उन्होंने कहा कि एकतरफा फैसला लिया गया है। अलग-अलग जिलों में हमारी मौजूदगी बहुत मजबूत है, हम अपने गठबंधन के साथियों से आग्रह करेंगे कि वे उसी हिसाब से फैसला लें।मनोज झा ने कहा कि हमारे प्रभारी यहां (रांची में) हैं, हमारे प्रदेश अध्यक्ष यहां हैं। कल से हमारे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव खुद यहां हैं। सबके होने के बावजूद अगर आपने गठबंधन की प्रक्रिया में हमें शामिल नहीं किया, तो यह दुख की बात है।

उन्होंने आगे कहा कि आज हमारी जो बैठक हुईउसमें हमने अलग-अलग जिलों में 15 से 18 ऐसी सीटें चिन्हित की हैं जहां हम अकेले भी भाजपा को हराने में सक्षम हैं। मनोज कुमार झा ने कहा कि हमारे लिए सभी विकल्प खुले हैं।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिले के पोस्टल बैलेट सेल के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

### पोस्टल बैलेट से मतदान कराने हेतु तैयार है कैलेंडर

### मतदान कार्य में लगे मतदाताओं का उनके योगदान के साथ फॉर्म 12 ऑटो जेनरेट करें: के.रवि कुमार

संवाददाता

**रांची**। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि पोस्टल बैलेट से मतदान करने हेतु फॉर्म 12 एवं 12D मतदाताओं द्वारा भरा जाना है। इसकी सूची तैयार करते समय इस बात पर अवश्य ध्यान दें कि आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों, अबसेंटी वोटर, फिजिकली डिसेबल्ड एवं सीनियर सिटीजन के द्वारा फॉर्म 12D भरा जाना है। वहीं जिन मतदाताओं का निर्वाचन कार्य में ड्यूटी लगी है, वैसे मतदाताओं को फॉर्म 12 भरना है। वह आज सभी जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पोस्टल बैलेट सेल के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में ऑनलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा कि 20 अक्टूबर को मुख्यालय स्तर पर सभी जिले के पोस्टल बैलेट सेल की पहली बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में अपने जिले में प्राप्त वैसे सभी फॉर्म, जो अन्य जिलों से संबंधित हैं, उसे बैठक में संबंधित जिलों को उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान कराने हेतु सभी कार्यों के लिए कैलेंडर तैयार है। उसके अनुपालन के साथ पोस्टल बैलेट से मतदान का कार्य कराना सुनिश्चित करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान करने की अर्हता रखने वाले एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहें, इसे लेकर ससमय आवंटित कार्यों का निष्पादन करें। उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवा से सम्बन्धित कुल 16 सेवाएं चिह्नित हैं। उसमें रेलवे परिवहन (यात्री और माल) सेवा, वैसे मीडियाकर्मी जिन्हें मतदान दिवस की गतिविधियों को कवर करने के लिए आयोग की मंजूरी से प्राधिकार पत्र जारी किए गए हैं। बिजली विभाग, बीएसएनएल, डाक और टेलीग्राम, दूरदर्शन, आकाशवाणी, राज्य दुग्ध संघ और दुग्ध सहकारी समितियां, स्वास्थ्य विभाग, विमानन, अग्निशमन सेवाएं, यातायात पुलिस, एम्बुलेंस सेवा, जेल, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और पत्र सूचना कार्यालय के लोग शामिल हैं। इन्हें ससमय फॉर्म 12 D उपलब्ध करा दें, ताकि वे ससमय अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय की ओएसडी श्रीमती गीता चौबे, अवर सचिव घनश्याम प्रसाद मौजूद थे। वहीं ऑनलाइन माध्यम से सभी जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सहित उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं पोस्टल बैलेट प्रकोष्ठ के नोडल पदाधिकारी जुड़े थे।

# बसपा सूबे के सभी 81 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

संवाददाता

**रांची/पलामू**: झारखंड विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी सूबे के सभी 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है. पार्टी में बैठक का दौर जारी है और प्रत्याशियों के नाम तय किए जा रहे हैं. राज्य में कई ऐसे नेता हैं जो बहुजन समाज पार्टी के संपर्क में है और चुनाव लड़ना चाहते हैं.

बहुजन समाज पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी राज्य के सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है. पार्टी सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी. उन्होंने बताया कि प्रत्याशियों के नाम बैठक में तय किए जाएंगे. फिलहाल झारखंड में बहुजन समाज पार्टी का कोई भी विधायक या सांसद नहीं है. 2019 के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी पलामू के हुसैनाबाद और बिश्रामपुर विधानसभा सीट से दूसरे स्थान पर रही थी. 2019 में बिश्रामपुर से खुद प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता चुनाव लड़े थे और दूसरे स्थान पर रहे थे. जबकि हुसैनाबाद से शेर अली दूसरे स्थान पर रहे थे.




2024 झारखंड विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशियों पर सब की नजर है. बिश्रामपुर एवं हुसैनाबाद विधानसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी किसको अपना प्रत्याशी बनाती है इसका इंतजार है. इस दोनों विधानसभा सीट से कई नेताओं ने चुनाव लड़ने का दावा किया है. झारखंड में बहुजन समाज पार्टी का किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं है. लोकसभा चुनाव के दौरान भी झारखंड में बहुजन समाज पार्टी ने किसी के साथ गठबंधन नहीं किया था.

# झारखंड विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाएगा गैंगस्टर अमन साहू

## बड़कागांव विधानसभा सीट से लड़ सकता है इलेक्शन,कोर्ट से मांगी परमिशन

संवाददाता

**रांची/रायपुराझारखंड** के गैंगस्टर अमन साहू को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया. कोर्ट ने उसकी जुडिशियल रिमांड कर 15 दिन बढ़ा दी है और उसे जेल भेज दिया गया है. अब अमन साहू 28 अक्टूबर तक जेल में ही रहेगा. इस बीच गैंगस्टर से कुछ ऐसा ऐलान किया, जिसने सभी को चौंका दिया. दरअसल, गैंगस्टर अमन साहू झारखंड से विधानसभा चुनाव लड़ सकता है. सूत्रों की मानें तो अमन साहू बड़कागांव विधानसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहता है. इसके लिए अदालत में आवेदन लगाया गया है. अब कोर्ट से इजाजत मिलती है कि गैंगस्टर चुनाव लड़ सकता है.

मालूम हो कि तेलीबांधा शूट आउट मामले में अमन साहू को वापस कोर्ट में पेश किया जाएगा. शूट आउट मामले पुलिस उसकी गिरफ्तारी कर सकती है. इसक बाद गैंगस्टर



अमन साहू से फिर से पूछताछ हो सकती है.

झारखंड से आए एडवोकेट हेमंत शिखरवार ने कहा कि अमन साहू को जुडिशियल रिमांड पर भेज दिया गया है. कोर्ट ने 28 अक्टूबर तकका ऑर्डर दिया है. हम पुलिस रिमांड को अपोज करेंगे.

बता दें कि अमन साहू रांची के छोटे से गांव मतबे का रहने वाला है. झारखंड में उसके ऊपर 90 से ज्यादा मामले दर्ज हैं. अमन साहू हार्डकोर माओवादी भी रहा. बताते हैं कि 2013 में अमन ने अपना गैंग बनाया था. इसके करीब ढाई साल बाद कोरबा में अमन साहू गैग के गुर्गों ने बरबरीक ग्रुप पर फायरिंग की थी. शहर के शंकर नगर इलाके में कंपनी के पार्टनर के घर के बाहर गोली चलाकर धमकी दी गई थी. आरोप है कि अमन साहू ने अपने कुछ शूटर रायपुर भी भेजे थे. उसकी हिट लिस्ट में रायपुर के कई बिजनसमैन के नाम होने का भी दावा भी किया जाता है. कार्रवाई करते हुए रायपुर पुलिस ने इस गैंग के 4 सदस्यों को गिरफ्तार भी किया था.

गैंगस्टर अमन साहू महंगे कपड़े का शौक रखता है. 13 जुलाई को रायपुर के तेलीबांधा इलाके में एक बिल्डर की ऑफिस पर फायरिंग की गई थी. इस हमले में अमन साहू गैंग का नाम सामने आया था. बताते हैं कि अमन का सोशल मीडिया अकाउंट कनाडा से ऑपरेट किया जाता है. फिलहाल ये गैंगस्टर रायपुर की जेल में बंद है.

# धनबाद में सीआईएसएफ बहाली दौड़ में पलामू के अभ्यर्थी की मौत

संवाददाता

**रांची**।धनबाद में सीआईएसएफ की बहाली के लिए आयोजित शारीरिक परीक्षा में एक अभ्यर्थी की मौत हो गई. डाल्टनगंज के कर्मदेव कुमार ने दौड़ के बाद दम तोड़ दिया. उन्हें एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया,जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।मृतक के परिवार ने सरकार से दौड़ की दूरी कम करने की मांग की है। ताकि दूसरे अभ्यर्थी सही से शारीरिक परीक्षा दे सकेंp परिवार के सदस्यों का हाल बुरा है, दोनों बहनें रो-रोकर बेहोश हो जा रही हैं और माता का दिमागी संतुलन बिगड़ गया है।



परिजनों ने बताया कि कर्मदेव कुमार बीए पार्ट वन में पढ़ाई कर रहा था. घर की आर्थिक स्थिति में सुधारने के लिए मैट्रिक के बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ाता था. पिता विजय राम दिहाड़ी मजदूरी का काम करते हैं. कर्मदेव के एक भाई और दो बहन हैं. जो अब अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं.

उन्होंने बताया कि 24 मिनट में 5 किलोमीटर की दौड़ पूरी करनी थी. यह बहुत कम समय है. उन्होंने कहा कि सरकार को इस दौड़ को कम करने की आवश्यकता है, ताकि अभ्यर्थी अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार परीक्षा दे सकें.

# रांची एयरपोर्ट से गोवा और जयपुर के लिए शुरू होगी सीधी विमान सेवा

संवाददाता

**रांची** : अगर आप भी बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से गोवा और जयपुर के लिए डायरेक्ट फ्लाइट के इंतजार में हैं तो आपके लिए बड़ी खुशखबरी है. दरअसल डीजीसीए ने इन दो शहरों में सीधी विमान सेवा के लिए हरी झंडी दे दी है. जानकारी के अनुसार 30 अक्टूबर तक इन शहरों में सीधी विमान सेवा शुरू हो जाएगी. यात्रियों का इस बाबत पहले ही सूचना दे दी जाएगी. अभी तक डेट और समय की अधिसूचना जारी नहीं की गयी है.

**बेंगलुरू के लिए भी विमान सेवा होगी शुरू**-इस संबंध में रांची एयरपोर्ट के अधिकारी ने बताया कि डीजीसीए ने विंटर शेड्यूल के दौरान जयपुर और गोवा के लिए नयी विमान सेवा




शुरू करने की अनुमति दे दी है. फिलहाल समय सारिणी और अन्य जानकारियां लिखित नहीं दी गयी हैं. इसके साथ ही बेंगलुरू के लिए एक अन्य विमान भी 30 अक्तूबर से शुरू होगा. मालूम हो कि 30 अक्तूबर से विंटर शेड्यूल पहले ही जारी किया गया है.

# पतरातू पुलिस ने अवैध बालू लदा सात ट्रैक्टरों को किया जप्त



**पतरातू**। पतरातू पुलिस में अवैध बालू लदा 7 ट्रैक्टरों को जप्त किया है। बताया जाता है कि पतरातू अंचल क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से पुलिस ने अवैध बालू लदा 7 ट्रैक्टरों को जप्त कर पतरातू थाना लाया है। वहीं पतरातू पुलिस ने अवैध बालू लदे सभी ट्रैक्टरों के बाबत कार्रवाई करने के लिए खनन विभाग के पास भेज दिया गया है। वहीं इस अभियान में पुलिस इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता और अन्य अधिकारी और जवान शामिल थे।

# बाबूलाल मरांडी ने राहुल गांधी को भी लिया निशाने पर

## कहा,आपने झारखंड के साथ वादा खिलाफी की है,जनता सबक सिखायेगी

संवाददाता

**रांची**। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शनिवार को रांची आये। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा है कि झारखंड की जनता से पूर्व में किये गये वादों और उन पर खरा नहीं उतरने को लेकर जनता में नाराजगी है। इससे चुनाव में उन्हें गहरा सबक मिलेगा। हेमंत सरकार की वादाखिलाफी का जिक्र करते हुए कहा है कि चुनाव में जनता सत्ता से बाहर करने को तैयार है। उन्होंने कहा है कि राहुल जिस संविधान की रक्षा के लिए पूरे देश में यात्राएं कर रहे हैं, उसी संविधान का उल्लंघन करते हुए झारखंड में पिछले पांच सालों से आदिवासियों पर इस राज्य में दमन और अत्याचार होता रहा, तब आप कहां थे? आप पूरे देश में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के अधिकारों की बात कर रहे हैं, लेकिन झारखंड में आपकी सरकार होने के बावजूद पिछड़ों को त्रिस्तरीय चुनाव में उनका आरक्षण नहीं मिला है। दलितों और आदिवासियों की जमीनें लूट कर बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाया जा रहा है। संविधान हर नागरिक को वोट देने की आजादी



देता है, लेकिन आपने और आपके सहयोगी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बांग्लादेश से आये घुसपैठियों को वोटर बना कर संवैधानिक नियमों का उल्लंघन करते हुए अपनी पार्टी और जेएमएम को गैर-संवैधानिक लाभ पहुंचाने की कोशिश की है। यह सब आपकी आंखों के सामने हो रहा है, लेकिन आप चुप हैं। बाबूलाल ने कहा है कि कांग्रेस झामुमो-कांग्रेस-राजद की सरकार के सहयोगी दल जेएमएम के नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में युवाओं को नौकरियों का झांसा देकर उनके फार्म के पैसे दलालों में बांट दिये जाते हैं। दलालों और बिचौलियों द्वारा परीक्षा लीक करवायी जाती है और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था, तब आप कहां थे? हेमंत सोरेन ने राज्य के युवाओं, माताओं और बहनों से अनेकों वादे किये, लेकिन एक भी वादा धरातल पर पूरा नहीं हुआ। उनके सहयोगी होने के नाते, क्या आप संविधान की कसम खाकर कह सकते हैं कि आपने जनता के हित में काम किया है? राज्य के संसाधनों को बिचौलियों के हाथों बेचा जा रहा है, राज्य भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुका है। आपके नेता धीरज साहू के ठिकानों से 300 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की गयी है। क्या आप इन भ्रष्टाचार के आरोपों का जवाब देंगे? जिस संविधान की आप बात कर रहे हैं, उसकी रक्षा की जिम्मेदारी राज्य के मुख्यमंत्री की है। लेकिन राज्य की जनता अब यह मान चुकी है कि संविधान का रक्षक ही संविधान का भक्षक बन चुका है। बात चाहे युवाओं की बेरोजगारी हो, महिलाओं की सुरक्षा की हो, या आदिवासियों के अधिकार की, हर मोर्चे पर आपकी सरकार विफल रही है।

# चतरा सांसद से मनीष जायसवाल ने रिम्स में की मुलाक़ात,जाना कुशलक्षेम



संवाददाता

**रांची**।चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह झारखंड की राजधानी रांची के राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में भर्ती हैं। पीछले रविवार को अचानक उनके सीने में दर्द हुआ और चतरा सदर अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सीय इलाज में उन्हें पता चला कि उन्हें कार्डिएक अरेस्ट आया फिर उन्हें तत्काल स्टेंट लगाया गया। जिसके बाद वे ठीक है और यहां इलाजरत हैं । शनिवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने रिम्स पहुंचकर उनसे मुलाक़ात की और उनका कुशलक्षेम जाना। सांसद मनीष जायसवाल ने ईश्वर से चतरा सांसद कालीचरण सिंह के जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की ।

# आजसू नेता रौशनलाल चौधरी ने भाजपा का दामन थामा

## बड़कागांव से हो सकते हैं उम्मीदवार



**रांची**।आजसू नेता रौशनलाल चौधरी ने भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में असम के मुख्यमंत्री और झारखंड बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा शर्मा ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई है। आपको बता दें कि रौशन लाल चौधरी गिरिडीह के सांसद के भाई हैंचर्चा यह है कि रौशन लाल चौधरी बड़कागांव विधानसभा सीट से बीजेपी के उम्मीदवार होंगे। चूंकि बड़कागांव सीट आजसू के खाते में नहीं गईइसलिए रौशन लाल चौधरी भाजपा में शामिल हो गए अब वही वहां से उम्मीदवार होंगे। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा,हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बरहरवा थाना पुलिस ने दो व्यक्ति को भेजा जेल

**बरहड़वा**। बरहरवा थाना पुलिस ने शुक्रवार की रात अलग-अलग गांव से एक महिला तथा एक पुरुष समेत दो वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है|पुलिस सूत्रों ने बताया कि न्यायालय से निर्गत गैर जमानती वारंट के तहत इनकी गिरफ्तारी की गई है|मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार होने वालों में चांदीपुर निवासी सीमा दास तथा भीम पाड़ा गांव के सज्जाद सेख शामिल हैं|दोनों को शनिवार को स्वास्थ्य परीक्षण कर कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है|

### पुलिस ने 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**साहिबगंज**। नगर थाना पुलिस ने शनिवार को 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। नगर थाना इंस्पेक्टर अमित गुप्ता ने बताया कि कांड संख्या 119/2014 के प्राथमिकी आरोपी भागलपुर ज़िला के शिवनारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामजनीपुर निवासी शोभाकांत यादव, राम यादव एवं नगर थाना कांड संख्या 120/24 के आरोपी क्षेत्र के पुरानी साहिबगंज रमेश यादव, सुनील यादव व सत्यनारायण यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### वारंटी को किया गिरफ्तार

**साहिबगंज**। मुफ़स्सिल थाना पुलिस ने पुराने मामले के इश्तेहारी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि छोटी कोदरजनना निवासी वारंटी रंजीत पंडित को गुप्त सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसते हुए क्षेत्र में लगातार छापामारी अभियान

**मंडरो** । मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव के द्वारा विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसते हुए क्षेत्र में लगातार छापामारी अभियान जुटे हुए हैं. वहि थाना क्षेत्र के किर्तनियां निवासी तारन पासवान पिता वकील पासवान को गिरफ्तार कर शनिवार को साहिबगंज जेल भेज दिया गया. इस संबंध में थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव ने बताया की जो भी वारंटी फरार चल रहे हैं. वैसे लोगों को चिन्हित करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजने का कार्य किया जा रहा है. ताकी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरिके से सम्पन्न कराया जा सके.

### मुखिया,पंचायत सचिव व पंचायत तकनीकी विशेषज्ञ का प्रशिक्षण

**मंडरो**। प्रखंड सभागार में शनिवार को मनरेगा अंतर्गत तीन दिवसीय प्रखंड क्षेत्र के दुसरे दिन बीडीओ सह सीओ मेघनाथ उरांव की अध्यक्षता में सभी मुखिया,पंचायत सचिव व पंचायत तकनीकी विशेषज्ञ का प्रशिक्षण मुखिया मास्टर ट्रेनर कंचन कुमार मंडल के द्वारा दिया गया. वहि प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनर कंचन कुमार मंडल ने उपस्थित मुखिया,पंचायत सचिव व भेली को बताया की यह प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है की विधानसभा चुनाव के दौरान जो भी मतदाता मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच पाएंगे और वैसे मतदाता का सूची तैयार करवाना है। ताकी घर से ही मतदान कराने का कार्य किया जा सके. साथ हि यह भी कहा कि क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाना है ताकि मतदान की प्रति लोग जागरुक हो सके. और अपने-अपने घर से निकल कर अपने बूथ पर पहुंच कर मतदान कर सके. प्रशिक्षण के दौरान बताया की जो भी मनरेगा कार्यों का संचालन होता है वो कार्य पंचायत भवन से ही किया जाएगा. वहि मुखियाओं के बीच ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कार्य कराने से संबंधित संचालन कार्य की जानकारी पीपीटी एवं लाइव कर प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी गई . मौके पर भेली आशिषित भगत,अरविन्द कुमार, निहाज आलम,घनश्याम शर्मा, अमर वर्णवाल, चंन कुमार पंडित, श्रील मुर्मू,विजय कुमार जयसवाल, संजय मरांडी,सहनवाज अहमद,मुखिया अनिता हेंब्रम, रीणा मुर्मू,बेटी वास्की, राजेश मरांडी, ललिता देवी,संजय टुडू सहित पंचायत के कई पंचायत सचिव मौजूद थे.

### विधानसभा आम चुनाव को पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए चुनाव प्रक्रिया के परिप्रेक्ष्य पुलिस पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया



**साहिबगंज**। विधानसभा आम चुनाव- 2024 को पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करने के लिए चुनाव प्रक्रिया के प्ररिप्रेक्ष्य पुलिस पदाधिकारी को सिद्धू कानू सभागार में प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान पुलिस पदाधिकारी को मतदान के दिन किए जाने वाले कार्य, पुलिस पदाधिकारी का सेक्टर पदाधिकारी के साथ कर्तव्य, वी एम 2 रिपोर्ट, पोलिंग डें एक्टिविटी, एफ एस टी /एसएसटी, के कर्तव्य एवं आदर्श आचार संहिता को लेकर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।इस मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी- सह -नोडल प्रभारी, प्रशिक्षण कोषांग झुनू कुमार मिश्रा, प्रशिक्षक के रूप में आशुतोष झा एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पुलिस कप्तान ने पुलिस टीम को किया पुरस्कृत

**साहिबगंज**। अपहरण कांड के सफल उद्भेदन पर पुलिस कप्तान अमित कुमार सिंह ने पुलिस टीम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अपहृत की सकुशल बरामदगी साहिबगंज पुलिस के चैलेंजिंग था। लेकिन पुलिस टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए जिला का नाम रोशन किया है। एसपी ने टीम में शामिल राजमहल एडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर, राधानगर थाना प्रभारी नीतेश कुमार पांडेय, पुअनि हसनैन अंसारी, फुलेश्वर अकेला, राजमहल पुअनि बिट्टू कुमार साहा, ददन साह, सालखू मुर्मू, राधानगर सअनि सुनील कुमार मेहता, मनोज कुमार पासवान, हवलदार सोनाराम सोरेन, आरक्षी सर्वेश्वर सोरेन, अमन कुमार, प्रवीण कुमार, मानवेल सोरेन को प्रशस्ति पत्र सौंप उन्हें पुरस्कृत किया।



### विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त बनने वाले रिसीविंग सेंटर,ब्रज गृह, मतगणना केंद्र का निरीक्षण



**साहिबगंज**। शनिवार को विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने आज राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज,साहेबगंज में विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त बनने वाले रिसीविंग सेंटर,ब्रज गृह, मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजमहल, बोरिया, बरहेट, पोस्टल बैलेट, ब्रजगृह , रिसिविंग गैलरी, मीडिया गैलरी, रिसीविंग सेंटर में बने पंडालों के गैलरी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त ने प्रवर्तन एजेंसियों के साथ की बैठक, आदर्श आचार संहिता और निगरानी पर दिए निर्देश

## दस लाख या इससे अधिक राशि के सामान्य निकासी पर पूर्ण निगरानी रखने का निदेश

**साहिबगंज**। शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर जिलास्तरीय प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया।जिला निर्वाचन पदाधिकरी श्री सती ने सभी को निर्वाचन से जुड़ी जानकारियों के साथ आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के पश्चात किये जाने वाले कार्यों से संबंधित एजेंसियों के अधिकारियों को अवगत कराया गया। साथ ही बैंक खाता के माध्यम से संदिग्ध लेन देन के संबंध में आयोग के निर्देशों के अनुपालन से संबंध में सभी बैंकों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही असमान्य एवं संदिग्ध रूप से नगद राशि के निकासी एवं जमा के बारे में चुनाव आयोग के निर्देशों की विस्तृत जानकारी सभी को दी गई।जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह -उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों यथा वन प्रमंडल, परिवहन, डाक विभाग, रेलवे, पुलिस, आयकर विभाग, उत्पाद विभाग, जीएसटी समेत सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया, ताकि निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र एवं भयमुक्त माहौल में निर्वाचन से जुड़े कार्यों को



पूर्ण किया जा सके। वहीं उपायुक्त ने सभी चेकनाकों पर एसएसटी टीम के साथ बैंक, वन विभाग, उत्पाद विभाग, जीएसटी व संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर ज्वाइंट ऑपरेशन चलाने का निदेश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह -उपायुक्त श्री सती ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान एक लाख के अधिक की सभी प्रकार असमान्य एवं संदिग्ध निकासी व दस लाख या इससे अधिक राशि के सामान्य निकासी पर पूर्ण निगरानी रखने का निदेश सभी बैंक प्रबंधकों को दिया।इस बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी समेत, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, कोषागार अधीक्षक आशुतोष कुमार,जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी, उत्पाद अधीक्षक, अग्रीण बैंक प्रबंधक, पूर्व रेलवे विभाग, आयकर विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

# विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया



**तालझारी**। आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर तालझारी थाना प्रभारी अमर मिंज और एएसआई अनिल कुमार ने शनिवार को थाना क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जमनी बड़ी भगियामारी,जमनी छोटी भगियामारी, अम्बाडीहा,बांसकोला,मोती झरना, डाक-बंगला, महाराजपुर, चपाल नौघट्टा एवं कैरासोल बूथ संख्या 178,191, 198,199, 200,302 और 207 का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि बूथ तक जानेवाली सड़क की स्थिति, मोबाइल नेटवर्क, पानी, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं का आंकलन किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने मतदान केंद्रों के निकट स्थित ग्रामीणों से मिलकर उन्हें आगामी चुनाव में भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की। थाना प्रभारी ने बताया कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला से प्राप्त निर्देशों के आलोक में बूथों पर सभी जरूरी सुविधाओं को पूरी करने की व्यवस्था की जा रही है।

# मुंबई से अपहृत एक व्यक्ति साहिबगंज जिल से बरामद

**साहिबगंज**। जिला पुलिस ने पुणे से अपहृत व्यवसाई सह किसान की सकुशल बरामदगी करने में सफलता हासिल की है। एसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि महाराष्ट्र के पुणे निवासी यशवंत हीरामन विनोदे का उनके ही किरायेदार राजू ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपहरण कर उन्हें राधानगर के दियारा क्षेत्र में अपने सहयोगियों के साथ रखा था। 18 अक्टूबर अपहृत के फोन से उसके पुत्र के मोबाइल पर फोन कर 1 करोड़ की फिरौती मांगी गई। अपहृत के पुत्र ने इस संबंध में हिंझवड़ी थाना में कांड संख्या 1185/24 दर्ज कराई। वहीं पुणे क्राइम बांच की एक टीम मालदा एवं साहिबगंज के लिए रवाना हुई। इसी दौरान टीम ने तकनीकी सहायता से शुक्रवार की रात 12:30 बजे मालदा व साहिबगंज के एसपी को सूचना दी। एसपी अमित कुमार ने राजमहल एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम गठित कर छापामारी के लिए भेजा। टीम ने पूरी रात नाव से राधानगर थाना के विभिन्न दियारा इलाकों को छान मारा।




इस दौरान अपहरणकर्ता अपहृत के साथ लगातार जगह बदलते रहे। इस दौरान गोल ढाब चूआर के दियारा से सुबह 5 बजे अपहृत यशवंत हीरामन को सकुशल बरामद कर लिया। इस दौरान दो अपहरणकर्ता को दबोच लिया गया। जबकि 3 गंगा नदी में कूद कर भाग निकले। इधर पुणे से 4 सदस्यीय पुलिस टीम ने साहिबगंज पहुंच दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी की। साथ ही अपहृत को हैंड ओवर लेते हुए अपहरणकर्ताओं को ट्रांजिट रिमांड पर पुणे लेकर चली गई। एसपी ने बताया कि पकड़े गए अपहरणकर्ताओं में पश्चिम बंगाल मालदा, मुथाबड़ी निवासी नसीम अख्तर, राधानगर अमानत दियारा निवासी लल्लू शेख शामिल हैं।इस मौके पर छापामारी टीम में राजमहल एडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर, राधानगर थाना प्रभारी नीतेश कुमार पांडेय, पुअनि हसनैन अंसारी, फुलेश्वर अकेला, राजमहल पुअनि बिट्टू कुमार साहा, ददन साह, सालखू मुर्मू, सनी सुनील कुमार मेहता,मनोज कुमार पासवान, हवलदार सोनाराम सोरेन, आरक्षी सर्वेश्वर सोरेन, अमन कुमार, प्रवीण कुमार, मानवेल सोरेन अन्य मौजूद थे।

# सदर अस्पताल की विधि व्यवस्था मे सुधार लाने को लेकर डीएस डॉक्टर मोहन मुर्मू

## डीएस प्रशासनिक डॉक्टर मुकेश कुमार ने सभी इंचार्जों के साथ की बैठक

**साहिबगंज**। शनिवार को सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर मोहन मुर्मू एवं प्रशासनिक डीएस डॉक्टर मुकेश कुमार ने सदर अस्पताल परिसर स्थित वेयर हाउस के सभागार मे सदर अस्पताल के सभी इंचार्जो के साथ दोपहर दो बजे बैठक की.इस बैठक में सदर अस्पताल की विधि व्यवस्था मे सुधार लाने एवं इलाज के लिए आए मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बैठक मे उपस्थित सभी इंचार्जो की बातो को सुनने के बाद प्रशासनिक डीएस डॉक्टर मुकेश कुमार ने कहा कि ड्यूटी रोस्टर का शत-प्रतिशत पालन सभी कर्मचारियों को करना है. हम सबों का मकसद सिर्फ एक ही होना चाहिए कि सदर अस्पताल मे इलाज कराने आये मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना मेरा पहला कर्तव्य है.उन्होने यह भी कहा कि सभी कर्मचारी



ड्यूटी रोस्टर, ड्रेस कोड व समय सीमा का पालन सुनिश्चित करे. साथ ही मरीजों से मधुर स्वर मे बात कर उनकी समस्याओ को समझते हुए उनकी समस्याओ का सामाधान करे.ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी नही हो.वहीं डीएस डॉक्टर मुकेश कुमार ने कहा कि कोई भी डॉक्टर, जीएनएम,एएनएम,क्लर्क,सभी स्वास्थ कर्मचारीगण,जो भी झूठी लेने के लिए 24 घंटा के अंदर ही डीएस कार्यालय को सूचित करेंगे अन्यथा अगर कोई भी पदाधिकारी, स्वास्थ कर्मचारी 24 घंटा के अंतर सूचना नहीं देकर अपने ड्यूटी से नदारत रहेंगे।वैसे पदाधिकारी, स्वास्थ कर्मचारी,का अनुपस्थित समझा जाएगा।उन्होंने कहा कि आज यह बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि ऊपर प्रसव कक्ष में जो भी जीएनएम,एएनएम,कार्यरत थे।सभी को तीन माह का रोस्टर के हिसाब से नीचे आपातकालीन कक्ष में ड्यूटी करना होगा यह नियम लागू 25 अक्टूबर 2024 से स्वेता लागू समझा जाएगा।उन्होंने कहा सभी लेवर रुम,ओटी रूम का इंचार्ज को फेर बदल किया गया है। इस बैठक मे मैन पावर की कमी के संबंध मे डीएस मुकेश ने कहा कि मै इस संबंध मे सिविल सर्जन से बात कर इस समस्या के सामाधान का हर संभव प्रयास करूंगा. इस बैठक मे डीएस डॉक्टर मोहन मुर्मू ,डॉक्टर मुकेश कुमार,सदर अस्पताल मैनेजर डा यशवंत राव, जयराम यादव, जीएनएम डोली झा,मंजुला मुर्मू,संगीता कुमारी,राजेश यादव,सफाई इंजार्च रमेश राम,सहित सभी इंचार्ज उपस्थित थे.

# कन्वीनर की चयन को लेकर कांग्रेस पार्टी ने सात गाछी में की बैठक



**बरहरवा**। बरहरवा प्रखंड अंतर्गत सतगाछी पंचायत में कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता एवं कोर कमेटी की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई| जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बरकत खान के उपस्थिति में आयोजित बैठक में कांग्रेस पार्टी के कोर कमेटी के सदस्य नसीरुद्दीन, शमशेर खान, तमिजुद्दीन शेख, भी उपस्थित थे |देर तक चली बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया कि आने वाले विधानसभा चुनाव मे महागठबंधन प्रत्याशी के उम्मीदवार को भारी से भारी मतों से जिताने को लेकर बूथ लेवल के कार्यकर्ताओं को सशक्त करना होगा|साथ में यह भी निर्णय लिया गया कि, महागठबंधन सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता ,गांव मोहल्ले में जाकर लोगों को जागरूक करेंगे एवं सरकार की उपलब्धियां को उनके सामने रखेंगे|इस दौरान नूर मोहम्मद, रहीम शेख, हीरालाल शाह, परमित तिवारी, अरुण शाह ,संजय शाह, माटल टुडू, कलम शेख, हबल शेख, विश्वजीत दास तमु शेख मुखलेश्वर, प्रेमलाल शाह ,नसीरुद्दीन शेख, जलील शेख ,असगर अली, बबलू शेख, संदीप भगत ,विकास कुशवाहा, अशोक महतो, सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे|

# राधानगर पुलिस ने तीन वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**उधवा**। राधानगर थाना पुलिस ने शुक्रवार के रात गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के कटहलबाड़ी बाजार में छापेमारी कर तीन वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए तीनों वारंटी जितेन मंडल,अरुण मंडल व कालु घोष को शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार राजमहल व्यवहार न्यायालय के जारी सी.सी नंबर 661/2022 के वारंटी जितेन मंडल,अरूण मंडल व सी.सी नंबर 380/2022 के वारंटी कालू घोष को कटहलबाड़ी बाजार से छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पाण्डेय,पुअनि हसनैन अंसारी,पुअनि फुलेश्वर अकेला सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

# संभावित विधानसभा चुनाव को लेकर आजसु कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**बरहरवा**। विधान सभा चुनाव को लेकर बरहरवा प्रखंड के होटल आर बी प्लेस में आजसु पार्टी के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई| बैठक का संचालन प्रखंड अध्यक्ष नवीन दुबे ने किया इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू केंद्रीय महासचिव अजय सिंह, विशेष अतिथि के रूप में पाकुड़ जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम और साहिबगंज जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडे मौजूद रहे। मंच संचालन बरहरवा प्रखंड अध्यक्ष नवीन दुबे ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए अजय सिंह ने कार्यकर्ताओं में संवाद के माध्यम से जोश भरने का काम किया। उन्होंने आजसू पार्टी की विचारधारा तथा आजसू सुप्रीमों सुदेश महतो जी के विजन के बारे में बताया। बता दें कि पाकुड़ विधानसभा चुनाव को लेकर




आजसू पार्टी के वरीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता काफी सक्रिय हो गए हैं। एनडीए गठबंधन के आजसू प्रत्याशी अजहर इसलाम को जिताने के लिए आजसू पाटी पदाधिकारी के साथ साथ पंचायत के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया|पाकुड़ जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम ने कहा इस बार आजसू विनाशकारी नेता को सत्ता से उखाड़ फेंकने का और प्रदेश में परिवर्तन का संकल्प लिए है। उन्होंने वर्तमान सरकार और स्थानीय विधायक पर जम कर बरसे। कहा कि जब से इंडी गठबंधन सरकार आई है तब से प्रदेश में भ्रष्टचार चरम सीमा पर पहुंच गई है। जिसका जीता जागता उदाहरण पुर्व मंत्री अभी जेल में बंद हैं। वहीं साहिबगंज जिला अध्यक्ष चतुरानांद पांडे ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था अंतिम सांसे गिन रही है। यहां के लाखो युवा वर्ग बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं।सभी पदाधिकारियों ने संवाद के जरिए कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर आजसू पार्टी के प्रत्याशी अजहर इसलाम के लिए कड़ी मेहनत करने की आग्रह किया और कई दिशा निर्देश दिए। मौके पर जिला सचिव विभाष शाह, जिला उपाध्यक्ष राम प्रवेश यादव, पाकुड़ जिला प्रवक्ता शेकसादी राहमातुल्ला, केंद्रीय समिति सदस्य विजय शाह, राजमहल प्रखंड अध्यक्ष भीम महतो, बरहरवा प्रखंड सचिव प्रणब शाह, तथा सक्रिय कार्यकर्ता यादुल शेख, जहांगीर सहित सैकड़ों पंचायत अध्यक्ष एवं प्रभारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ओवरब्रिज की मांग को लेकर दूसरे दिन भी धरना रहा जारी

**भागलपुर, एजेंसी।** कंझिया बाईपास पर शुक्रवार को दूसरे दिन भी ओवरब्रिज व अंडरपास बनाने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन जारी रहा। संबोधित करते हुए मो.बसारुल हक ने कहा कि जब तक इस मामले पर जिला प्रशासन या सरकार कोई पहल नहीं करेगी, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। अब तक जिला प्रशासन के तरफ से कोई पहल नहीं किया गया है। इसलिए हमलोग आंदोलन का रूपरेखा में बदलाव करेंगे और बहुत जल्द सर्वसम्मति से चक्का जाम का निर्णय लिया जाएगा। धरना में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### लकड़ी के लापता हो जाने के बाद दर्ज हुआ अपहरण का मुकदमा

**गया, एजेंसी।** शेरघाटी के बार भरारी गांव से एक लड़की के लापता हो जाने के बाद परिजनों ने डुमरिया थानाक्षेत्र के सोनपुर इमलियाडीह गांव के एक युवक आकाश कुमार के खिलाफ अपहरण के आरोप में नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी है। शेरघाटी की प्रभारी थानेदार कुमारी रागिनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शिकायत के मुताबिक लड़की पढ़ने के लिए 14 अक्तूबर को घर से निकली थी, उसके बाद घर नहीं लौटी। उन्होंने बताया कि अपहृत लड़की को बरामद करने के साथ अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### बालू घाट पर छापेमारी में ट्रेक्टर जब्त, धंधेबाजों के खिलाफ मुकदमा

**गया, एजेंसी।** शेरघाटी थानाक्षेत्र के कठार नदी बालू घाट पर छापेमारी के बाद पुलिस ने बालू के अवैध खनन एंव परिवहन के मामले में तीन धंधेबाजों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस कार्रवाई के दौरान मौके से बालू लदा एक ट्रेक्टर भी जब्त किया गया था। जब्त किए गए ट्रेक्टर को पुलिस ने थाने लाया है। शेरघाटी की प्रभारी थानेदार कुमारी रागिनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खान निरीक्षक प्रखर प्रज्ञा के साथ की गई छापेमारी के दौरान पुलिस ने ट्रेक्टर जब्त किया था। इससे पूर्व पुलिस को मोरहर नदी के कठार घाट से बालू का अवैध उत्खनन और परिवहन किए जाने की सूचना मिली थी। बता दें कि हाल ही में सरकार ने बालू-गिट्टी के अवैध खनन और परिवहन को रोकने के लिए सख्त नियमों को अपनाया है। पुलिस ने बताया कि बालू खनन के मामले में शंकर सिंह, अनुज सिंह और प्रदीप सिंह के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। अभियुक्तों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

### नशे में बांकेबाजार पुलिस की गाड़ी चला रहा चालक गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** बांकेबाजार थाने के ड्राइवर विशाल कुमार को पुलिस ने शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की यह कार्रवाई बांकेबाजार के एक स्थानीय नागरिक की शिकायत पर की गई है। पिछले दो महीने के अंदर अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचारिता के आरोपों को लेकर कार्रवाई झेलने वाले पुलिसकर्मियों की संख्या चार हो गई है। इससे पहले अगस्त में बांकेबाजार के थानेदार अमित कुमार को अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। उसके कुछ सप्ताह बाद ही एएसआई अमित कुमार और सिपाही रवि कुमार को भी स्वेच्छाचारिता के मामले में निलंबन की कार्रवाई झेलनी पड़ी थी। नवीनतम मामले में रिपोर्ट है कि गुरुवार की देर रात पुलिस गश्ती दल की गाड़ी चलाते हुए चालक बाजार में नशेबाजी कर रहा था। इसको लेकर एक स्थानीय नागरिक ने पुलिस के वरीय अधिकारियों को शिकायत की। इसके बाद शेरघाटी के सहायक पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह आधी रात में बांके बाजार थाना पहुंचे और पुलिस ड्राइवर की अल्कोहल जांच कराई। जांच में नशे की पुष्टि होने के बाद चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सहायक पुलिस अधीक्षक ने चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस चालक को कोर्ट में पेश किया गया है। बांकेबाजार के भरोसेमंद सूत्रों ने बताया कि चालक की नशेबाजी का मामला तब सामने आया जब वह बाजार में पुलिस गश्ती दल की गाड़ी चला रहा था। इसी दौरान एक निजी नर्सिंग होम के बाहर खड़ी बाइक के स्वामित्व को लेकर पुलिस चालक की स्थानीय लोगों के साथ कहासुनी हो गई। नागरिकों ने नोटिस किया कि चालक नशे में है और उल्टी सीधी बातें कर रहा है।

# पूर्णिया में धनतेरस पर 2.5 करोड़ की लैंड क्रूजर बुक

## मुजफ्फरपुर में कारों पर 50 हजार से ज्यादा डिस्काउंट, बक्सर में 199 में बाइक ले आइए



**बिहार, एजेंसी।** आज से 10 दिन पूरे देशभर में धरतेरस है। इसे लेकर बिहार में अभी से ही आकर्षक ऑफर के साथ बाजार सज चुका है। दुकानदार अपने कस्टमर को लुभाने के लिए तरह-तरह के ऑफर दे रहे हैं। हीरा, सोना, चांदी, बाइक, कार, टीवी, फ्रिज, वाशिंग समेत स्टील के बर्तन, पीतल के बर्तन तक के छोटे-बड़े विक्रेता भी डिमांड के अनुरूप ही अपने स्टॉक पूरा किए हुए हैं। धनतेरस को लेकर दुकानदारों ने एडवांड बुकिंग भी शुरू कर दी है। पूर्णिया में ढाई करोड़ की लैंड क्रूजर की बुकिंग जोर पकड़ी हुई है। तो वहीं नालंदा में सोने की गहने की मेकिंग चार्ज पर 30त्न का डिस्काउंट दिया जा रहा है। आरा में भी सोने और डायमंड की ज्लेवरी पर विशेष प्रकार की छूट दी जा रही है। इसके अलावा लोग मनपसंद बाइक-कार, ज्वेलरी, फ्रिज, टीवी आदी की भी एडवांस बुकिंग करा रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक सामानों पर भी दुकानदार अपने कस्टमर को आकर्षक ऑफर देकर लुभा रहे हैं। स्थिति यह है कि हर दुकान में एडवांस बुकिंग की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। पढ़िए इस धनतेरश की तैयारी में 7 शहर के बाजार का हाल...

### नालंदा में सोने के गहने की मेकिंग चार्ज पर 30प्रतिशत तक की छूट

धनतेरस पर्व को लेकर आभूषण विक्रेता ग्राहकों को सोने-चांदी और डायमंड के गहने पर छूट देकर आकर्षित कर रहे हैं। सोने के गहने के मेकिंग चार्ज पर 30प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। वहीं, डायमंड ज्वेलरी के गहने के वैल्यू पर 30प्रतिशत तक की छूट है। जबकि चांदी के गहनों पर मेकिंग चार्ज पर 50प्रतिशत तक डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसके साथ ही चांदी के सामान पर 60प्रतिशत तक की छूट है। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक आइटम की बात करें तो कस्टमर को आकर्षित करने के लिए दुकानदारों की ओर से ब्रांडेड टीवी, फ्रीज, वाशिंग मशीन समेत अन्य उपकरणों पर ऑनलाइन से भी सस्ते में देने का ऑफर दिया जा रहा है। जबकि खरीदारी पर बाइक से कार खरीदने तक का ऑफर दिया जा रहा है।

### 200 से अधिक गाड़ियां बुक

स्कूटी, बाइक और कार की बात करें तो ग्राहक अपनी मनपसंद की कलर और मॉडल की बुकिंग करा रहे हैं। अलग-अलग कंपनियों की बाइक और स्कूटी की बुकिंग शुरू हो चुकी है। करीब 200 से अधिक गाड़ियां बुक हो चुकी है। 15 से 20 करोड़ रुपए का कारोबार नालंदा में इस धनतेरस पर होने की उम्मीद है।

### मुजफ्फरपुर में बाइक के साथ एक हेलमेट और एक ट्रॉली बैग फ्री

मुजफ्फरपुर के बजाज शोरूम में धनतेरस को देखते हुए ऑफर देने की शुरुआत कर दी गई है। एक बाइक की खरीद पर एक हेलमेट और एक ट्रॉली बैग दी जा रही है। तिरहुत बजाज के विशेष गोणिका ने बताया कि धनतेरस को लेकर 42 गाड़ियों की बुकिंग हो चुकी है। बाकी अभी आगे भी ग्राहक की संख्या बढ़ेगी। नवरात्र में 80 गाड़ी की बिक्री हुई थी। वहीं, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीनों पर भी ऑफर दिया जा रहा है। इसके अलावा फाइनेंस कंपनी भी लोगों को सामान की खरीद पर एक ईएमआई फ्री कर रही है। आदित्य विजन के स्टोर मैनेजर अनुज कुमार ने बताया कि अभी बुकिंग पर ऑफर चल रहा है। बुकिंग करने पर सुनिश्चित उपहार भी दिया जाएगा। इसके अलावा जो भी सामान की बिलिंग करा रहे हैं, उस पर भी कुछ ना कुछ गिफ्ट दिया जा रहा है।

### 50 से अधिक टीवी, फ्रिज और वॉशिंग मशीन की बुकिंग

लक्की ड्रॉ कूपन भी दिया जा रहा है। धनतेरस पर अभी 50 से अधिक टीवी, फ्रिज और वॉशिंग मशीन की बुकिंग हो चुकी है। इधर, एक शो रूम में धनतेरस को लेकर लगभग 200 कार की बुकिंग हो चुकी है। नवरात्र में 125 कार की बिक्री हुई थी।

### आरा में रोज हो रही सामान की एडवांस बुकिंग

आरा के गोपाली चौक स्थित एक ज्वेलरी शॉप पर ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर दिया जा रहा है। वहीं, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन के छोटे-बड़े दुकानों पर भी विशेष छूट दी जा रही है। कतीरा स्थित आदित्य विजन के मैनेजर गगन सिंह ने बताया कि %हर साल के मुताबिक इस साल धनतेरस सबसे अच्छा रहेगा। हमारी शॉप में हर बुकिंग पर सुनिश्चित उपहार, टीवी पर एक्स्ट्रा वारंटी, हर खरीदारी पर एक्स्ट्रा डिस्काउंट, क्रेडिट कार्ड से 22 हजार से ज्यादा कैश बैक, बजाज फाइनेंस से दो ईएमआई ऑफ, हर छोटे-बड़े खरीद पर उपहार ग्राहकों को मिलेंगे। अभी तक 80 से 90 सामान की एडवांस बुकिंग हो चुकी है। वहीं, जेल रोड स्थित गीता रेडियो पर ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर दिया जा रहा है। खरीदारी के दिन फ्री इंस्टॉलेशन, छोटे बड़े खरीददारी पर सुनिश्चित उपहार, हर प्रोडेक्ट पर वारंटी की समय सीमा में बढ़ोतरी। इस दुकान पर भी अभी तक 30 प्रोडक्ट की एडवांस बुकिंग हो चुकी है। वहीं, एक बाइक शो रूम में एडवांस बुकिंग पर सुनिश्चित उपहार और धनतेरस के दिन खरीदारी पर 10 ग्राम के चांदी के सिक्के दिए जाएंगे।

### बक्सर में 199 रुपए के डाउन पेमेंट पर बाइक

बक्सर में धनतेरस को लेकर बाइक, कार और इलेक्ट्रॉनिक सामान के शो रूम पूरी तरह से सजा दिए गए हैं। साथ ही अधिक बिक्री को लेकर आकर्षक ऑफर भी दिया जा रहा है। आदित्य विजन शो रूम के असिस्टेंट मैनेजर अखिलेश मिश्रा ने बताया कि फिलहाल 100 प्रोडक्ट की एडवांस बुकिंग हो चुकी है। बक्सर हीरो बाइक शो रूम के मालिक सौरभ पहवा ने बताया कि ग्राहक को हर खरीद पर चांदी के सिक्के के साथ 199 रुपए के डाउन पेमेंट पर बाइक दी जा रही है। अभी तक 100 से अधिक बाइक धनतेरस के लिए बुक हो चुकी है। आगे भी बुकिंग जारी है।

### होंडा बाइक की खरीद पर एक साइकिल फ्री

वहीं, होंडा बाइक एजेंसी द्वारा किसी भी खरीद पर एक साइकिल ग्राहक को दी जा रही है। सेल्स मैनेजर अरविंद उपाध्याय ने बताया कि बाइक की इंजन पर 10 साल की गारंटी दे रहे हैं। 0 ब्याज दर और 0 डाउन पेमेंट पर बाइक ग्राहक को दी जा रही है। धनतेरस तक 200 बाइक बुकिंग का अनुमान लगाया है। वहीं, 100 से अधिक बाइक बुक हो चुकी है। वहीं, मारुति सुजुकी एजेंसी में भी ग्राहकों के लिए अच्छे ऑफर हैं। स्क्रेच कार्ड पर एक ग्राम गोल्ड सिक्का और ट्रॉली बैग, कार की कीमत में 30 से 40 हजार रुपए की कमी की गई है। अभी तक 15 गाड़ियां बुक हो चुकी है।

### जमुई में धनतेरस को लेकर ई-बाइक की बाजार में बढ़ी मांग

धनतेरस को लेकर बाइक-कार और इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकानें सज गई हैं। बाइक शोरूम में सबसे ज्यादा ई-बाइक की बुकिंग हो रही है। वहीं, यामहा शोरूम में एक बाइक की खरीदारी पर एक स्मार्ट वॉच के अलावा अलग-अलग मॉडल पर 3-5 हजार रुपए तक की छूट दी जा रही है।

इधर, सोना-चांदी के विक्रेता रिंकू कुमार भगत ने बताया कि %सोने की कीमत में बढ़ोतरी हुई है। लेकिन ग्राहकों की कमी नहीं है। 50प्रतिशत से अधिक बुकिंग हो चुकी है।%

इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स पर 40प्रतिशत तक का डिस्काउंट

पूर्णिया के एक इलेक्ट्रोनिक शो रूम की ओर से ग्राहकों के लिए धनतेरस ऑफर के तौर पर 20-24 अक्टूबर तक के लिए सभी तरह के प्रोडक्ट्स पर लोन मेला लगाया जा रहा है। इन प्रोडक्ट्स की खरीद पर कस्टमर्स को आकर्षक उपहार भी दिए जाएंगे।

इलेक्ट्रॉनिक से जुड़े मार्केट में फ्रिज, वाशिंग मशीन, टीवी, इनवर्टर और फर्नीचर की काफी डिमांड है। आम दिनों में ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स पर 10-20प्रतिशत तक का डिस्काउंट होता है। लेकिन, धनतेरस को लेकर 40प्रतिशत तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के ऑनर सुनील कुमार ने बताया कि %40 से 50 हजार या उससे ऊपर की रेंज के प्रोडक्ट्स की खरीद पर ग्राहकों के लिए आकर्षक उपहार हैं। ऐसे प्रोडक्ट्स की 150 से अधिक बुकिंग हो चुकी है। पूर्णिया में 8,999 की डाउन पेमेंट कर ग्राहक रॉयल इनफिल्ड, क्लासिक एंड मेटयोर जैसी बाइक घर ले जा सकते हैं। बतौर ऑफर 5.99प्रतिशत का इंट्रेस रेट लगेगा। आकर्षक उपहार भी ग्राहकों को दिया जा रहा है। अब तक 300 रॉयल इनफिल्ड की बुकिंग हो चुकी है। वहीं, यामहा की 20 गाड़ियों की बुकिंग हो चुकी है।



# भागलपुर में 25 हजार का इनामी कुख्यात गिरफ्तार

## पुलिस टीम पर किया था हमला, एसआईटी ने हथियार और कारतूस के साथ पकड़ा

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर के पुलिस जिला नवगछिया के नदी थाना क्षेत्र के निवासी सीटू यादव हत्याकांड मामले के कुख्यात 25 हजार के इनामी को नौगछिया पुलिस ने अवैध हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी शुक्रवार देर रात नवगछिया एसपी पूरण झा ने पीसी कर दी। बताया कि नौगछिया पुलिस ने टॉप टेन में फरार और 25 हजार के इनामी कुख्यात अपराधी पप्पू यादव को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है । 29 नवंबर 2023 को नदी थाना अंतर्गत बड़ी खाल दियारा स्थित शबनम यादव के बासा के पास कुख्यात अपराधी शबनम यादव गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ आया था। लूटपाट एवं बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की साजिश थी। कुल 8 अपराधियों में से दो को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया था। आठ के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया था। अनुसंधान में संलिप्त 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था और कांड में फरार चल रहे अन्य 2 अभियुक्त पप्पू यादव सहित अन्य के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही थी। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए गठित एसआईटी और नदी थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने शुक्रवार को पप्पू यादव को दो अवैध हथियार और आठ कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

### कुख्यात पप्पू यादव का आपराधिक इतिहास

एसपी ने कहा कि पप्पू यादव का आपराधिक इतिहास रहा है। पूछताछ के दौरान पप्पू यादव ने अपना अपराध स्वीकार किया है। 6 अप्रैल 2020 को नदी थाना क्षेत्र के ढोढी या में दो पक्षों के बीच आपसी वर्चस्व को लेकर फायरिंग की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम पर जानलेवा हमला पप्पू यादव ने किया था। इसको लेकर नदी थाना में मामला भी दर्ज है। 13 अगस्त 2024 को डोडिया निवासी सिंटू यादव की गोली मारकर हत्या की थी। 7 जनवरी 2024 को नदी थाना क्षेत्र के बड़ी खाल दियारा स्थित शबनम यादव के बासा के पास अपराधी शबनम यादव और गिरोह के अन्य सदस्यों ने लूटपाट और बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की साजिश रची थी। हथियार का भय दिखाकर रंगदारी की मांग और फसल लूट लेने की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर जानलेवा हमला और फायरिंग की गई थी। इस मामले में भी वह फरार चल रहा था।

# बिहार को केंद्र सरकार का तोहफा, राज्य में 1 हजार करोड़ से बनेंगे 45 नए पावर सब-स्टेशन



**पटना, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने बिहार में लगभग एक हजार करोड़ की बिजली परियोजनाओं की सैद्धांतिक सहमति दे दी है। शुक्रवार को दिल्ली में ऊर्जा मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल के साथ बिहार बिजली कंपनी के अधिकारियों का बैठक में इन परियोजनाओं की मंजूरी मिली। इन परियोजनाओं की डीपीआर तैयार है। जल्द ही इसके लिए केंद्र सरकार से राशि मांगी जाएगी। केंद्र की स्वीकृति के साथ ही पटना शहर में 10, जबकि राज्य के अन्य शहरों में 35 यानी कुल 45 नए पावर सब-स्टेशन बनने का रास्ता साफ हो गया। राज्य में हर घर बिजली पहुंच गई। शहरी इलाके में 23-24 घंटे तो ग्रामीण इलाकों में 20-22 घंटे बिजली रह रही है। मगर अधिक दूरी पर पावर सब-स्टेशन होने से बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। इस कारण ही कंपनी ने निर्णय लिया है कि बिहार में औसतन 30-35 किलोमीटर की दूरी पर एक सब-स्टेशन का निर्माण हो। कंपनी ने राज्य में 35 नए सब-स्टेशन बनाने का निर्णय लिया है। वहीं राजधानी पटना में दानापुर, फुलवारीशरीफ से लेकर पटना सिटी के बीच नई-नई दर्जनों कॉलोनी बस चुकी हैं। इसे देखते हुए कंपनी ने पेसू यानी शहरी इलाके में 10 नए पावर सब-स्टेशन बनाने का निर्णय लिया है। भागलपुर के पीरपैंती में 800 मेगावाट की तीन इकाई बनाई जानी है। बीते दिनों बिहार सरकार ने इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट बनाने का जिम्मा एक एजेंसी को दिया था। उसकी रिपोर्ट आ गई है। पीरपैंती में 24 सौ मेगावाट का बिजली घर बनाने के लिए केंद्र पहले ही राशि जारी कर चुका है। शुक्रवार की बैठक में इस नए बिजली घर के निर्माण पर भी मुहर लग गई। बैठक में नॉर्थ व साउथ बिहार में स्काडा का निर्माण होना है। इसके लिए 176 करोड़ की योजनाओं की मंजूरी मिल गई। वाल्मीकिनगर के थरूहट इलाके में 30-32 गांवों को सोलर बिजली दी जा रही है, लेकिन बैट्री कमजोर होने से यहां अक्सर बिजली आपूर्ति की शिकायत सामने आते रहती है। कंपनी ने इन सभी गांवों को ग्रिड से बिजली देने का निर्णय लिया है। इसके लिए भी केंद्र ने पीएम जनमन योजना के तहत आवश्यक राशि मंजूरी की है। राज्य के शहरी इलाकों में ईईएसएल की ओर से स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं। इसमें कई के ट्रेसलेस होने की बात भी बैठक में उठी। ईईएसएल ने जल्द ही इसके समाधान का आश्वासन दिया। चौसा बिजली घर से इसी वित्तीय वर्ष में उत्पादन शुरू हो सकता है। यहां से बिहार को 561 मेगावाट बिजली मिलेगी।

# हथियार के साथ दो बदमाशों को किया गिरफ्तार



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर पुलिस ने उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दक्षिण एकौना गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक देसी दोनाली बंदूक और एक रिवॉल्वर बरामद किया है। साथ ही दो बदमाशों को पकड़ा है। इसकी जानकारी एसपी राज ने दी है। उन्होंने बताया कि उदवंतनगर थाना के दक्षिण एकौना गांव निवासी आयुष कुमार उर्फ मुसा और आकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

**आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी**: बरामद दोनाली बंदूक व रिवॉल्वर देसी है। इसे लेकर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की है। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दक्षिण एकौना निवासी आयुष उर्फ मुसा अवैध हथियार लेकर कही जाने वाला है। इसके बाद थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। टीम ने आयुष उर्फ मुसा को गिरफ्तार कर उसके घर से हथियार बरामद किया गया। उसकी निशानदेही पर टीम ने छापेमारी कर आकाश कुमार को पकड़ा। बाद में उसकी निशानदेही पर उसके घर से एक दोनाली बंदूक बरामद किया गया। कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने पर पुलिस आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# कार ने कीर्तन मंडली को रौंदा, 6 की मौत:बांका में एक दर्जन से अधिक लोग जख्मी



## आक्रोशित भीड़ ने पुलिस वैन में लगाई आग

**बांका, एजेंसी।** बांका के फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र के नगरडीह के पास शुक्रवार देर शाम अनियंत्रित बोलेरो की चपेट में आने से कीर्तन मंडली के जत्थे में शामिल चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि भागलपुर ले जाने के क्रम में एक घायल युवती और एक महिला की मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक दर्जनों कांवरिया जख्मी है। घायलों को इलाज के लिए फुल्लीडुमर, अमरपुर और सदर अस्पताल बांका में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही शंभूगंज, अमरपुर और फुल्लीडुमर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। इस बीच घटना से आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर पथराव करते हुए काफी दूर तक खदेड़ दिया। इतना ही नहीं आक्रोशित लोगों ने पुलिस के112 के जीप को आग के हवाले कर दिया। जबकि एक एम्बुलेंस को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं अमरपुर थाने के एक दारोगा को मारकर जख्मी कर दिया। जख्मी दारोगा को इलाज के लिए अमरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर घटना की सूचना मिलते ही बांका के एसडीएम अविनाश कुमार और एसडीपीओ बिपीन बिहारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशितों को समझा कर स्थिति को नियंत्रित किया।

**आक्रोशित भीड़ को समझाकर स्थिति की नियंत्रित :** घटना के संबंध में बताया जाता है कि सभी कांवरिया ट्रैक्टर को रथनुमा सजाकर भजन कीर्तन करते जा रहे थे। इस बीच रात के अंधेरे में अनियंत्रित बोलेरो ने नगरडीह केपास कीर्तन मंडली को रौंद दिया। इस दुर्घटना में तीन महिला, एक युवती और एक पुरूष की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान ललिता देवी पति मोहनयादव, टुन्नी देवी पति अरुणपासवान, सुमित्रा देवी पति दिनेशयादव तीनों का घर मोहनपुर रजौन,लकी कुमारी अमरपुर शोभानपुर,रामचरण तांती रामचंद्रपुर इटहरी फुल्लीडुमर के रूप में हुई हैं।

घटना केबाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। धार्मिक पूर्ण माहौल पूरी तरहगमगीन हो गया। ऐसे में मौके परमौजूद लोग काफी उग्र हो गए। सूचना मिलते ही जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची की आक्रोशित लोग सबसे पहले पुलिस पर पथराव करते हुए उन्हें खदेड़ दिया। इस दौरानअमरपुर थाने के दारोगा बबन मांझी जख्मी हो गए। उनको सबसे पहले उठाकर अमरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके बाद पुलिस आक्रोशित भीड़ से थोड़ी दूर पर आकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही थी। सभी लोग केन्दुआर गांव के पास जमे हुए थे। इस बीच बांका के एसडीएमअविनाश कुमार और एसडीपीओ बिपीन बिहारी पुलिस बलों के साथ मौके पर पहुंचे। उसके बाद वे दोनों पुलिस पदाधिकारी के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों को समझाते हुए स्थिति कोनियंत्रित किया।

**आक्रोशितों ने पुलिस की जीप में लगा दी आग :** एसडीपीओ बिपीन बिहारी ने बताया की इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई। चार लोगों की घटना स्थल पर जबकि एक जख्मी की मायागंज अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गई। आक्रोशित लोगों ने 112 नंबर के पुलिस जीप को आग के हवाले कर दिया। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# कनाडा का दोमुंहापन

कनाडा में पदस्थापित भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा व कई अन्य राजनयिकों को वापस बुलाने और भारत में नियुक्त छह कनाडाई राजनयिकों के निष्कासन की कार्रवाई के बाद ट्रूडो सरकार को अब यह साफ हो जाना चाहिए कि नई दिल्ली उसके अनर्गल आरोपों व दुस्साहसिक कदमों का माकूल जवाब देने से पीछे नहीं हटेगी। भारत पिछले कई वर्षों से कनाडा में खालिस्तानी अलगाववादियों की बढ़ती गतिविधियों को लेकर ट्रूडो सरकार को आगाह करता रहा है, मगर ओटावा में बैठी ट्रूडो हुकूमत ने न सिर्फ इन चेतावनियों को नजरअंदाज किया, बल्कि पिछले साल जून में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए उसने भारत को कठघरे में खड़ा कर दिया। स्वयं प्रधानमंत्री ट्रूडो ने अपनी पार्लियामेंट में भारत पर आरोप लगाकर राजनयिक मर्यादाओं का उल्लंघन किया। यह सीधे-सीधे भारत राष्ट्र की छवि पर हमला था। इस घटना पर नई दिल्ली की त्वरित प्रतिक्रिया के बाद भी कनाडा सरकार ने संबंधों को सुधारने की कोई खास पहल नहीं की और दोनों देशों के आपसी रिश्ते हर बीतते दिन के साथ नीचे उतरते चले गए। सोमवार की कार्रवाई इसी की परिणति थी।भारत ने किन कुर्बानियों और मुश्किलों से पंजाब के आतंकवाद पर काबू पाया, कनाडा समेत पश्चिम के तमाम देश इससे वाकिफ हैं। भारत उस दौर की किसी आहट को स्वप्न में भी अब सहन नहीं कर सकता और यह उचित ही है। मगर कनाडा ने न सिर्फ भारतीय हितों की लगातार अनदेखी की, बल्कि उस निज्जर के लिए उसने दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ अपने रिश्तों को दांव पर लगा दिया, जिसके सिर पर भारत सरकार ने दस लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था? बताने की जरूरत नहीं कि ट्रूडो सरकार की उदासीनता के प्रति भारत इसलिए सब्र बांधे रहा, क्योंकि कनाडा में बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग बसते हैं, जो हिन्दुस्तान से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। जाहिर है, वहां के सिखों की बहुसंख्या किसी सूरत में पंजाब को फिर से उथल-पुथल का शिकार बनते नहीं देखना चाहेगी।इस पूरे प्रकरण में कनाडा सरकार, बल्कि पूरे पश्चिम का दोमुंहापन एक बार फिर सामने आया है। एक तरफ, तो वह आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई का दम भरता है और दूसरी ओर, निज्जर व गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसों की हिमायत में खड़ा हो जाता है।

## महंगाई की मार, खुदरा दर में हुई बढ़ोत्तरी

देश की आर्थिक स्थिति के आकलन में एक जरूरी पक्ष यह भी होना चाहिए कि आम लोग खानेपीने की चीजें खरीदने और उपभोग करने में कितना सहज महसूस करते हैं। मगर पिछले कुछ वर्षों से बाजार में जरूरी वस्तुओं की महंगाई की जैसी हालत है, उसमें लोगों के लिए अपना दो वक्त का उचित भोजन जुटा पाना एक चुनौती बन गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, खानेपीने का सामान महंगा होने की वजह से खुदरा महंगाई सितंबर महीने में बढ़ कर 5.49 फीसद पर पहुंच गई। पिछले नौ महीने में खुदरा महंगाई का यह सबसे ऊंचा स्तर है। इस पर काबू पाने के सरकारी दावों के बरक्स हकीकत क्या है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि भारतीय रिजर्व बैंक लगातार खुदरा महंगाई दो फीसद की कमी या बढ़ोतरी के साथ चार फीसद के स्तर पर बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। मगर यह चार फीसद की उस सीमा के पार पहुंच गई है। गौरतलब है कि बीते कुछ समय में रोजमर्रा की जरूरतों, खासकर खानेपीने की चीजों की कीमतों में तेजी से इजाफा हुआ है। महंगाई के मोर्चे पर कभी थोक बाजार के आंकड़ों में राहत के संकेत दिखाए जाते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि जरूरी चीजों की खुदरा कीमतों पर इसका शायद ही कोई बड़ा असर दिखता है। रोजगार और आय में कमी, इसके स्रोतों की अनिश्चितता या लंबे समय से स्थिरता की वजह से ज्यादातर लोगों के सामने खानेपीने के सामान की कीमतें चुनौती बन गई हैं और कुछ भी खरीदते हुए लोगों को अपनी क्रयशक्ति के बारे में सोचना पड़ता है। हालत यह है कि बाजार में सब्जियों की कीमतें जिस तरह आसमान छू रही हैं, उसमें बहुत सारे लोगों के लिए जरूरत से काफी कम खरीदना मजबूरी हो गई है। यह स्थिति तब है जब खानेपीने की चीजों को प्राथमिकता देने के क्रम में लोग कई बार घरेलू या अन्य जरूरतों को पूरा करने का मामला टाल देते हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि अर्थव्यवस्था और विकास की चकाचौंध में कितने लोग अपनी जगह बना पा रहे होंगे।

# कांग्रेस की गलत नीतियों का परिणाम है देश में आतंकवाद

(योगेंद्र योगी)

कांग्रेस के केंद्र और राज्यों में शासन के दौरान ही तीनों तरह का आतंक पनपा है। इसमें चंबल में डकैतों का काफी हद तक सफाया हो गया। जम्मू-कश्मीर में पाक परस्त और देश के कुछ राज्यों में नक्सली आतंक अब तेजी सीमिट रहा है। सुरक्षा बलों ने 4 अक्टूबर को नारायणपुर दंतेवाड़ा जिलों की सीमा पर 31 नक्सलियों को मार गिराया। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 24 साल बाद से किसी एक अभियान में माओवादियों आतंकियों की यह सर्वाधिक मौतों की संख्या है। इस घटना ने देश में आतंकवाद के घाव फिर से हरे कर दिए। देश में हर तरह की आतंकी वारदातें कांग्रेस के केंद्र और राज्यों में सत्ता में रहने के दौरान शुरु हुई। कांग्रेस की गलत नीतियों से ऐसी रक्तरंजित घटनाओं का परिणाम अभी तक देश भुगत रहा है। आतंकवाद चाहे जम्मू-कश्मीर का हो, नक्सलियों का, पूर्वोत्तर में या फिर पंजाब में खालिस्तान का रहा हो, देश ने कांग्रेस की गलतियों की भारी कीमत चुकाई है। इसी तरह दशकों तक तीन राज्यों में व्याप्त रहा चंबल की बीहड़ों में डकैतों के अपराधों का काला इतिहास भी कांग्रेस के शासन के दौरान लिखा गया। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि कांग्रेस ने इन गलतियों से सबक नहीं लिया। आतंकवाद चाहे जम्मू-कश्मीर में हो या फिर नक्सलियों का हो कांग्रेस ने कभी भी केंद्र की मोदी सरकार की तरह सख्ती नहीं दिखाई। इसके विपरीत कांग्रेस का रवैया वोट बैंक की राजनीति के कारण आतंक समर्थकों के प्रति सहानुभूति का रहा है। लापरवाही और उपेक्षापूर्ण नीतियों के साथ ही राजनीतिक फायदे के लिए की गई आतंकवाद की अवहेलना की कीमत कांग्रेस ने भी चुकाई है। 25 मई 2013 को, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के नक्सली विद्रोहियों ने छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में दरभा घाटी के झीरम घाटी में कांग्रेस नेताओं के काफिले पर हमला किया। इस हमले में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विद्या चरण शुक्ला, पूर्व राज्य मंत्री महेंद्र कर्मा और छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रमुख नंद कुमार पटेल की मौत हो गई। कांग्रेस के केंद्र और

> दशकों तक पूर्वोत्तर क्षेत्रीय आतंकियों की मार झेलता रहा। नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड, इसाक मुइवा ने एक स्वतंत्र नगालैंड की मांग करते हुए क्षेत्र में भारतीय सेना के ठिकानों पर कई हमले किए। सरकारी अधिकारियों के अनुसार 1992 से 2000 के बीच 599 नागरिकों, 235 सुरक्षाबलों और 862 आतंकवादियों ने अपनी जान गंवाई।

राज्यों में शासन के दौरान ही तीनों तरह का आतंक पनपा है। इसमें चंबल में डकैतों का काफी हद तक सफाया हो गया। जम्मू-कश्मीर में पाक परस्त और देश के कुछ राज्यों में नक्सली आतंक अब तेजी सीमिट रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार दोनों तरह के आतंकियों पर काफी हद तक लगाम लगाने में कामयाब रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक में कहा कि 2026 नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। शाह ने कहा कि 30 साल के बाद पहली बार वामपंथी उग्रवाद से मरने वाले लोगों की संख्या 100 से कम रही है। हिंसा की घटनाओं में करीब 53 फीसद की कमी आई है। नक्सली हिंसा से प्रभावित जिलों की संख्या 96 की जगह 42 जिले तक सीमित रह गई हैं। इन 42 जिलों में से 21 जिले नए बने हैं। इनमें से करीब 16 जिले ही नक्सल हिंसा से प्रभावित हैं। देश की सुरक्षा से संबंधित कांग्रेस की गलत नीतियों का परिणाम सिर्फ देश की आम अवाम को नहीं बल्कि केंद्र की भाजपा सरकार को भी भुगतना पड़ रहा है। केंद्र सरकार को आतंकियों से निपटने के लिए न सिर्फ करोड़ों रुपए बहाने पड़ रह हैं, बल्कि पुलिस और सुरक्षा बलों को काफी मानवीय क्षति उठानी पड़ी है। नक्सल आतंकवाद का उदय पश्चिमी बंगाल से कांग्रेस शासन के दौरान ही हुआ था। यह फैलते हुए देश के करीब आठ राज्यों में तक पहुंच गया। इनमें से ज्यादातर राज्यों और केंद्र में कांग्रेस की सरकार रही। कांग्रेस की तत्कालीन सरकारें नक्सलियों की रोकथाम करने में विफल रही। केंद्र और राज्य मिलकर काम नहीं कर सके। नक्सली देश के लिए नासूर बन गए। मौजूदा केंद्र की भाजपा गठबंधन सरकार ने खून-खराबा करने वाले नक्सलियों को जड़ से उखाड़ने की ठान ली है। नक्सली प्रभावित राज्यों की तरह जम्मू-कश्मीर भी आतंकवाद की आग में अभी तक सुलग रहा है। इस अशांत केंद्रशासित प्रदेश में आजादी के बाद से ही नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस का शासन रहा है। केंद्र की कांग्रेस और जम्मू-कश्मीर की सरकार आतंकियों को सबक सिखाने में पूरी तरह नाकाम रही। पाकिस्तान की शय पर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद ने सिर उठाया। नेशनल कांफ्रेंस, कांग्रेस और दूसरी क्षेत्रीय दल आतंकियों के प्रति नरम रवैया रखते रहे। आतंकियों के समर्थन में पत्थरबाजी की घटनाओं ने सुरक्षा बलों नुकसान पहुंचाया। धारा 370 और 35 ए के कारण विशेष दर्जा प्राप्त इस प्रदेश में यह कानून आंतकियों की ढाल बनता रहा है। आतंकी वारदातों के बावजूद कांग्रेस ने कभी भी इस कानून को खत्म करने का प्रयास नहीं किया। इसके विपरीत मुस्लिम वोटों के कारण कांग्रेस कभी भी भाजपा जैसी सख्ती नहीं दिखा पाई। नौबत यह आ गई कि पाकपरस्त आतंकी संगठनों ने केंद्र में कांग्रेस के शासन के दौरान देश में बम-धमाके करके कानून-व्यवस्था को छिन्न-भिन्न कर दिया। केंद्र की कांग्रेस सरकार की नाकामी और ढुलमुल सुरक्षा नीति के कारण देश की सुरक्षा व्यवस्था लगभग चौपट हो गई। पाकपरस्त आतंकियों के हौसले इतने बढ़ गए कि 13 दिसंबर, 2001 को दिल्ली के संसद भवन पर हुए आतंकी हमले में नौ लोगों की मौत हो गई। इसी तरह 26 नवंबर, 2008 को मुंबई में हुए आतंकी हमलों में कम से कम 174 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें 20 सुरक्षा बल कर्मी और 26 विदेशी नागरिक शामिल थे। डेढ़ दशक पहले तक आतंकियों ने कहर बरपा रखा था। कांग्रेस केंद्र और ज्यादतर राज्यों में सत्ता में रहने के बावजूद आतंकियों का खात्मा नहीं कर सकी। देश में आतंक का यह हाल था कि 2006 में देश के 608 जिलों में से कम से कम 232 जिले विभिन्न तीव्रता स्तर के विभिन्न विद्रोही और आतंकवादी गतिविधियों से त्रस्त थे। अगस्त 2008 में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एम.के. नारायणन का कहना था कि देश में 800 से अधिक आतंकवादी गुट सक्रिय हैं। 1980 के दशक में पंजाब में उग्रवाद ने जोर पकड़ लिया। केंद्र की कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण लंबे अर्से तक पंजाब आतंकवाद की आग में धधकता रहा। इसकी प्रतिक्रिया स्वरूप न सिर्फ हजारों निर्दोष लोग मारे गए बल्कि प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए इंदिरा गांधी को जान से हाथ धोना पड़ा। पंजाब में दर्जनों कांग्रेस के नेताओं को भी अपनी जान गंवा कर खालिस्तानी आतंकवाद की कीमत चुकानी पड़ी। पंजाब की तरह पूर्वोत्तर को संभालने में केंद्र की कांग्रेस सरकार विफल रही। इन राज्यों की समस्याओं का समाधान कांग्रेस नहीं कर सकी।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्षीय यात्रा पर एक नजर

(विजय कुमार)

डा. हेडगेवार ने संगठन को देश की राष्ट्रीय आवश्यकता कहा था। उन्होंने कोलकाता में क्रांतिकारियों और नागपुर में कांग्रेस के साथ काम कियाय पर संघ स्थापना के बाद पूरी शक्ति यहीं लगा दी। इसलिए पहले 50 साल संघ ने केवल संगठन किया। 2025 की विजयादशमी पर संघ सौवें वर्ष में पहुंच रहा है। ऐसे में इस यात्रा के कुछ पड़ावों पर नजर डालना उचित होगा। डा. हेडगेवार ने संगठन को देश की राष्ट्रीय आवश्यकता कहा था। उन्होंने कोलकाता में क्रांतिकारियों और नागपुर में कांग्रेस के साथ काम कियाय पर संघ स्थापना के बाद पूरी शक्ति यहीं लगा दी। इसलिए पहले 50 साल संघ ने केवल संगठन किया। यद्यपि अन्य बहुत कुछ भी शीर्ष नेतृत्व के मन में था। दत्तोपंत ठेंगड़ी इसे प्रोगेसिव अनफोल्डमेंट कहते थे। इसके बल पर ही संघ ने हर संकट को झेला। इस पहले दौर में स्वयंसेवकों ने कई संस्थाएं बनायीं। इनमें राष्ट्र सेविका समिति (1936), अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (1949), वनवासी कल्याण आश्रम (1952), भारतीय मजदूर संघ (1955), विश्व हिन्दू परिषद (1964), भारतीय जनसंघ/भारतीय जनता पार्टी (1951), सरस्वती शिशु मंदिर/विद्या भारती (1952) आदि प्रमुख हैं। यद्यपि इनके संविधान, कोष, पदाधिकारी, कार्यक्रम आदि अलग हैंय पर प्रेरणा संघ की ही है। संघ पर प्रतिबंधः संघ पर 1932 और 1940 में शासन ने आंशिक प्रतिबंध लगायेय पर वे ज्यादा नहीं चले। 1948 में गांधी जी की हत्या के बाद फिर प्रतिबंध लगा। तब शासन, प्रशासन और जनता संघ के विरोध में थी। प्रचार माध्यम सरकार के पास थे। संघ के पास अपनी बात कहने का कोई साधन नहीं था। फिर भी संघ ने सत्याग्रह से सरकार को झुका दिया। पर फिर शाखा के साथ ही समविचारी संगठनों का विस्तार और प्रभाव बढ़ने लगा। इसीलिए जब 1975 में इंदिरा गांधी ने संघ पर प्रतिबंध लगाया, तो जनता संघ के साथ रही। संघ ने फिर सत्याग्रह किया। जनता डर से चुप थी, पर चुनाव में उसका आक्रोश फूट पड़ा और इंदिरा गांधी हार गयी। यह संगठन के बल पर ही हुआ। समाज में बढ़ती स्वीकार्यता का लाभ उठाकर संघ ने संगठन को फैलाया तथा स्वयंसेवकों ने अनेक नयी संस्थाएं बनायीं। 1992 में बाबरी विध्वंस के बाद सरकार ने फिर प्रतिबंध लगाया, जिसे न्यायालय ने ही खारिज कर दिया। 1975 और 1992 के प्रतिबंध से संघ के संगठन और प्रभाव में वृद्धि हुई। उसका नाम दुनिया भर में फैल गया। 1977 के बादः इसे हम दूसरा 50 वर्षीय कालखंड कह सकते हैं। संघ ने अनुभव किया कि हमारा काम समाज के निर्धन वर्ग में नहीं है। इनकी पहली जरूरत रोटी, कपड़ा और मकान है। इस कारण लोग धर्मांतरण भी कर लेते हैं। मीनाक्षीपुरम् कांड इसका उदाहरण था। अतः सेवा के क्षेत्र में प्रवेश किया गया। 1989 में डा. हेडगेवार की जन्मशती पर 'सेवा निधि' एकत्र कर हजारों पूर्णकालिक कार्यकर्ता बनाये गये। निर्धन बस्तियों को 'सेवा बस्ती' कहकर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के हजारों छोटे प्रकल्प शुरू किये। अब इनकी संख्या डेढ़ लाख से भी अधिक है। अब सैकड़ों बड़े प्रकल्प भी हैं, पर मुख्य ध्यान छोटी इकाइयों पर ही है। केवल संघ ही नहीं, तो सभी समविचारी संस्थाएं सेवा कार्य कर रही हैं। यहां से पुरुष और महिला कार्यकर्ता भी आगे आ रहे हैं। कुछ चुनौतियांः 1947 में देश विभाजन एक बड़ी चुनौती थी। इस दौरान पंजाब और सिंध में संघ ने सीमित शक्ति के बावजूद लाखों हिन्दुओं की रक्षा की, महिलाओं की लाज बचाई और उनका पुनर्स्थापन किया। बंगाल में शक्ति कम होने से यह प्रभावी ढंग से नहीं हो सका। 1950 में प्रतिबंध हटने पर कुछ लोगों का विचार था कि निर्दोष होते हुए भी संसद या किसी विधानसभा में कोई हमारे पक्ष में नहीं बोला। अतः हमें शाखा छोड़कर केवल राजनीति करनी चाहिएय पर सरसंघचालक श्री गुरुजी नहीं माने। यद्यपि संघ ने फिर राजनीति में भी कई लोगों को भेजा, पार्टी भी बनायी, पर राजनेताओं और दलों का जो हाल है, उससे श्री गुरुजी की बात प्रमाणित हो रही है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक-5527

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | | 8 | | 5 | | 7 | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | 1 | 5 | 7 | | | | | |
| | | 2 | | | | | 3 | 1 |
| | 4 | | 3 | 9 | 1 | | 5 | |
| 1 | 5 | | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | 3 | 4 | |
| 8 | | | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | 4 | | 6 | 7 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5526

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 5527

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | ■ |
| | | | ■ | | ■ | 7 | 8 |
| | ■ | 9 | 10 | | ■ | 11 | |
| 12 | 13 | ■ | | ■ | 14 | | ■ |
| ■ | | ■ | 15 | | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | 19 | |
| 20 | | 21 | | ■ | 22 | | |
| | ■ | | ■ | 23 | | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. यह देश का पुराना बैंक है (7)
6. मुस्लिम की ईश प्रार्थना जो पांच बार नित्य होती है (3)
7. जो कुछ करने से रोका गया हो, वर्जित , निषिद्ध (2)
9. उचित, ठीक, यथेष्ट, योग्य, लायक (3)
11. पुराणानुसार पांचवां लोक जहां से मनुष्य उत्पन्न होते है, सर्वसाधारण लोक (2)
12. शहद, शराब, मद्य, मकरंद (2)
14. मात्र, केवल, महज, खालिस (2)
15. आक्रमण करने की क्रिया, वार (3)
18. विरक्त, खिन्न, दुखी (3)
20. होश-हवास, चेतना, अंगानुभूति (4)
22. संकल्प करना, इरादा करना (3)
23. अनेक वस्तुओं में से किसी एक वस्तु की चुनना (3)

**ऊपर से नीचे**
1. आय, आमदनी (4)
2. तिब्बत के बौद्धों का धर्माचार्य (2)
3. पाचनशक्ति, पाचन किया (3)
4. हस्तक्षेफ, टोक, प्रवेश, घुसना (3)
5. ओछा, तुच्छ, अनुदार (4)
8. एक प्रकार की मोटी खमीरी रोटी जो तंदूर में पकाई जाती है (2)
10. धोखा देने का इंतजाम, षड्यंत्र (5)
13. संगीत में स्वर के अरोह-अवरोह का विशेष ढंग, लगन (2)
14. लज्जित न होना, विरोध करना (5)
16. अपशब्द कहकर बुरा-भला कहना (3)
17. दानव, दैत्य, राक्षस, असभ्य व्यक्ति (3)
19. दनु नामक पत्नी से उत्पन्न कश्यप ऋषि के पुत्र जिसका निवास स्थान रसातल तथा ष्वे(2)
21. नव ग्रहों में से एक इस राजपुत्र भी कहा गया है (3)

### वर्ग पहेली 5526 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑ | स्ट्रे | लि | या | ■ | प | स | ली |
| न | ■ | ए | क | बा | र | गी | ■ |
| ला | भ | ■ | ■ | र | ■ | ना | ते |
| इ | ला | का | ■ | बा | गी | ■ | ज |
| न | ई | ■ | भा | र | त | ■ | ज |
| ■ | क | ला | ■ | हो | ■ | का | बा |
| प | र | म | ■ | ना | ज | नी | न |
| ता | ना | ■ | ■ | ■ | मा | न | ■ |

# आज का राशिफल

### मेष
आज लाभ होगा और आपका मन नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन खुश होगा। कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी और आपका स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम की वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन व मनोर्थ सिद्धि होगी। कार्यालय में भी आपके अनुकूल वातावरण बनेगा तथा आपके साथी आपका सहयोग करेंगे।

### वृष
आज करियर के मामले में लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं। शाम तक कारोबार में आपकी कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। आपको सरकार की तरफ से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास के योग काफी अच्छे हैं और आपकी तरक्की होगी। परिवार के लोगों के साथ दिन आनंद में बीतेगा। समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी और भाग्य साथ देगा।

### मिथुन
आज लाभ होगा और दिन आपके लिए काफी व्यस्तता से भरा होगा। आपका मन धर्म आध्यात्म के मामले में लगेगा और पढ़ाई-लिखाई करने के लिए आप थोड़ा सा समय निकाल पाएंगे। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके मामले में रुकावट डालने का प्रयास करेंगे और आपको परेशानियां हो सकती है।

### तुला
आज दिन काफी रचनात्मक है और आपको लाभ होने से मन प्रसन्न होगा। आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आपका दिन बीतेगा और आपको सही मात्रा में लाभ होगा। जो काम आपको सबसे प्रिय है आज वही करने को मिलेगा और आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी।

### वृश्चिक
आज दिन संयम और सावधानी का है। आस पास के लोगों से टकराव की नौबत न आएं, इस बात का ध्यान रखें। वरना आपको फिर से परेशानी हो सकती है। आपके घर में किसी शुभ कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्म विश्वास के साथ कार्य करें। रात के समय स्थिति में और भी सुधार होगा और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। और आपको सीनियर से पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

### धनु
आज दिन काफी सृजनात्मक है और आप जो भी काम लगन के साथ करेंगे, तो आपको उसका फल आज ही मिल जाएगा। आपके अधूरे काम निपट जाएंगे और कारोबार में कुछ महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। रात में आपको शादी में जाने का अवसर मिल सकता है। धन में वृद्धि होने से मन प्रसन्न रहेगा।

### कर्क
आज हर काम सावधानी से करने का है। मौसम परिवर्तन की वजह से आप बीमार हो सकते हैं। खान पान में लापरवाही न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें। आपके धन में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा। आपको कारोबार में सफलता प्राप्त होगी।

### सिंह
आज दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग कर आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा। आपको हर कार्य में लाभ होगा।

### कन्या
आज दिन सामान्य है। भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचायेगा। आपको रोजाना के काम आराम से पूरे कर लेने चाहिए। आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखे। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से आपकी बेचैनी बढ़ सकती है।

### मकर
आज दिन लाभ से भरा है और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। जमीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। आपको इस मामले में बेहद सावधान रहने की सलाह है।

### कुंभ
आज दिन सावधानी और सतर्कता का है। आपको लाभ होगा और योजनाएं सफल होंगी। आपको कारोबार में बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नए काम पूरे हो सकते हैं। आपको किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आस-पास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है। अपने काम पर फोकस करें।

### मीन
आज दिन लाभ से भरा होगा और आपकी आर्थिक स्थिति काफी बेहतर होगी। दिन काफी मजबूत है और आपको दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए प्रयास करते रहें तो आपको सफलता प्राप्त होगी। आपके परिवार में सुख शांति रहेगी और आप अपने जीवन में तरक्की करेंगे। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी। मन खुश रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, थाना-रातू, जिला-रांची (झारखंड) में मुद्रित एवं 204, निर्मला इन्कलेव अपार्टमेंट, रानी बागान, बरियातु, रांची (झारखंड) से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

## संक्षिप्त समाचार

### पंचायत सचिव को डीएम ने किया निलंबित, इस लापरवाही पर गिरी गाज

**अलीगढ़ , एजेंसी।** घरों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से स्वच्छता शुल्क का समय से संग्रहण न करने, सही ढंग से कूड़ा संग्रहण न कराए जाने पर डीएम ने पंचायत सचिव महेश चंद्र शर्मा को निलंबित कर दिया। उन्होंने सीडीओ को अनिवार्य सेवानिवृत्ति का प्रस्ताव तैयार करने और व्यय धनराशि की जांच के निर्देश दिए हैं।

डीएम विशाख जी. ने 18 अक्टूबर को सीडीओ प्रखर कुमार सिंह के साथ उच्च प्राथमिक विद्यालय धनीपुर, एबीएसए कार्यालय धनीपुर, प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र नगला रिसालदार, बहुउद्देशीय ग्रामीण सहकारी समिति जुलुपुर सिहौर, पंचायत सचिवालय कमालपुर, पुष्टाहार उत्पादन इकाई बौनेर व गो आश्रय स्थल मूसेपुर जलाल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान गांवों का भ्रमण कर कूड़ा संग्रहण व साफ-सफाई की जानकारी ली।

उच्च प्राथमिक विद्यालय धनीपुर के निरीक्षण के दौरान 299 पंजीकृत विद्यार्थियों के सापेक्ष 155 छात्र-छात्राएं ही उपस्थित मिलीं। डीएम ने यहां पीने के पानी की टंकी के पास मिली गंदगी को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए। एबीएसए कार्यालय धनीपुर के औचक निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी रामशंकर कुरील अनुपस्थित मिले। एबीएसए कार्यालय में संबद्ध किए गए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उनके तैनाती स्थल पर वापस करने के निर्देश दिए गए।

### रावण की अस्थियां नरौरा के नरवज घाट में गंगा नदी में कीं विसर्जित, भंडारा कर बांटा प्रसाद



**अलीगढ़, एजेंसी।** 18 अक्टूबर को रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों और कलाकारों ने रावण की अस्थियां नरौरा के नरवज घाट में गंगा नदी में विसर्जित कीं। इसके बाद गंगा घाट पर ही भंडारा कर प्रसाद बांटा। अकराबाद की रामलीला में रावण के पुतला दहन के समय कमेटी के पदाधिकारी और मंचन करने वाले कलाकार पुतले से कुछ लकड़ियां निकाल लेते हैं। रामलीला के मंचन को विश्राम देने के बाद अस्थि स्वरूप रावण के पुतले की इन लकड़ियों को गंगा नदी में विसर्जित किया जाता है। रावण का पुतला दशहरा के दिन दहन किया गया था। 12 अक्तूबर राज्याभिषेक के साथ रामलीला को विश्राम दिया गया था। रामलीला के मंचन में स्थानीय कलाकार थे। इनमें से कई दुकानदार हैं। शुक्रवार को बाजार की बंदी रहती है, इसलिए शुक्रवार को सभी कलाकारों सहित रामलीला कमेटी के पदाधिकारी बस से नरौरा के नरवर घाट पहुंचे थे। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष भंवरपाल सिंह यादव, राहुल, शर्मा, कुलदीप यादव, विष्णु उपाध्याय, अनिल यादव, अशोक शर्मा उर्फ रावण, अमित वार्ष्णेय, छोटू यादव, जीतू सिंह, चंद्रपाल सेलानी, डॉ. राकेश बाबू, अमर मौर्य मौजूद रहे।

### पुलिस नहीं पेश कर पाई बरामदगी का सबूत, सेक्स रैकेट संचालक जमानत पर छूटा

**प्रयागराज , एजेंसी।** सिविल लाइंस में स्पा सेंटर की आड़ में सेक्स रैकेट संचालन के मामले में पुलिस की चूक आरोपियों के लिए राहत का सबब बन गई। पुलिस की ओर से कोर्ट में बरामदगी के संबंध वीडियो रिकॉर्डिंग के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई। न ही कार्रवाई के समय किसी स्वतंत्र साक्षी की मौजूदगी का उल्लेख किया गया। नतीजतन सेक्स रैकेट संचालक को जमानत दे दी गई।

30 अगस्त को सिविल लाइंस में बस अड्डे के ठीक बगल स्थित पी स्क्वॉयर मॉल में चार स्पा सेंटरों में सेक्स रैकेट के संचालन का भंडाफोड़ हुआ था। पुलिस ने दावा किया कि मौके से 13 महिलाओं समेत 20 लोग गिरफ्तार किए गए। साथ ही नगदी व मोबाइल फोन के अलावा कंडोम, सेक्सवर्धक दवाएं, ग्लब्स आदि बरामद हुए।

# सीएम योगी ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता, प्रदेश अध्यक्ष ने घर जाकर बनाया पार्टी का सक्रिय सदस्य



**लखनऊ , एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी पूरे प्रदेश और देश में सदस्य बनाने का काम कर रही है। इस कड़ी में शरिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ पार्टी के सदस्य बने। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने सीएम के घर जाकर उन्हें पार्टी का सदस्य बनाया। पार्टी का गमछा ओढ़ाने के साथ एक पेपर पर उन्हें सदस्य बनाने की औपचारिकता पूरी की गई। सीएम के अलावा डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

मालूम हो कि कुछ दिन पहले पीएम नरेंद्र मोदी भी भाजपा के सदस्य बने थे। प्रदेश के सभी मंत्री अलग-अलग क्षेत्र मं सदस्य बनाने का काम कर रहे हैं।

### पीएम ने ग्रहण की थी सदस्यता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते दिनों भारतीय जनता पार्टी के पहले सक्रिय सदस्य बने और साथ ही उन्होंने पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत भी की। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और इस अभियान के संयोजक महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में सक्रिय सदस्यता ली।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिये खुद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, सक्रिय सदस्यता अभियान के द्वारा सक्रिय कार्यकर्ता बनाने की अनूठी पहल! मुझे बहुत गर्व है कि आज पार्टी कार्यकर्ता के रूप में मैं बीजेपी 4 इंडिया का पहला सक्रिय सदस्य बना और इस अभियान की शुरुआत की। सक्रिय सदस्यता अभियान से पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को देश के लिए काम करने की नई ऊर्जा मिलेगी। सक्रिय सदस्य बनने पर ही आपको मंडल, जिला और राष्ट्रीय स्तर पर सेवा का अवसर मिलने वाला है।

### साइबर ठग भी रह गया हैरान...तंबाकू व्यापारी ने दिखाई ऐसी चालाकी, डिजिटल अरेस्ट होने से बच गया

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के एक तंबाकू कारोबारी शुक्रवार को समझदारी से डिजिटल अरेस्ट होने से बच गए। उन्हें साइबर अपराधी ने पुलिस अधिकारी बनकर कॉल किया था। कूरियर में ड्रग्स पकड़े जाने और 250 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग में फंसने का आरोप लगाकर धमकाया। वीडियो कॉल पर कारोबारी समझ गए। उन्होंने तुरंत कॉल काट दिया। मामले में साइबर सेल में शिकायत भी की।

लोहामंडी निवासी अतुल कुमार का तंबाकू का थोक का व्यापार है। उनके पास बृहस्पतिवार को शाम सवा चार बजे कॉल आई। कहा कि वह फेडेक्स कूरियर सर्विस के हेल्पलाइन नंबर से बोल रहा है। एक कूरियर मुंबई से ताइवान भेजा गया है। उनका आधार कार्ड लगा है, इसमें ड्रग्स पकड़ी गई है।

इसके साथ ही कहा कि कॉल मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारी को ट्रांसफर की जा रही है। एक युवक ने वीडियो कॉल पर बात की। वह पुलिस की वर्दी में था। पीछे पुलिस का बोर्ड भी नजर आ रहा था। उसने कहा कि आपको डिजिटल अरेस्ट किया गया है। उन्होंने इसका कारण पूछा।

इस पर बताया कि उनके आधार कार्ड से दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु में बैंक खाते खोले गए हैं। 250 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग का मामला बन रहा है। कारोबारी के मुताबिक, उन्हें पता था कि साइबर अपराधी इस तरह से ठगी कर रहे हैं।

## साइबर ठगों के लिए सिर्फ एक धर्म के लोगों के नाम पर ही खरीदी जा रही थीं सिम, व्हाट्सएप चैट से बड़ा खुलासा

**आगरा , एजेंसी।** आगरा एसटीएफ यूनिट मेवात और दिल्ली के साइबर ठगों का नेटवर्क पता करने में लगी है। जेल भेजे गए आरोपी शाहरुख के मोबाइल से चौंकाने वाली जानकारी हाथ लगी है। मेवात के साइबर ठग एक विशेष धर्म के लोगों की आईडी पर ली गई सिम और खातों की मांग करते थे। इससे पुलिस की जांच हो तो उनके धर्म के लोगों पर कोई मुसीबत नहीं आए। एक ही धर्म के लोगों पर कार्रवाई हो।

एसटीएफ आगरा यूनिट ने केंद्रीय हिंदी संस्थान मार्ग से अछनेरा निवासी शाहरुख को गिरफ्तार किया था। इंस्पेक्टर ने बताया कि सिम सप्लायर को पकड़ने के लिए टीम को जाल बिछाना पड़ा। उससे ग्राहक बनकर संपर्क किया गया। उससे 10 सिम मांगे गए। वह सिम बेचने कार से आया, तभी पकड़ लिया गया। उससे सिम के साथ 14 एटीएम कार्ड भी बरामद किए गए थे। वह मेवात, हरियाणा के साइबर ठगों को सिम उपलब्ध कराता था। वह गांव-गांव घूमकर मजदूर तबके के लोगों को लालच देता था। कहता था कि वह खाता खुलवाएंगे तो 2 से 5 हजार तक मिल जाएंगे। सरकारी योजना का भी लाभ मिलेगा। कमीशन भी देगा। मगर, साइबर ठगी के बाद ही खाते ब्लाक हो जाते थे। उधर, पुलिस ने शाहरुख के साथी तेजवीर की तलाश तेज कर दी है। शुक्रवार को मथुरा में दबिश दी गई। मगर, वो फरार हो गया।

**अपनों को बचाते हैं आरोपी:** एसटीएफ को व्हाट्सएप की जांच में पता चला कि मेवात का रद्दा नामक युवक सिम मंगाता था। वह व्हाट्सएप कॉल पर भी बातचीत करता था। एक चैट में साइबर ठग ने 5 खातों की मांग की। इस पर शाहरुख ने लिखा था कि पांच खाते हैं। इनकी 1-1 लाख रुपये की लिमिट भी है। खाते दूसरे धर्म के लोगों के हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जानकारी एसटीएफ मुख्यालय को दी गई है। आशंका है कि साइबर ठग एक ही धर्म के लोगों के नाम पर लिए गए सिम और आईडी का प्रयोग करते हैं, जिससे उनके धर्म के लोग न फंसें।

## पुलिस हिरासत में लॉरेंस विश्नोई गैंग के शार्प शूटर का बयान हुआ वायरल, एसएसपी ने तीन पुलिसकर्मी किए निलंबित



**मथुरा , एजेंसी।** मथुरा में शुक्रवार को लॉरेंस बिश्नोई और हाशिम बाबा गैंग का शार्प शूटर रिफाइनरी और दिल्ली पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। शार्प शूटर मथुरा में किससे मिलने के लिए आ रहा था, यह सवाल भी खड़ा हुआ है। जबकि स्थानीय पुलिस शार्प शूटर को आगरा से दिल्ली जाने की बात कहकर पल्ला झाड़ रही है। जबकि खुफिया एजेंसियां उसके स्लीपिंग मॉड्यूल्स की जांच में जुटी हैं।

पुलिस हिरासत में शार्प शूटर योगेश ने बताया कि जरायम की दुनिया में संबंधों के आधार पर काम होता है। लॉरेंस बिश्नोई और हाशिम बाबा गैंग कोई छोटा गैंग नहीं है। गैंग के सदस्य इंडिया से बाहर भी है। यहां तक कि अमेरिका तक उसका नेटवर्क फैला हुआ है। उसने साफ कहा कि कोई स्वयं अपराधी नहीं बनता बल्कि पुलिस अपराधी बनाती है। उसे भी पुलिस ने ही अपराधी बनाया।

शार्प शूटर योगेश के इस बयान का वीडियो बना लिया गया, जो वायरल हो रहा है। पुलिस हिरासत में ये वीडियो कैसे बना और आखिर पुलिसवाले क्या करते रहे, इसे लेकर एसएसपी ने सख्त कार्रवाई की है। एसएसपी शैलेश पांडे ने तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।

## घर से कचरा उठ रहा या नहीं: सिर्फ 12 फीसदी घरों की स्कैनिंग, ब्लैक लिस्ट होगी कंपनी...एक महीने का दिया समय



**आगरा, एजेंसी।** आगरा में घर से कचरा उठाने के दावे कागजी हैं। हर घर के बाहर आरएफआईडी टैग लगा है, जिसे स्कैन नहीं किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी की 35वीं बोर्ड बैठक में मंडलायुक्त ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने एक महीने का अल्टीमेटम कंपनी को देने और उसके बाद कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के ऑडिट पर चर्चा हुई। उसके बाद सभी 19 प्रोजेक्ट की समीक्षा की गई। पाया गया कि 4.25 लाख घरों में से केवल 60 हजार घरों से ही कचरा उठाने का संदेश इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर पर पहुंच रहा है। पाया गया कि स्मार्ट सिटी के 63 चौराहों को एटीसीएस मोड पर ही चलाने के लिए कहा था, लेकिन सिर्फ 13 जंक्शन ही ब्लिंक मोड पर चल रहे हैं। आईटीएमएस में 43 चौराहों से कम चालान किए जा रहे हैं। मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने आरटीओ से चालान और जुर्माने में कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है।

**सड़क न बनाने पर खत्म होगा अनुबंध:** आगरा स्मार्ट सिटी ने ताजगंज के एबीडी क्षेत्र में छोटी सड़क का जीर्णोद्धार करने के लिए संस्था को अनुबंधित किया था। कंपनी ने काम नहीं किया। इस पर मंडलायुक्त ने कंपनी को अनुबंध समाप्त करने (टर्मिनेट) करने के निर्देश दिए। एप मेरा आगरा के बारे में बताया गया कि 16140 लोगों ने इसे मोबाइल में डाउनलोड किया है। मंडलायुक्त ने एप पर की गई शिकायतों व निस्तारण से संबंधित रिपोर्ट मांगी है। पब्लिक बाइसिकल शेयरिंग स्टेशन के बारे में बताया कि 6 स्टेशनों पर 63 बाइसिकल दौड़ रही हैं। सितंबर तक 1.68 लाख की आय मिली है। बैठक में सीईओ अंकित खंडेलवाल, एडीए उपाध्यक्ष एम अरुन्मौली, जीएम अरुण कुमार, नोडल अधिकारी बीएल गुप्ता मौजूद रहे।

## दिवाली पर नहीं होगी नगदी की दिक्कत, 285 एटीएम में बैंक डालेंगे 85 करोड़

**अलीगढ़ , एजेंसी।** धनतेरस, छोटी दिवाली, बड़ी दिवाली, गोवर्धन पूजा, भैया दोज और फिर छठ पूजा के त्योहार में कैश की मांग को देखते हुए बैंकों ने अतिरिक्त इंतजाम कर लिए हैं। महानगर के सभी 285 एटीएम में कैश भरा जाएगा। सामान्य दिनों में एक एटीएम में दस लाख का कैश डाला जाता है लेकिन त्योहारों को देखते हुए हर एटीएम में करीब तीस लाख कैश भरने की तैयारी है। इस हिसाब से करीब 85 करोड़ की रकम एटीएम में डाली जाएगी। दिवाली के त्योहार पर सबसे ज्यादा खरीद होती है। धनतेरस से एक दिन पहले ही लोग खरीदी करने लगते हैं। ऐसे में एटीएम से कैश निकासी भी बढ़ जाती है। ऐसे में कई बार एटीएम बूथ के बाहर नो कैश के बोर्ड लग जाते हैं। जिससे लोगों को दिक्कत होती है। पैसा निकालने के लिए भी लोग एक बूथ से दूसरे बूथ तक दौड़ते रहते हैं। लेकिन इस बार बैंकों ने पहले से ही मुकम्मल इंतजाम कर लिए हैं।

### अचल ताल स्थित एसवी कॉलेज के सामने पीएनबी एटीएम में नहीं पैसे

जिलाधिकारी विशाख जी ने लीड बैंक मैनेजर को जिले के सभी एटीएम में पर्याप्त राशि रहे यह सुनिश्चित करने कहा है। एसबीआई, पंजाब नेशनल बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ आर्यावृत, पंजाब एंड सिंध बैंक, यूको बैंक, एचडीएफसी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, यश बैंक भी दिवाली की तैयारियों में जुटे हैं। पीएनबी के रीजनल मैनेजर राजेश कुमार ने बताया कि अलीगढ़ में उनके 46 एटीएम बूथ हैं। यह एटीएम 10 से 40 लाख तक की क्षमता के हैं। सभी एटीएम फुल करा दिए जाएंगे।

## बरेली गोलीकांड: गैंगस्टर और रासुका की तैयारी करती रही पुलिस

### जमानत पर बाहर आ गए आरोपी

**बरेली , एजेंसी।** बरेली में 22 जून को पीलीभीत बाइपास पर बेशकीमती प्लॉट को लेकर प्रॉपर्टी डीलर राजीव राना और आदित्य उपाध्याय के गुटों के बीच फायरिंग हुई थी। इसके बाद इज्जतनगर पुलिस आरोपियों पर रासुका और गैंगस्टर लगाने की तैयारी करती रह गई। मुख्य आरोपी राजीव राना व आदित्य उपाध्याय जमानत पर जेल से बाहर आ गए हैं। चर्चा यह भी हो रही है कि दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया है।

गोलीकांड में से पुलिस ने केपी यादव, धनुष उर्फ गुर्गा, गोला घोसी, ललित सक्सेना और सुभाष लोधी आदि बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया था। पुलिस ने सितंबर में 35 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। मुख्य आरोपी राजीव राना और आदित्य उपाध्याय हाईकोर्ट से जमानत ले आए।

पुलिस गैंगस्टर और रासुका लगाने की बात करती रह गई, दोनों जेल से रिहा हो गए। इनकी रिहाई से अन्य आरोपियों को भी जमानत मिल सकती है। अगर पुलिस अब गैंगस्टर और रासुका की कार्रवाई करती है दो आरोपियों की दोबारा गिरफ्तारी करनी होगी।

**... तो शहर में बढ़ेंगे अवैध कब्जे:** गोलीकांड में शामिल बदमाश भूमाफिया के इशारे पर भूखंडों पर कब्जा करते हैं। इसके बदले भूमाफिया बदमाशों को रकम देते हैं। पीलीभीत बाइपास वाले प्लॉट पर भी बदमाशों को रुपये देकर बुलाया गया था। पुलिस से भी सेटिंग की गई थी। अब गिरोह पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो शहर में अवैध कब्जे के मामले बढ़ेंगे।

**सोशल मीडिया पर दिखाया टशन:** जेल से छूटते ही एक पक्ष के लोगों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर टशन दिखाना शुरू कर दिया है। एक मुख्य आरोपी के समर्थक ने फेसबुक पर उसका फोटो डालकर लिखा है- किंग इज बैक। वहीं, मुख्य आरोपी ने एक रील बनाकर बादशाह फिल्म का गाना लगाया है।

## महिला सिपाही की थी मुरादाबाद में मिली सिर कटी लाश, हिरासत में कांस्टेबल पति, रामपुर में तैनात थे दोनों

**मुरादाबाद , एजेंसी।** मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र के देवापुर गांव के जंगल में मिली सिर कटी लाश रामपुर में तैनात सिपाही रिंकी की निकली। वह पिछले एक सप्ताह से लापता थी। रामपुर के सिविल लाइंस थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज थी। इस मामले में पुलिस महिला सिपाही के पति सोनू से पूछताछ कर रही है। सोनू भी रामपुर में ही तैनात है।

कटघर के देवापुर गांव के लोग बृहस्पतिवार को खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने रामगंगा नदी किनारे जाकर देखा तो झाड़ियों में एक महिला का शव पड़ा था। सूचना मिलने पर एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह और सीओ कटघर आशीष प्रताप सिंह मौके पर पहुंच गए और उन्होंने फोरेंसिक टीम व एसओजी को भी मौके पर बुला लिया था। टीमों ने आसपास सर्च ऑपरेशन चलाया तो घटनास्थल से 30 मीटर की दूरी पर महिला का सिर पड़ा मिला। पुलिस टीमों ने इसके बाद भी सर्च ऑपरेशन जारी रखा था। इस दौरान कल्याणपुर बाईपास पुल के पास रामगंगा में करीब सात साल के बच्चे का शव पड़ा मिल गया था। शुक्रवार को पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि बच्चे के सिर पर हमलाकर हत्या की गई थी जबकि महिला की गला काटकर हत्या की गई थी। पुलिस ने मृतकों की पहचान के लिए सोशल मीडिया पर मृतकों के फोटो शेयर किए थे। इसी दौरान रामपुर के सिविल लाइंस थाने की पुलिस अलर्ट हो गई। पुलिस ने देखा कि उनके क्षेत्र से रिंकी नाम की एक महिला सिपाही गायब चल रही है। पुलिस टीम रिंकी के पति सोनू और परिवार के लोगों को लेकर पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। पति ने शव देखकर शिनाख्त करने से इनकार कर दिया। जिससे पुलिस को सिपाही पर शक गहरा गया। इसके महिला के मायके वालों को बुलाकर शिनाख्त कराई गई। उन्होंने शव देखकर मृतक की पहचान रिंकी के रूप में कर ली।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष की वजह से जीते..., यह बात कहने पर भड़के सपा विधायक, उंगली दिखाने पर हुई तू-तू मैं-मैं

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर की सीसामऊ विधानसभा सीट पर उपचुनाव में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए शुक्रवार को सपा की समीक्षा बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। यहां सपा विधायकों, प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों के बीच जमकर बहस हुई।

पहले पार्टी के आर्यनगर क्षेत्र के विधायक अमिताभ बाजपेई अपने प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की बात पर उखड़ गए। इसके बाद महानगर अध्यक्ष फजल महमूद ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव के प्रचार के आखिरी दिनों में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के महानगर आने से कैंट की हारी हुई सीट पार्टी की जीत में बदल गई।

इस बात से कैंट के सपा विधायक मोहम्मद हसन रूमी भी भड़क उठे। महानगर अध्यक्ष फजल महमूद उंगली दिखाकर बात करने से मामला और बिगड़ गया। इस पर विधायक अमिताभ बाजपेई और हसन रूमी ने कहा कि तमीज से बात करो। विधायकों के विरोध को देखते हुए उनके समर्थकों ने भी मंच पर आकर नारेबाजी शुरू कर दी। बैठक में रूमी का कहना रहा कि उनकी जीत को सिर्फ राष्ट्रीय अध्यक्ष के आने से क्यों जोड़ रहे हैं। अमिताभ बाजपेई ने प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल से कहा कि समीक्षा बैठक में ऐसी बातें नहीं की जानी चाहिए।



वहीं, जब विधायक अमिताभ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पार्टी के अंदर कोई मनमुटाव और विरोध नहीं है। लेकिन हंगामे की बात पर वह चुप्पी साध गए। उधर, कैंट विधायक हसन रूमी ने तो अपना मोबाइल ही स्विच ऑफ कर लिया। दरअसल, जिस समय प्रदेश अध्यक्ष सीसामऊ उप चुनाव को लेकर बनाई गई पदाधिकारियों की टीम की सूची लेकर समीक्षा कर रहे थे उसी समय अमिताभ बाजपेई ने माइक से बोला कि जिन पदाधिकारियों की सूची प्रदेश अध्यक्ष लेकर आए हैं, वही सूची जिला और पुलिस प्रशासन के पास भी। उन सभी को प्रशासन की ओर से परेशान किया जा रहा है। ऐसे में समीक्षा बैठक खुले में नहीं बंद कमरे में की जानी चाहिए। इस पर प्रदेश अध्यक्ष ने अमिताभ से कहा कि यहां इस तरह की बात मत कीजिए। इस पर अमिताभ ने हाथ में पकड़े हुए माइक को झटके से टेबल पर फेंकने की स्टाइल में रख दिया और वहां से बाहर आ गए। उनके साथ उनके समर्थक भी नारेबाजी करते हुए निकल आए। इस मामले में महानगर अध्यक्ष फजल महमूद और राष्ट्रीय सचिव अपर्णा जैन ने दोनों विधायकों पर दोष मढ़ते हुए इसकी शिकायत राष्ट्रीय अध्यक्ष से करने की बात कही।

### फर्जी एनकाउंटर कर विपक्ष पर दबाव बना रही प्रदेश सरकार - श्यामलाल

सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की तैयारी को लेकर सपा ने शुक्रवार को समीक्षा बैठक व पीडीए मिशन युवा टीम का सम्मेलन चमनगंज में किया। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि यह उपचुनाव प्रदेश भाजपा सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी। पाटी की प्रत्याशी नसीम सोलंकी रिकार्ड मतों से जीत हासिल करेंगी। सरकार विपक्ष के नेताओं व कार्यकर्ताओं का फर्जी एनकाउंटर करके दबाव बना रही है। सांसद जितेंद्र दोहरे ने कहा कि प्रदेश में अपराधों का ग्राफ लगातार तेजी से बढ़ रहा है। सपा विधानसभा क्षेत्र प्रभारी राजेंद्र कुमार ने कहा कि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से जनता की कमर टूट गई है।



# भूल भुलैया 3-सिंघम अगेन के टकराव से नाखुश हैं बज्मी? रोहित शेट्टी की फिल्म को लेकर कहा

**निर्देशक अनीस बज्मी वर्तमान में अपनी फिल्म भूल भुलैया 3 की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। हॉरर कॉमेडी फेंचाइजी की तीसरी किस्त में रूह बाबा के रूप में कार्तिक आर्यन की वापसी है। फिल्म में कार्तिक, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित नेने के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे।**

भूल भुलैया 3, 1 नवंबर, 2024 को अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन के साथ टकराने के लिए तैयार है। इस टकराव पर अब अनीस बज्मी ने खुलकर बात की है। साथ ही अपने बयान से हर का ध्यान आकर्षित करते नजर आए हैं। एक हालिया इंटरव्यू में अनीस बज्मी ने कहा कि वह रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन को देखने वाले पहले व्यक्ति होंगे। अनीस बज्मी ने साफ किया कि दो बड़ी फिल्में पहले भी एक ही दिन रिलीज हुई हैं और सफल भी रही हैं। उन्हें उम्मीद है कि भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन दोनों ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेंगी।
अनीस बज्मी ने कहा, मैं क्लैश जैसे शब्दों पर विश्वास नहीं करता। सिंघम अगेन से जुड़े बहुत से लोग मेरे दोस्त हैं। मुझे यकीन है कि उन्होंने जबर्दस्त एक्शन वाली एक महंगी फिल्म बनाई है। मैं सिंघम अगेन देखने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा, और मुझे उम्मीद है कि दर्शक दोनों फिल्में देखेंगे। उसी बातचीत में, अनीस ने आगे खुलासा किया कि क्या उन्होंने भूल भुलैया 2 के बाद तीसरी किस्त में तब्बू को कास्ट करने पर विचार किया। निर्देशक ने कहा, तब्बू जी एक शानदार अभिनेत्री और मेरी प्रिय मित्र हैं। भूल भुलैया 2 की सफलता में उनके प्रदर्शन की बहुत बड़ी भूमिका थी। लेकिन वह बिंदु जहां मैंने उनके किरदार को छोड़ दिया था, उसे आगे ले जाना उचित नहीं होगा। आकाश कौशिक द्वारा लिखित और अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित भूल भुलैया 3 दिवाली 2024 के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में कार्तिक आर्यन के अलावा, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित, राजपाल यादव, तृप्ति डिमरी, विजय राज, संजय मिश्रा और अश्विनी कालसेकर जैसे सितारे भी मुख्य भूमिका में हैं। कथित तौर पर भूल भुलैया 3 का बजट 150 करोड़ रुपये है।



# आलिया भट्ट ने कृति सेनन को उनके प्रोडक्शन की पहली फिल्म दो पत्ती के लिए दी बधाई

आलिया भट्ट फिलहाल जिगरा में नजर आ रही हैं, जिसमें उनके साथ वेदांग रैना भी मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म को मिले-जुले रिव्यू मिल रहे हैं। इस बीच आलिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कृति सेनन को उनके प्रोडक्शन की पहली फिल्म दो पत्ती के लिए बधाई दी और साथ ही एक खास नोट भी लिखा। हाल ही में मेकर्स ने दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज किया। प्रशंसकों को दो पत्ती का सस्पेंस से भरपूर ड्रामा काफी पसंद आ रहा है। आलिया ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ट्रेलर साझा किया और लिखा, आपके पहले प्रोडक्शन के लिए बधाई-कृति सेनन। इसे देखने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकती। दो पत्ती इस साल की सबसे प्रतीक्षित रिलीज में से एक है। इस फिल्म में काजोल एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाती नजर आएंगी, जबकि कृति इस फिल्म में डबल रोल में नजर आएंगी। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित, दो पत्ती को कृति और कनिका ढिल्लन द्वारा समर्थित किया गया है। देवीपुर में सेट, दो पत्ती रहस्य, रोमांच और ड्रामा से भरपूर एक मर्डर मिस्ट्री के इर्द-गिर्द घूमती है। काजोल एक पुलिस वाली की भूमिका में हैं, जिसे एक मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने का काम सौंपा जाता है, जैसे-जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, दर्शकों को कृति की सौम्या और शहीर शेख की ध्रुव से मिलवाया जाता है। यह जोड़ा एक-दूसरे से बहुत प्यार करता है, लेकिन जब सौम्या की जुड़वां बहन तस्वीर में आती है तो कहानी एक अलग मोड़ लेती है। उनके निजी और वैवाहिक जीवन में तबाही मचा जाती है, जिससे चीजें बिगड़ जाती हैं। कहानी इस बात के इर्द-गिर्द घूमती है कि कैसे ध्रुव को हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार किया जाता है और कैसे काजोल जुड़वां बहनों के मामले को सुलझाती है। दो पत्ती से कृति और कनिका ढिल्लन ने निर्माता के रूप में अपनी शुरुआत की हैं। कनिका ने एक इंटरव्यू में कहा, दो पत्ती एक बहुत ही खास प्रोजेक्ट है और अपने दर्शकों को एक बेहतरीन कहानी देने से बड़ी संतुष्टि और कुछ नहीं हो सकती, जो रोमांचकारी और देखने में काफी दिलचस्प हो। इस फिल्म में आप कृति को एक ऐसे अवतार में देखेंगे, जो रोमांच से भरा होगा, जिसे आपने पहले कभी अनुभव नहीं किया होगा। वहीं काजोल को लेखक-निर्माता के रूप में देखना बहुत खुशी की बात है।



# पिता मुकेश गौतम के लिए बेहद खुश और भावुक हैं यामी गौतम

अभिनेत्री यामी गौतम अपने पिता मुकेश गौतम के राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने से बेहद खुश हैं। सोशल मीडिया पर अपने पिता की प्रशंसा करने के बाद अभिनेत्री ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर पिता के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार के साथ दो तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर यामी गौतम ने बताया कि वह अपने पिता के राष्ट्रीय पुरस्कार पाने पर काफी खुश हैं। इसके साथ ही वह इस पल को लेकर वह भावुक भी हैं। यामी गौतम के पिता मुकेश गौतम ने अपनी फिल्म बागी दी धी के लिए सर्वश्रेष्ठ पंजाबी फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर अभिनेत्री ने कैप्शन में एक लंबा नोट भी लिखा 'काश मैं बता पाती कि इस समय मेरा दिल कितना खुश और भावुक है।' 'मेरे पिता मुकेश गौतम का राष्ट्रीय पुरस्कार जीतना, इस बात का सच्चा प्रमाण है कि समय की कसौटी पर खरा उतरने और इसे साकार करने के लिए आपको किसी और की नहीं बल्कि अंतरात्मा की जरूरत होती है।' 'मेरे पिता की नैतिकता, काम के प्रति जुनून और जीवन में ईमानदारी उनकी सबसे बड़ी संपत्ति है और उनके बच्चों के लिए सबसे महत्वपूर्ण विरासत भी है।' यामी ने बताया 'मेरे सबसे अच्छे मार्गदर्शक होने से लेकर ट्रेन में अकेले चढ़ने के लिए सबसे स्पष्ट निर्देश देना हो, सफर के दौरान उनके कुछ सबसे यादगार अनुभव, चाहे कितनी भी कठिन परिस्थितियां रही हों, अपना सर्वश्रेष्ठ देने की क्षमता, हर हाल में खुश रहना हमें आपने ही सिखाया।





# अंकिता लोखंडे ने बताया सेल्फ लव है सबसे बेहतरीन

टीवी जगत की खूबसूरत अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने हाल ही में साड़ी में सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा की हैं। लेटेस्ट पोस्ट में उन्होंने एक वीडियो शेयर की है। पवित्र रिश्ता की अर्चना ने बताया कि सेल्फ लव सबसे बेहतरीन तरह का प्यार है। इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो साझा कर पवित्र रिश्ता से घर-घर लोकप्रिय हुई अंकिता लोखंडे ने कैप्शन में लिखा 'सेल्फ लव सबसे बेहतरीन तरह का प्यार है, मैं जैसी हूं, बिल्कुल वैसी ही हूं और सेल्फ लव मुझ पर अच्छा लगता है। साथ ही उन्होंने लिखा, सेल्फ लव स्वार्थ नहीं है, यह महत्वपूर्ण है और सेल्फ लव मुझ पर अच्छा लगता है। साड़ी के साथ अंकिता ने मुलायम, कर्ल बालों को स्टाइल किया, जो उन पर काफी फब रहा है। वीडियो के अलावा अंकिता ने कुछ खूबसूरत साड़ी की तस्वीरें भी साझा कीं, इसमें एक्ट्रेस पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीरों में टीवी कलाकार खूबसूरत लग रही हैं। सोशल मीडिया पर प्रशंसक अंकिता की तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। प्रशंसकों ने कमेंट सेक्शन को अंकिता लोखंडे की प्रशंसा से भर दिया। वर्ष 1984 में जन्मीं अंकिता लोखंडे को पवित्र रिश्ता से घर-घर पहचान मिली। शो में उनका नाम अर्चना था और उनके साथ लीड रोल में सुशांत सिंह राजपूत थे।

# सेंसर बोर्ड से पास हुई कंगना रनौत की इमरजेंसी, जल्द होगा प्रदर्शन तिथि का ऐलान

कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को लेकर हुए विवाद की वजह से फिल्म की रिलीज टाल दी गई थी। ये फिल्म 6 सितंबर को रिलीज होनी थी लेकिन सिख समुदाय की आपत्ति की वजह से इसे टाल दिया गया था। मामला कोर्ट में था। हालांकि, अब कंगना और उनके फैंस के लिए खुशी की खबर ये है कि फिल्म को सेंसर बोर्ड ने हरी झंडी दे दी है। फिल्म की रिलीज की तारीख अब जल्द ही तय होगी। कंगना रनौत ने एक्स पर पोस्ट कर बताया है कि फिल्म को सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिल गया है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए लिखा, हमें ये बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमें सेंसर बोर्ड से हमारी फिल्म इमरजेंसी के लिए सर्टिफिकेट मिल गया है। हम जल्द ही फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा करेंगे। आपके सब्र और सपोर्ट के लिए शुक्रिया। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर ये बताया गया था कि फिल्म 6 सितंबर को रिलीज होगी। लेकिन फिल्म पर सिख समुदाय ने आपत्ति की थी, जिसके बाद फिल्म की रिलीज को टाल दिया गया था। मामला मध्य प्रदेश की हाईकोर्ट तक पहुंच गया। इसके बाद फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी गई। जानकारी के मुताबिक सेंसर बोर्ड ने फिल्म को सर्टिफिकेट देने के लिए कुछ शर्तें भी रखी थीं, और कुछ सीन में आपत्ति जताते हुए मेकर्स को कुछ उनमें बदलाव के लिए सुझाव भी दिए थे।





# श्रद्धा कपूर नहीं कियारा आडवाणी और शरवरी वाघ होंगी धूम 4 का हिस्सा

धूम फेंचाइजी की चौथी किस्त धूम 4 उत्साह की लहर पैदा कर रही है। हालांकि, आधिकारिक घोषणा का अभी भी इंतजार है। रणबीर कपूर के एक्शन से भरपूर फेंचाइजी में शामिल होने की अफवाहों के साथ यह फिल्म कई महीनों से चर्चा का विषय बनी हुई है। शुरुआती रिपोर्टों में सुझाव दिया गया था कि श्रद्धा कपूर को उनकी को-स्टार के रूप में लिया जा सकता है, जिससे चर्चा पैदा हो सकती है। यह जोड़ी साल 2023 में तू झूठी मैं मक्कार में अपनी ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री से धमाल मचा चुकी है। हालांकि, नवीनतम अफवाहें एक अलग कास्टिंग लाइनअप का सुझाव देती हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, श्रद्धा कपूर अब धूम 4 की दौड़ में नहीं हैं। श्रद्धा के बजाए कियारा आडवाणी और शरवरी वाघ को फिल्म की प्रमुख महिलाओं के रूप में माना जा रहा है। इसमें एक अभिनेत्री कॉप और दूसरी खलनायक की भूमिका में नजर आएंगी। रिपोर्ट से ये साफ नहीं हो सका है कि कौन सी अभिनेत्री पुलिसवाली और कौन सी खलनायक की भूमिका निभाएंगी। वहीं, इन रिपोर्ट्स पर अभी आधिकारिक मुहर लगना भी बाकी है।

## सोशल मीडिया यूजर्स ने दी प्रतिक्रिया

प्रशंसकों ने अपनी राय व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया, कुछ ने शरवरी वाघ की संभावित भागीदारी के लिए उत्साह दिखाया, जबकि अन्य ने कियारा आडवाणी की कास्टिंग पर निराशा व्यक्त की। एक यूजर ने कियारा की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी लोकप्रियता के बावजूद उनकी भूमिकाओं में दोहराव महसूस होता है। दूसरी ओर, ऐसा लगता है कि शरवरी के नाम पर अधिक सकारात्मक प्रतिक्रियाएं आई हैं, कई लोग उन्हें धूम जैसी प्रमुख फेंचाइजी में देखने के लिए उत्सुक हैं।





# तुम बिन 2 से उम्मीदें थीं, किस्मत ने साथ नहीं दिया

**एक्टर आदित्य सील हाल ही में फिल्म अमर प्रेम की प्रेम कहानी में नजर आए। एक्टर की मानें तो फिल्म इंडस्ट्री में टिके रहना और कामयाबी हासिल करना आसान नहीं होता। हाल ही में आदित्य ने अपने करियर के मुश्किल पलों, असफलताओं और सक्सेस के सफर पर बात की।**

तुम बिन 2 से उन्हें काफी उम्मीदें थीं आदित्य ने बताया कि उनकी फिल्म तुम बिन 2 से उन्हें काफी उम्मीदें थीं, लेकिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर वो कमाल नहीं किया जिसकी उम्मीद थी। उन्होंने कहा, जब तुम बिन 2 आई, तो उस समय मुझे लगा था कि अब मेरे करियर का टर्निंग पॉइंट आ गया है। फिल्म में सबकुछ सही था ङ्क हमारे डायरेक्टर अनुपम सिन्हा थे, प्रोड्यूसर टी-सीरीज था, म्यूजिक भी बहुत बढ़िया था। पुराना गाना तेरी फरियाद भी रीक्रिएट किया गया था। लेकिन बदकिस्मती से, फिल्म नोटबंदी के समय रिलीज हुई। इसका हमें बड़ा नुकसान हुआ। उस वक्त, मुझे लगा कि किस्मत ने साथ नहीं दिया, जबकि फिल्म में मेरा परफॉर्मेंस अच्छा था।

## फिल्म रिलीज के बाद का स्ट्रगल

तुम बिन 2 के बाद रिजेक्शन से निपटना आदित्य के लिए कठिन रहा। उन्होंने कहा, उस फिल्म से मेरे परिवार और मुझसे बहुत उम्मीदें थीं। मैं सोच रहा था कि अब शायद ऑडिशन देने की जरुरत नहीं पड़ेगी, और काम आसानी से मिलना शुरू हो जाएगा। लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ, तो मुझे समझ नहीं आया कि कैसे डील करूं। घर पर रहना और परिवार से बात करना मुश्किल हो गया था। मैं पूरा दिन बाहर रहता था, रात को देर से घर आता था ताकि मां-पापा से सामना न हो। मुझे डर था कि कहीं घरवालों में से कोई कह दे कि हमने गलत फैसला लिया, और ये बात मुझे तोड़ देती।

## उस वक्त किसी भी तरह का निगेटिविटी नहीं झेल सकता था

उन्होंने आगे कहा, मैं पूरा दिन घर से बाहर रहता, सड़कों पर घूमता या दोस्तों को कॉल करता। अगर कोई फ्री होता, तो मिल लेता। नहीं तो गाड़ी में बैठकर कहीं कुछ खाने चला जाता। मुझे पता था कि घर जाना मतलब रिजेक्शन सुनना। मैं उस वक्त किसी भी तरह का निगेटिविटी नहीं झेल सकता था। लेकिन मुझे ये भी पता था कि कुछ और मुझे करना नहीं आता, और एक्टिंग ही मेरी जिंदगी है। मेरी मां बहुत चिंता करती थीं, लेकिन पापा ने मुझे समझाया कि मैं अच्छा काम कर रहा हूं और मुझे बस लगे रहना चाहिए। पापा के इन शब्दों ने मुझे वो हिम्मत दी, जिसकी मुझे सख्त जरूरत थी। उन्होंने कहा कि तू बस अपना काम करता रह, बाकी चीजों की टेंशन मत ले। ये सुनने के बाद मैंने खुद को संभाला और फिर से कोशिश शुरू की।

## स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 बना टर्निंग पॉइंट

आदित्य के करियर का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर 2 साबित हुआ। इस फिल्म को हासिल करने का उनका सफर भी काफी दिलचस्प रहा। उन्होंने कहा, जब स्ह्रअङ्क 2 की कास्टिंग चल रही थी, तो मुझे लगा था कि किसी और को कास्ट कर लिया गया है। मुझे ऑडिशन पाने के लिए भी काफी मेहनत करनी पड़ी। लेकिन जब मुझे ऑडिशन का मौका मिला, तो मैंने पूरी मेहनत से दिया। फिर पुनीत मल्होत्रा (डायरेक्टर) से मिला, और उन्होंने मेरा ऑडिशन देखकर कहा कि मुझे पसंद आया, लेकिन आखिर फैसला करण जौहर का होगा।

## करण जौहर का फैसला

आदित्य ने बताया कि कुछ दिन बाद न्यूज में पढ़ा कि किसी और एक्टर को कास्ट कर लिया गया है। उन्होंने पुनीत और करण सर को मैसेज किया और कहा कि अगर ऐसा है तो मुझे साफ-साफ बता दीजिए। लेकिन करण ने जवाब दिया, तू फाइनल है मेरे लिए। उस वक्त पेपर पर साइन नहीं हुए थे, लेकिन करण सर के उस एक लाइन ने मुझे बहुत राहत दी।

## स्क्रीन पर खलनायक बनने का सपना

आदित्य ने अपने ड्रीम रोल के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, मैं संजय दत्त साहब की फिल्म खलनायक के बल्लू बलराम वाले रोल से बहुत इंस्पायर हूं। मुझे हमेशा से वो किरदार करना है। बचपन से ही इस रोल को देखकर बड़ा हुआ हूं, और ये मेरा ड्रीम रोल है।




# करवा चौथ पर इस सरल विधि से करें पूजा, नोट करें चंद्रोदय समय और अर्घ्य मंत्र

**करवा चौथ एक शुभ हिंदू त्योहार है, जब विवाहित महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं। इस पावन दिन पर महिलाएं अपने पतियों की लंबी उम्र के लिए कठोर उपवास का पालन सूर्योदय से चंद्रोदय तक करती हैं। ऐसा माना जाता है कि जो महिलाएं इस व्रत को रखती हैं, उन्हें अखंड सौभाग्य प्राप्ति का वरदान मिलता है। साथ ही जीवन में खुशहाली आती है।**

## पूजन सामग्री

चंदन, शहद, धूप, माचिस, पुष्प (लाल और पीले), कच्चा दूध, शक्कर, शुद्ध घी, दही, मिठाई, गंगाजल, शुद्ध जल, कुंकू, अक्षत (चावल), सिंदूर, मेहंदी, महावर, कंघा, बिंदी, चुनरी, चूड़ी, बिछुआ, मिट्टी का टोंटीदार करवा व ढक्कन, दीपक, रुई, कपूर, गेहूं, शक्कर, हल्दी, पानी का लोटा, गौरी बनाने के लिए पीली मिट्टी, लकड़ी की चौकी, चलनी, आठ पूरियों की अठावरी, हलवा, दक्षिणा (दान) के लिए पैसे, आदि।

## पूजन विधि

करवा चौथ के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें। फिर सरगी ग्रहण करें। इसके बाद निर्जला व्रत का संकल्प लें। फिर भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर दिन की शुरुआत करें। मंदिर में शिव परिवार की विधिवत पूजा करें। उन्हें पुष्प, फल, मिठाई और मेवे आदि अर्पित करें। करवा चौथ की व्रत कथा का पाठ करें या सुनें। शाम के समय फिर से पूजा की तैयारी शुरू कर दें। एक पूजा थाली लें और उसमें फूल, फल, मिठाई, धूप-दीप, रोली आदि रखें। इसके पश्चात करवा लें और उसमें चावल भरकर उसे दक्षिणा के रूप में रख दें। चांद निकलने के बाद चंद्रमा को अर्घ्य दें। फिर छन्नी में जलता हुआ दीपक रखें और चंद्र दर्शन करें। इसके बाद उसी छन्नी से अपने पति का मुख देखें। फिर पति के हाथों से पानी पीकर अपना व्रत खोलें। पूजा में हुई गलतियों के लिए क्षमायाचना करें। घर के बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लें। फिर पूजन में उपयोग की गई श्रृंगार की सामग्री और करवा को सास या किसी सुहागिन स्त्री को दे दें और उनका भी आशीर्वाद लें। अंत में सात्विक भोजन ग्रहण करें।

## चंद्रोदय समय

करवा चौथ पर शाम 07 बजकर 54 मिनट पर चांद निकलेगा।



# क्यों मनाया जाता है करवा चौथ, क्या है इसके पीछे की कहानी?

करवा चौथ का पर्व मुख्य रूप से विवाहित महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी आयु, सुरक्षा, और सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाता है. इसका धार्मिक, सांस्कृतिक और पौराणिक महत्व है, जो इसे एक विशेष और महत्वपूर्ण त्योहार बनाता है. करवा चौथ के व्रत से जुड़ी कई पौराणिक कथाएं और कहानियां हैं,जो करवा चौथ व्रत का महत्व और इसे मनाने का कारण बताती हैं.

करवा चौथ हिंदू धर्म में विवाहित महिलाओं द्वारा रखा जाने वाला एक महत्वपूर्ण व्रत है. यह व्रत पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना के लिए किया जाता है. इस व्रत का धार्मिक महत्व तो है ही, साथ ही यह पति-पत्नी के रिश्ते को और मजबूत बनाने में भी मदद करता है. करवा चौथ व्रत का व्रत पति की लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन की कामना से किया जाता है. यह व्रत पति-पत्नी के बीच प्रेम और विश्वास को बढ़ाता है. माना जाता है कि यह व्रत महिलाओं को सौभाग्य प्रदान करता है. यह व्रत हिंदू धर्म की परंपराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. इसलिए यह व्रत भारतीय संस्कृति का एक अहम हिस्सा है और पीढ़ी दर पीढ़ी चला आ रहा है. आइए जानते हैं कि करवा चौथ व्रत क्यों मनाया जाता है.

## करवा चौथ व्रत तिथि और शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, इस साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 20 अक्टूबर दिन रविवार को सुबह 6 बजकर 46 मिनट से शुरू होगी और यह तिथि 21 अक्टूबर को सुबह 4 बजकर 16 मिनट तक रहेगी. ऐसे में उदया तिथि के मुताबिक, करवा चौथ का व्रत 20 अक्टूबर 2024, दिन रविवार को रखा जाएगा. करवा चौथ के दिन पूजा का शुभ मुहूर्त 20 अक्टूबर की शाम 5 बजकर 46 मिनट से लेकर शाम 7 बजकर 02 मिनट तक रहेगा. इस समय पूजा करना बहुत ही शुभ रहेगा.

## क्यों मनाया जाता है करवा चौथ?

**वीरवती की कथा**

पौराणिक कथाओं के अनुसार, प्राचीन काल में वीरवती नाम की एक सुंदर और धर्मनिष्ठ राजकुमारी थी. वह अपने सात भाइयों की इकलौती बहन थी. विवाह के बाद, वीरवती ने पहली बार अपने पति की लंबी उम्र के लिए करवा चौथ का व्रत रखा. उसने दिनभर अन्न-जल ग्रहण नहीं किया और पूरी श्रद्धा के साथ व्रत का पालन किया. लेकिन दिन ढलते-ढलते भूख और प्यास के कारण वह अत्यधिक कमजोर हो गई. वीरवती की यह दशा देखकर उसके भाई चिंतित हो गए. वे अपनी बहन की हालत देखकर दुखी हो गए और उसे व्रत तोड़ने के लिए मनाने लगे, लेकिन वीरवती ने कहा कि जब तक चंद्रमा उदित नहीं होता, वह व्रत नहीं तोड़ेगी. वीरवती के भाइयों ने अपनी बहन की हालत देखकर एक उपाय सोचा. उन्होंने पेड़ की आड़ में छल से एक दर्पण का उपयोग करके नकली चंद्रमा बना दिया. भाइयों ने वीरवती से कहा कि चंद्रमा निकल आया है और उसे देखकर व्रत तोड़ लो. वीरवती ने वह नकली चंद्रमा देखकर व्रत तोड़ दिया और जल ग्रहण कर लिया. जैसे ही उसने व्रत तोड़ा, उसे यह सूचना मिली कि उसका पति गंभीर रूप से बीमार हो गया है. वीरवती को तुरंत आभास हुआ कि उसने चंद्रमा की पूजा किए बिना और सही समय से पहले व्रत तोड़ दिया, जिसके कारण यह अनहोनी हुई. वह अत्यधिक दुखी हुई और पश्चाताप करने लगी. अपने पति की लंबी आयु के लिए वीरवती ने दृढ़ संकल्प किया और पूरी श्रद्धा के साथ करवा चौथ का व्रत फिर से रखा. उसकी भक्ति और समर्पण से प्रसन्न होकर माता पार्वती ने उसे आशीर्वाद दिया और उसका पति स्वस्थ हो गया.

**महाभारत काल से जुड़ी कथा**

महाभारत में भी एक कहानी है जो करवा चौथ से जुड़ी हुई है. जब अर्जुन युद्ध करने नीलगिरी पर्वत पर गए थे, तो द्रौपदी बहुत चिंतित थीं. उन्होंने भगवान कृष्ण से अपने पति की सुरक्षा के लिए मार्गदर्शन मांगा. कृष्ण ने उन्हें करवा चौथ का व्रत रखने और शिव-पार्वती की पूजा करने की सलाह दी. द्रौपदी ने व्रत रखा, जिससे अर्जुन सुरक्षित रहे. कथाओं में इस कहानी को भी करवा चौथ से जोड़ कर देखा जाता है.

**करवा और पति की कथा**

तीसरी प्रसिद्ध कथा करवा नामक महिला की है, जो अपने पति के प्रति अत्यधिक समर्पित थी. एक दिन जब उसका पति नदी में स्नान कर रहा था, तब एक मगरमच्छ ने उसे पकड़ लिया. करवा ने अपने पति की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्प किया और मगरमच्छ को एक सूती धागे से बांध दिया. फिर उसने यमराज से प्रार्थना की कि मगरमच्छ को दंड दें और उसके पति की रक्षा करें. यमराज करवा के समर्पण से प्रभावित हुए और मगरमच्छ को दंडित किया औरउसके पति को दीर्घायु का आशीर्वाद दिया. इस तरह की और भी पौराणिक कथाएं हैं जिन्हें करवा चौथ के व्रत से जोड़कर देखा जाता है.

**करवा चौथ व्रत का महत्व**

करवा चौथ एक ऐसा त्योहार है जो विवाहित महिलाओं के लिए बेहद खास होता है. यह त्योहार पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना के लिए मनाया जाता है. माना जाता है कि इस व्रत को रखने से पति की उम्र लंबी होती है. करवा चौथ का व्रत पति-पत्नी के बीच प्रेम और विश्वास को बढ़ाता है. यह व्रत दोनों के बीच के बंधन को और मजबूत बनाता है. यह व्रत महिलाओं को सौभाग्य प्रदान करता है. माना जाता है कि इस व्रत को रखने से महिलाएं सुखी और समृद्ध जीवन जीती हैं. करवा चौथ भारतीय संस्कृति का एक अहम हिस्सा है और पीढ़ी दर पीढ़ी चला आ रहा है. यह त्योहार महिलाओं को एक साथ लाता है और उन्हें एक-दूसरे के साथ जुड़ने का मौका देता है.





# सुहागिनों का पवित्र एवं सौभाग्य का व्रत करवा चौथ

**करवा चौथ का पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। इस बार यह त्योहार 20 अक्टूबर, रविवार को मनाया जाएगा। इस दिन विवाहिताएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं। साथ ही अच्छे वर की कामना से अविवाहिताएं भी करवा चौथ का व्रत रखती हैं।**

सुहागिनों का पवित्र एवं सौभाग्य का व्रत करवा चौथ इस बार 20 अक्टूबर, रविवार को मनाया जाएगा। सुहागिन या पतिव्रता स्त्रियों के लिए करवा चौथ बहुत ही महत्वपूर्ण व्रत है। यह व्रत कार्तिक कृष्ण की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी को किया जाता है। स्त्रियां इस व्रत को पति की दीर्घायु के लिए रखती हैं। यह व्रत अलग-अलग क्षेत्रों में वहां की प्रचलित मान्यताओं के अनुरूप रखा जाता है, लेकिन इन मान्यताओं में थोड़ा-बहुत अंतर होता है। सार तो सभी का एक होता है-पति की दीर्घायु। इस पर्व पर महिलाएं हाथों में मेहंदी रचाती हैं, 16 श्रृंगार करती हैं एवं पति की पूजा कर व्रत का पारायण करती हैं।

**करवा चौथ व्रत विधि** : करवा चौथ में लगने वाली आवश्यक पूजन सामग्री को एकत्र करें। व्रत के दिन प्रातः स्नानादि करने के पश्चात यह संकल्प बोलकर करवा चौथ व्रत का आरंभ करें- 'मम सुख सौभाग्य पुत्र-पौत्रादि सुस्थिर श्री प्राप्तये करक चतुर्थी व्रतमहं करिष्ये।'

पूरे दिन निर्जला रहें। दीवार पर गेरू से फलक बनाकर पिसे चावलों के घोल से करवा मांडें। इसे 'वर' कहते हैं। चित्रित करने की कला को 'करवा धरना' कहा जाता है। 8 पूरियों की अठावरी बनाएं। हलुआ बनाएं। पक्के पकवान बनाएं। पीली मिट्टी से गौरी बनाएं और उनकी गोद में गणेशजी बनाकर बिठाएं। गौरी को लकड़ी के आसन पर बिठाएं। चौक बनाकर आसन को उस पर रखें। गौरी को चुनरी ओढ़ाएं। बिंदी आदि सुहाग सामग्री से गौरी का श्रृंगार करें। जल से भरा हुआ लोटा रखें। वायना (भेंट) देने के लिए मिट्टी का टोंटीदार करवा लें। करवा में गेहूं और ढक्कन में शकर का बूरा भर दें। उसके ऊपर दक्षिणा रखें। रोली से करवे पर स्वस्तिक बनाएं। गौरी-गणेश और चित्रित करवे की परंपरानुसार पूजा करें। पति की दीर्घायु की कामना कर पढ़ें यह मंत्र -

**नमस्त्यै शिवायै शर्वाण्यै सौभाग्यं संतति शुभा।**
**प्रयच्छ भक्तियुक्तानां नारीणां हरवल्लभे।**

करवे पर 13 बिंदी रखें और गेहूं या चावल के 13 दाने हाथ में लेकर करवा चौथ की कथा कहें या सुनें। कथा सुनने के बाद करवे पर हाथ घुमाकर अपनी सासुजी के पैर छूकर आशीर्वाद लें और करवा उन्हें दे दें। 13 दाने गेहूं के और पानी का लोटा या टोंटीदार करवा अलग रख लें। रात्रि में चंद्रमा निकलने के बाद छलनी की ओट से उसे देखें और चंद्रमा को अरघ्य दें। इसके बाद पति से आशीर्वाद लें। उन्हें भोजन कराएं और स्वयं भी भोजन कर लें। पूजन के पश्चात आस-पड़ोस की महिलाओं को करवा चौथ की बधाई देकर पर्व को संपन्न करें।





# इन 6 विशेष नियमों के बिना अधूरा माना जाता है करवाचौथ व्रत

करवाचौथ का त्योहार इस साल 20 अक्टूबर, रविवार को है। हिन्दू पंचांग के अनुसार करवाचौथ का पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। करवाचौथ पर सुहागिनें अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं और विधि-विधान के साथ पूजा करके अपने विवाहित जीवन की खुशहाली के लिए प्रार्थना करती हैं। विभिन्नताओं से भरे इस देश में करवाचौथ व्रत मनाने के कई तरीके हैं। सभी लोग अपनी-अपनी परम्पराओं का निर्वाह करते हुए करवाचौथ के विभिन्न रीति-रिवाज और नियमों का अनुसरण करते हैं लेकिन करवाचौथ के कुछ विशेष नियम ऐसे हैं, जिन्हें हर व्रती महिलाओं को मानना चाहिए। आइए, जानते हैं करवाचौथ के व्रत के नियम।

## निर्जला रखा जाता है व्रत

करवाचौथ व्रत में कई जगह सरगी का रिवाज है। सरगी सास बहुओं को देती है, जिसमें मेवे, फल, मिठाई, और श्रृंगार का सामान शामिल होता है। इसे सूर्योदय से पहले खाना होता है। इसके बाद रात्रि तक चंद्रदेव को अर्घ्य देने तक निर्जला व्रत का पालन करना होता है। अगर किसी महिला के परिवार में सरगी की परम्परा नहीं है, तो भी कर कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि लगने के बाद कुछ खाने या पीने से परहेज करते हुए निर्जला व्रत का पालन करें।

## इन 6 चीजों को श्रृंगार में जरूर करें शामिल

आप अपनी पसंद के अनुसार किसी भी रंग के कपड़े पहन सकते हैं और श्रृंगार कर सकते हैं लेकिन करवाचौथ पर विवाहित महिलाओं को श्रृंगार की 6 चीजों को धारण जरूर करना चाहिए। ये 6 श्रृंगार हैं- मेहंदी, सिंदूर, मंगलसूत्र, चूड़ियां, बिंदी और बिछिया। करवाचौथ के दिन इन चीजों को धारण करके विधि-विधान के साथ करवा माता की पूजा करने से सौभाग्य में वृद्धि होती है और वैवाहिक जीवन खुशहाल बनता है।

## चांद देखकर ही खोलें व्रत

करवाचौथ का सबसे जरूरी और विशेष नियम है कि विधि-विधान के साथ पूजा करने के बाद रात्रि में चंद्रदेव की पूजा और उन्हें अर्घ्य जरूर दें। साथ ही करवाचौथ की कथा सुनने के साथ ही भगवान शिव, माता पार्वती, कार्तिकेय, गणेश जी की पूजा भी जरूर करनी चाहिए। इससे आपका वैवाहिक जीवन खुशहाल रहता है और आप जीवन में तरक्की करते हैं।

## मिट्टी के करवे से देना चाहिए चंद्रदेव को अर्घ्य

करवाचौथ के त्योहार में यह नियम भी विशेष है। करवाचौथ पर व्रती महिलाओं को चंद्रमा को मिट्टी के करवे से ही अर्घ्य देना चाहिए। मिट्टी का करवा शुद्धता का प्रतीक माना जाता है। पौराणिक मान्यता है कि मिट्टी का करवा धरती तत्व का प्रतीक है। इस कारण से मिट्टी का करवा अर्घ्य देने के लिए विशेष माना जाता है।

## विधि-विधान के साथ पूजा करके दान जरूर करें

करवाचौथ पर विधि-विधान के साथ पूजा करके दान को भी बहुत ही आवश्यक माना गया है। करवाचौथ का व्रत रखने वाली महिलाएं एक थाली में श्रृंगार का सामान चूड़ियां, बिंदी, सिंदूर, शीशा, कंघी, रिबन और शगुन आदि अपनी विवाहित सास, जेठानी या फिर विवाहित वरिष्ठ महिला को दें सकती हैं।

## पूर्व मुखी होकर करें करवाचौथ व्रत की पूजा

करवाचौथ व्रत की विशेष पूजा की व्यवस्था के लिए मंदिर इस तरह से लगाना चाहिए कि पूजा करते समय आपका मुख पूर्व दिशा की ओर रहे और पीठ पश्चिम दिशा में। इसका अर्थ यह है कि करवा माता का मंदिर भी पूर्व दिशा में स्थापित करें। करवाचौथ व्रत की पूजा या फिर किसी भी मांगलिक कार्य की पूजा को पूर्व दिशा की तरफ मुख करके ही करना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्वनाथ मंदिर का नया प्रसाद रेट जारी, सुगम दर्शन का टिकट हुआ 250 रुपये

**काशी, एजेंसी।** बाबा विश्वनाथ धाम की व्यवस्था में दो बड़े बदलाव किए गए हैं। अब भक्तों को सुगम दर्शन के लिए 300 के बजाय 250 रुपये का टिकट लेना होगा। वहीं श्रद्धालु अब 200 ग्राम लड्डू केवल 120 रुपये में प्राप्त कर सकेंगे। काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के सीईओ विश्वभूषण मिश्रा ने कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास परिसर में जो भी प्रसाद विकता है, उसके मूल्य में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। पहले शहर में बिकने वाली मिठाई, प्रसाद के रूप में यहां बिकती थी। प्रसाद की शुद्धता, स्वच्छता, पवित्रता को लेकर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ने यह निर्णय लिया कि प्रसाद का स्वयं निर्माण कराया जाएगा। सहकारी क्षेत्र के संस्थान बनारस डेयरी की फूड प्रोसेसिंग यूनिट में मंदिर प्रशासन प्रसाद का निर्माण खुद करवा रहा है। बाबा को चढ़ाए गए बेलपत्र के चूर्ण को मिलाकर प्रसाद बनाया जा रहा है। नई रेट लिस्ट के अनुसार श्रद्धालु अब 200 ग्राम लड्डू केवल 120 रुपये में प्राप्त कर सकेंगे। विश्व भूषण मिश्रा ने कहा कि मंदिर में वीआईपी दर्शन के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं है। श्री विश्वेश्वर धाम में सभी भक्तों के साथ समान व्यवहार किया जाता है और सभी को वीआईपी माना जाता है। हमारे पास सभी के लिए समान सुविधाएं हैं। हालांकि कुछ भक्त मंदिर में अधिक समय बिताना चाहते हैं, इसलिए वे लाइन में प्रतीक्षा करते हैं और फिर परिसर में लंबे समय तक रुकते हैं। कभी-कभी भक्तों के पास विमान या ट्रेन पकड़ने जैसी विशिष्ट समय की बाधाएं होती हैं। इसलिए उनका समय सीमित होता है। ऐसे में उनके दर्शन के लिए एक अलग लाइन की व्यवस्था की गई थी। उनके टिकट का मूल्य 250 रुपये तय किया गया है।

### मैं साधु नहीं; कैप्टन अजय यादव बोले- कांग्रेस में दो साल से चल रहा था अपमान

**गुरुग्राम, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी छोड़ने का ऐलान कर चुके वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय यादव ने कहा है कि एक बार इस्तीफा स्वीकार हो जाए उसके बाद वह मीडिया के सामने आकर अपनी पूरी बात बताएंगे। अजय यादव ने कहा है कि दो साल से उन्हें कुछ नेता अपमानित कर रहे थे और उनके राजनीतिक करियर को भी खत्म करने की कोशिश की गई। कैप्टन ने कहा कि इस्तीफा स्वीकार हो जाने के बाद वह इन चीजों के बारे में विस्तार से अपनी बात बताएंगे। कैप्टन ने एक दिन पहले ही सोशल मीडिया के जरिए बताया कि उन्होंने अपना इस्तीफा पार्टी अध्यक्ष को भेज दिया है। कैप्टन ने शुक्रवार को एक्स पर कहा, मैं इंतजार कर रहा हूं कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे मेरा इस्तीफा स्वीकार कर लें तो मैं मीडिया से मुलाकात करूंगा। मैं बताऊंगा कि कैसे दो साल से कुछ नेता मुझे अपमानित और परेशान कर रहे थे। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि वह एक पूर्णकालिक राजनीतिक व्यक्ति हैं और जल्द ही अपने भविष्य को लेकर फैसला करेंगे। यादव ने लिखा, मैं साधु नहीं हूं और एक पूर्णकालिक राजनीतिज्ञ हूं। इस्तीफा स्वीकार होते ही मैं अपने भविष्य का फैसला करूंगा। मैं विस्तार से बताऊंगा कि मेरा राजनीतिक करियर छोटा करने के लिए किस तरह कुछ नेताओं ने काम किया और बाधाएं खड़ी कीं।

### रिटायर्ड आईएएस राजेश खुल्लर की सीपीएस नियुक्ति पर लगी रोक, 4 घंटे में पलटा गया आदेश

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा की राजनीति में एक बड़ा घटनाक्रम तब देखने को मिला जब मुख्यमंत्री नायब सैनी के चीफ प्रिंसिपल सेक्रेटरी (सीपीएस) के रूप में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी राजेश खुल्लर की नियुक्ति के आदेश पर महज़ 4 घंटे के अंदर ही रोक लगा दी गई। पहले रात 8 बजे राजेश खुल्लर की नियुक्ति का आदेश जारी हुआ, लेकिन रात करीब 12 बजे दूसरा आदेश जारी करके इस नियुक्ति को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद द्वारा राजेश खुल्लर को मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था, जिसमें उन्हें कैबिनेट मंत्री के समकक्ष रैंक भी दिया गया था। जैसे ही यह आदेश जारी हुआ, हरियाणा के प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई।

# तमिल गान में द्रविड़ शब्द का नहीं किया इस्तेमाल, भड़के मुख्यमंत्री स्टालिन

### राज्यपाल को वापस बुलाने की मांग

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के बीच तनाव शुक्रवार को और बढ़ गया। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने आरोप लगाया कि एक कार्यक्रम में राज्यपाल आर.एन. रवि की उपस्थिति के दौरान गाए गए तमिल गान में द्रविड़ शब्द को छोड़ दिया गया। मुख्यमंत्री स्टालिन ने इसे राष्ट्रीय एकता का अपमान बताते हुए केंद्र से राज्यपाल को वापस बुलाने की मांग की। इस घटना ने हिंदी माह के समापन और चेन्नई दूरदर्शन की स्वर्ण जयंती समारोह के आयोजन को लेकर चल रहे विवाद को और हवा दी। इस समारोह में राज्यपाल रवि भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री स्टालिन ने हिंदी माह के उत्सव का विरोध किया और इसे गैर-हिंदी भाषी राज्य में अन्य भाषाओं को नीचा दिखाने का प्रयास बताया। तमिल गान, तमिल थाई वल्थु, हर सरकारी कार्यक्रम की शुरुआत में गाया जाता है, जिसमें द्रविड़ शब्द दक्षिणी राज्यों के लोगों की नस्लीय पहचान का प्रतीक है। दूरदर्शन के समूह द्वारा गाए गए गान में



द्रविड़ शब्द वाले हिस्से को छोड़ दिया गया, जिससे विवाद खड़ा हो गया। दूरदर्शन तमिल ने इस गलती के लिए माफी मांगी और गायक दल के ध्यान भटकने को इसका कारण बताया। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने राज्यपाल रवि पर हमला बोलते हुए उन्हें अपने पद के लिए अयोग्य बताया और सवाल किया कि क्या वह राष्ट्रीय गान से द्रविड़ शब्द को हटाने की मांग करेंगे। स्टालिन ने कहा कि तमिल गान से द्रविड़ शब्द को छोड़ना राज्य के कानून का उल्लंघन है और राज्यपाल ने हिंदी के नाम पर तमिलनाडु और यहां के लोगों की एकता का अपमान किया है। उन्होंने एक्स (ट्विटर) पर तमिल में लिखा, क्या द्रविड़ विरोधी राज्यपाल राष्ट्रीय गान से भी द्रविड़ शब्द हटाने को कहेंगे? केंद्र सरकार को तुरंत ऐसे राज्यपाल को वापस बुलाना चाहिए, जो जानबूझकर तमिलनाडु और यहां के लोगों की भावनाओं का अपमान कर रहे हैं। दूरदर्शन तमिल ने एक बयान जारी कर गलती के लिए माफी मांगी और कहा कि तमिल या तमिल गान का अपमान करने का कोई इरादा नहीं था। इससे पहले दिन में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने दूरदर्शन केंद्र चेन्नई के हिंदी माह समापन समारोह की निंदा की, जिसमें तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं, सत्तारूढ़ द्रमुक की छात्र शाखा ने केंद्र सरकार की निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। स्टालिन ने अपना विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि बहुभाषी राष्ट्र में गैर-हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी माह मनाना अन्य भाषाओं को नीचा दिखाने का प्रयास है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं चेन्नई दूरदर्शन के स्वर्ण जयंती समारोह के साथ हिंदी माह समापन समारोह मनाने की निंदा करता हूं। माननीय प्रधानमंत्री कार्यालय भारत का संविधान किसी भी भाषा को राष्ट्र भाषा का दर्जा नहीं देता।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए, मेरा सुझाव है कि गैर-हिंदी भाषी राज्यों में इस तरह के हिंदी-केंद्रित आयोजनों को टाला जाना चाहिए और इसके बजाय संबंधित राज्यों में स्थानीय भाषा माह के आयोजन को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।''

## असम में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, पकड़ा गया आरिफ

**करीमगंज, एजेंसी।** असम में घुसपैठियों के खिलाफ एक और कार्रवाई हुई है। करीमगंज जिले में एक अवैध घुसपैठियों में से एक मोहम्मद आरिफ को वहां की पुलिस ने पकड़ लिया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने खुद इसकी जानकारी दी है। सरमा ने एक्स पर लिखा, करीमगंज जिले में एक अवैध घुसपैठियों के एक सफल पुशबैक में, एक बांग्लादेशी राष्ट्रीय, मोहम्मद आरिफ, को पकड़ लिया गया था और असम पुलिस द्वारा सीमा पार भेजा गया था। हमारे कर्मी पूरी तरह से भारत-बांग्लादेश सीमा में इस तरह के घुसपैठ के प्रयासों को विफल करने के लिए पूरी तरह से सतर्क हैं। इससे पहले सितंबर के आखिरी सप्ताह में सुरक्षाबलों ने तीन बांग्लादेशियों की असम के रास्ते भारत में घुसपैठ करने की कोशिश नाकाम कर दी थी। उस समय भी सीएम सरमा ने ही यह जानकारी दी थी। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में बताया था कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और असम पुलिस ने सतर्कता का परिचय देते हुए सोमवार को अंतरराष्ट्रीय सीमा पर दो महिलाओं सहित तीन 'अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों' को भारत में दाखिल होने से रोक दिया। उन्होंने बताया था कि तीनों बांग्लादेशियों की पहचान अनवर हुसैन, नशरीन शेख और बबली शेख के तौर पर की गई है। किस स्थान पर या किस सेक्टर में नाकाम किया गया। असम के करीमगंज, कछार, धुबरी और दक्षिण सलमारा-मनकाचर जिले बांग्लादेश के साथ 267.5 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करते हैं। करीमगंज के सुतारकांडी में एक एकीकृत जांच चौकी (आईसीपी) है। पूर्वोत्तर में कुल तीन आईसीपी हैं जिनमें से अन्य दो मेघालय के डावकी और त्रिपुरा के अखौरा में स्थित है। असम के पुलिस महानिदेशक जी पी सिंह ने इससे पहले कहा था कि राज्य पुलिस और बीएसएफ कानून के तहत बांग्लादेश से किसी भी गैर भारतीय के प्रवेश को रोकने के लिए हर संभव कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, लेकिन भारतीय पासपोर्ट धारकों को संकट ग्रस्त बांग्लादेश से राज्य के प्रवेश मार्ग के जरिये स्वदेश आने की अनुमति दी जाएगी।

## पराली का मुद्दा भगवंत मान ने केंद्र सरकार पर डाला, बोले- प्रधानमंत्री मोदी ही मीटिंग बुलाएं

**जालंधर, एजेंसी।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पराली के मुद्दे पर पीएम मोदी से सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों की मीटिंग बुलाने की अपील की है। मान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पराली जलाने का मुद्दा किसी एक राज्य तक सीमित नहीं है। यह पूरे उत्तर भारत का मुद्दा है। इस पर प्रधानमंत्री मोदी को मीटिंग बुलानी चाहिए और इस मुद्दे को सुलझाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन युद्ध को रोक सकते हैं, जैसा कि उन्होंने विज्ञापन में दिखाया है, तो क्या वे यहां धुआं नहीं रोक सकते? उन्हें सभी राज्यों की बैठक करवानी चाहिए, मुआवजा देना चाहिए और वैज्ञानिकों को बुलाना चाहिए।

मुख्यमंत्री मान ने कहा कि किसान किसी भी राज्य का हो वह पराली नहीं जालना चाहता, लेकिन उसके पास दूसरा कोई विकल्प ही नहीं है। किसान धान की फसल ही नहीं करना चाहते लेकिन किसी और वैकल्पिक फसल पर एमएसपी ही नहीं मिलती, तो किसान धान न करे तो क्या करे। मान ने कहा कि जब धान पैदा होता है और देश में अन्न के भंडार भर जाते हैं तब इसी किसान की तारीफ होती है लेकिन जब बात पराली की आती है तो किसान को ही दोषी साबित कर दिया जाता है। उन पर जुर्माना लगाने की कोशिश की जाती है।

हर साल सर्दियों के पहले दिल्ली के आसमान में धुंआ ही धुंआ दिखाई देता है। इससे आम जन जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। दिल्ली के खराब होते मौसम के सवाल पर पंजाब के सीएम मान ने कहा कि पंजाब में जली पराली का धुंआ दिल्ली पहुंचता है या नहीं यह तो मुझे नहीं पता लेकिन इतना पता है कि यह धुआं पंजाब के किसान और उसके परिवार और उसके गांव को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। हमें इसे बंद करवाने की जरूरत है।

# ना ईसी, ना सुको निष्पक्ष, दोनों भाजपा की बी, सी और डी टीम: संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद शिवसेना (उद्धव ठाकरे) सांसद संजय राउत केंद्र सरकार और सत्तारूढ़ भाजपा पर हमलावर हो गए हैं। इसके साथ ही वह चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट पर भी हमला बोल रहे हैं। राउत ने आरोप लगाया है कि ना तो चुनाव आयोग और ना ही सुप्रीम कोर्ट निष्पक्ष है। राउत ने चुनाव आयोग पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि वहां बैठे लोग पक्षपाती हैं। शुक्रवार को समाचार एजेंसी एएनआई से उन्होंने कहा, चुनाव आयोग ने कुछ महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं, और हमें लगता है कि वे निर्णय महा विकास अघाड़ी के हितों के खिलाफ हैं, और वे फैसले एकनाथ शिंदे और भाजपा की मदद करेंगे।

राउत यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट तटस्थ नहीं हैं। वे भाजपा की बी, सी और डी टीम हैं। राउत ने बीजेपी पर विपक्षी पार्टियों को टारगेट करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का गलत तरीके से इस्तेमाल



करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने इन कोशिशों की तुलना शिवसेना और एनसीपी के खिलाफ पॉलिटिकल एनकाउंटर से की। उन्होंने कहा, मेरे जैसे लोग जेल गए और वापस भी आ गए। हम जानते हैं कि टारगेट पर कौन है और बीजेपी क्या कर रही है। यह बीजेपी का बिश्नोई गैंग है। उनके हाथों में हथियार नहीं है, लेकिन उनके पास सीबीआई और ईडी है। इसका इस्तेमाल वह हम पर हमला करने के लिए कर रहे हैं। इसके बाद भी हम मजबूती से खड़े हुए हैं।

महाविकास अघाड़ी में सीट बंटवारे के मुद्दे पर राउत ने कहा कि राज्य की 288 में से अधिकांश सीटों पर गठबंधन के बीच सहमति बन चुकी है और कुछ सीटों पर पेच फंसा हुआ है। उन्होंने कहा कि वह सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने के लिए वह आज ही राहुल गांधी से बातचीत करेंगे क्योंकि कुछ सीटों पर लंबे समय से गतिरोध बना हुआ है। उन्होंने सीट बंटवारे में हो रही देरी पर सहयोगी दल कांग्रेस पर भी नाराजगी जताई और कहा कि वे लोग हरेक लिस्ट मंजूरी के लिए दिल्ली भेजते रहते हैं। उन्होंने कहा, एनसीपी और शिवसेना के बीच कोई बड़ा मतभेद नहीं है, कांग्रेस में भी नहीं है लेकिन कुछ सीटें ऐसी हैं जिन पर तीनों पार्टियां दावा करती हैं। नाना पटोले महाराष्ट्र में हमारे सहयोगी हैं, लेकिन कुछ सीटों पर समस्या है, इसे जल्द सुलझा लिया जाएगा।

बता दें कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव 20 नवंबर को एक ही चरण में होंगे। चुनाव आयोग ने मंगलवार (15 अक्टूबर, 2024) को महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों के तारीखों की घोषणा की थी। 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में, भाजपा और एकीकृत शिवसेना ने मिलकर चुनाव लड़ा था लेकिन सरकार बनाने पर गतिरोध के बाद शिवसेना ने कांग्रेस और एकीकृत एनसीपी के साथ मिलकर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन बनाया था और राज्य में सरकार बनाई थी।

हालांकि, इस बार शिवसेना (यूबीटी), शरद पवार की एनसीपी और कांग्रेस सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन का मुकाबला करने के लिए गठबंधन में हैं। इस साल हुए लोकसभा चुनाव में, एमवीए ने राज्य की 48 लोकसभा सीटों में से 30 पर जीत हासिल की थी, जबकि ??सत्तारूढ़ गठबंधन ने सिर्फ 17 सीटें जीतीं थीं। एक सीट निर्दलीय उम्मीदवार के खाते में गई थी।

# कांग्रेस लेगी लोकसभा का फायदा, एमवीए में 260 सीटों पर सहमति बनी



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर विपक्षी महागठबंधन महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच सीट बंटवारे को लेकर बातचीत निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। गठबंधन में शामिल कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के नेताओं के बीच हुई बैठकों के बाद 288 सीटों में से 260 पर सहमति बन गई है। गुरुवार को मुंबई में हुई इस बैठक में तीनों प्रमुख दलों के नेता सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए थे। 260 सीटों पर बनी सहमति में कांग्रेस का सबसे ज्यादा हिस्सा होने जा रहा है क्योंकि पार्टी लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन दिखा चुकी है, जिसका एडवांटेज पार्टी कांग्रेस को मिल रहा है। कांग्रेस 110 से ज्यादा सीटों पर अपनी दावेदारी की है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 28 सीटों पर अब भी विवाद बरकरार है, जहां तीनों पार्टियों ने अपनी-अपनी दावेदारी पेश कर रही हैं। इन सीटों पर सहमति बनाने के लिए शुक्रवार को और बैठकें आयोजित की जाएंगी और जरूरत पड़ने पर शनिवार को भी चर्चा जारी रखी जा सकती है। गठबंधन के एक वरिष्ठ नेता ने न्यूज 18 को बताया कि सभी दल एक ही प्रमुख क्षेत्रों की सीटों पर नजर गड़ाए हुए हैं, जिससे सहमति बनाने में देरी हो रही है। उन्होंने कहा, हम ऐसा फॉर्मूला खोजने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे सभी संतुष्ट हो सकें और गठबंधन की जीत की संभावनाएं बढ़ सकें।

## दीवाली बाद एनसीआर में गरजेगा बुलडोजर, कब्जा मुक्त होगा बड़ा इलाका

**गाजियाबाद , एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में प्रशासन का लगातार बुलडोजर ऐक्शन जारी है। पिछले कुछ दिनों में अतिक्रमण के खिलाफ चलाए गए अभियान में करोड़ों की जमीनें खाली करवाई गई हैं। प्रशासन ने एक बार फिर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान छेड़ने की तैयारी कर रहा है। इस बार बुलडोजर एनसीआर के गाजियाबाद में गरजेगा। यहां से ग्रीन बेल्ट के लिए इलाके में हुए अतिक्रमण को हटाया जाएगा। इस मामले को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार है। दीवाली बीतते ही इलाके में ताबड़तोड़ बुलडोजर ऐक्शन देखने को मिल सकता है। आइए जानते हैं प्रशासन ने क्या बताया है।



इस बार अतिक्रमण हटाने को लेकर गाजियबाद में अभियान चलाया जाएगा। गाजियाबाद नगर निगम इंदिरापुरम स्थित ग्रीन बेल्ट की जमीनों पर हुए अवैध कब्जों को मुक्त करवाने के लिए बुलडोजर कार्रवाई करेगा। इसके लिए जीडीए ने तैयारी पूरी कर ली है। 31 अक्टूबर के बाद से प्रशासन अवैध कब्जों पर कहर बनकर टूटेगा और इलाके के सभी अतिक्रमण को हटाकर ग्रीन बेल्ट की जमीनों को कब्जा मुक्त करवाएगा। गाजियाबाद में दीवाली के बाद बुलडोजर ऐक्शन को लेकर बात करते हुए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के बाद इंदिरापुरम क्षेत्र के ग्रीन बेल्ट को संवारने के लिए भी ऐक्शन प्लान तैयार किया गया है।

# मुंबई और विदर्भ क्षेत्र की 28 सीटों पर एमवीए में मची है खींचतान

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी (एमवीए ) के घटक दलों के बीच राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से 260 पर सीट बंटवारे की आपसी सहमति बन चुकी है लेकिन 28 सीटों पर घटक दलों के बीच पेच फंस गया है। इसकी वजह से कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के बीच खींचतान चल रही है। कांग्रेस की तरफ से नाना पटोले ने शिवसेना पर सीट बंटवारे में अड़ंगा लगाने का आरोप लगाया है तो शिवसेना की तरफ से संजय राउत ने कहा है कि कांग्रेस के प्रदेश स्तर के नेता फैसला ले पाने में सक्षम नहीं हैं, इसलिए सीधे राहुल गांधी से बात करेंगे। इससे पहले मुंबई में गुरुवार को महाविकास अघाड़ी की 9 घंटे की मैराथन बैठक हुई थी। इसी बैठक में 260 सीटों पर सहमति बनी है लेकिन विदर्भ और मुंबई क्षेत्र की 28 सीटें ऐसी हैं, जिस पर सहमति नहीं बन



पाई। इन सीटों पर कांग्रेस और शिवसेना के बीच खींचतान मची हुई है। सूत्रों के मुताबिक, मुंबई की वर्सोवा, बायकुला और धारावी पर कांग्रेस अपना दावा कर रही है, जबकि उद्धव की शिवसेना बायकुला, वर्सोवा और घाटकोपर (पश्चिम) की सीट पर दावा कर रही है।

इतना ही नहीं एमवीए के एक और घटक दल समाजवादी पार्टी ने भी मुंबई की बायकुला, मानखुर्द शिवाजी नगर, वर्सोवा और अणुशक्ति नगर पर अपना दावा ठोक दिया है। कहा जा रहा है कि कांग्रेस ने इन सीटों में से कुछ पर अपने उम्मीदवारों के नाम भी फाइनल कर लिए हैं, इसलिए अंदरूनी तनाव और खींचतान और बढ़ गई है। हालांकि कांग्रेस ने कहा है कि मुंबई और विदर्भ की उन 28 सीटों के बंटवारे के मुद्दे को सुलझाने की कोशिशें हो रही हैं। इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को आगाह किया है कि सहयोगियों के बीच सौदेबाजी की बातचीत टूटने के कगार तक पहुंचने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

ठाकरे ने कहा कि एमवीए सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत अंतिम चरण में है और शनिवार तक या अगले 2 से 3 दिनों में समझौता हो सकता है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में राजनीतिक परिदृश्य बदल गया है और लोगों ने 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में विपक्षी एमवीए को सत्ता में लाने का फैसला किया है। एमवीए में कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) शामिल हैं।

दरअसल, हर राजनीतिक दल चाहता है कि उसे जिताऊ सीट मिले। यानी वैसी सीटें उसके खाते में आए, जहां उसके उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित हो सके। अब सवाल उठता है कि विदर्भ और मुंबई में ही पेच क्यों फंस रहा, तो इसका जवाब हालिया लोकसभा चुनाव के नतीजों और वोटिंग पैटर्न के आंकड़ों में छुपा है। आंकड़ों का विश्लेषण करने से पता चलता है कि पश्चिमी महाराष्ट्र, विदर्भ और मराठवाड़ा क्षेत्र में महायुति पिछड़ी है, जबकि महाविकास अघाड़ी गठबंधन ने वहां लीड ली है। पश्चिमी महाराष्ट्र में महायुति ने 70 में से 30 सीटों पर लीड ली है, जबकि विदर्भ में 62 सीटों में से सिर्फ 19 और मराठवाड़ा इलाके की 46 सीटों में से सिर्फ 11 पर ही लीड ले सकी।

स्पष्ट है कि इन इलाकों में महाविकास अघाड़ी के घटक दलों को ज्यादा वोट मिले हैं, इसलिए उनके उम्मीदवारों ने ज्यादा सीटों पर लीड ली है। विदर्भ की 62 में से 43 सीटों और मुंबई की 36 में से 20 सीटों पर एमवीए ने लीड ली थी। उसमें भी कांग्रेस और शिवसेना के उम्मीदवारों ने लीड ली थी इसलिए दोनों दल इन क्षेत्रों में अपनी दावेदारी ठोक रहे हैं ताकि लोकसभा जैसा रिजल्ट मिल सके। इसी तरह का प्रदर्शन पश्चिमी महाराष्ट्र में भी रहा लेकिन चूंकि वह बेल्ट एनसीपी का है इसलिए वहां खींचतान नहीं मची है। मुंबई में खींचतान इस वजह से भी है क्योंकि यही इलाका शिवसेना और कांग्रेस का गढ़ रहा है। दूसरी तरफ, उत्तरी महाराष्ट्र, ठाणे और कोंकण इलाकों में महायुति का प्रदर्शन बेहतर रहा है, वहां एमवीए में खींचतान नहीं है।

## विंडीज हारी, न्यूजीलैंड-द अफ्रीका में होगा महिला टी20 विश्व कप फाइनल




**शारजाह, एजेंसी।** महिला टी-20 विश्वकप 2024 के दोनों फाइनलिस्ट सामने आ चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका पहले ही ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में है। अब न्यूजीलैंड ने विंडीज टीम को दूसरे सेमीफाइनल में 8 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाा ली है। शारजहा के मैदान पर खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में अनुभवी डिएंड्रा डोटिन के 4 विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने महिला टी20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में शुक्रवार को न्यूजीलैंड को 9 विकेट पर 128 रन पर रोक दिया।

जवाब में खेलने उतरी विंडीज के लगातार विकेट गिरते रहे। डॉटिन ने अंत में 22 गेंदों पर 33 रन बनाए लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला पाई।

**न्यूजीलैंड महिला टीमः 128/9 (20 ओवर)**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का न्यूजीलैंड का फैसला गलत साबित हुआ और उसकी आधी टीम 98 के स्कोर पर पवेलियन लौट गई। न्यूजीलैंड के लिए जॉर्जिया प्लिमर (33) और सूजी बेट्स (26) के बाद कोई बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका। इस दौरान ब्रूक के बल्ले से 9 गेंदों पर 18 तो इसाबेल ने 14 गेंदों पर 20 रन बनाए और स्कोर 128 तक पहुंचाया। वेस्टइंडीज के लिए डोटिन ने 4 ओवर में 22 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि एफी फ्लेचर को 2 विकेट मिले।

**विंडीज महिला टीमः 120/8 (20 ओवर)**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी विंडीज को सधी हुई शुरूआत मिली। कप्तान हेले 15 तो क्विना 12 रन ही बनाा पाई। मध्यक्रम में डॉटिन क्रीज पर टिकी रही। उन्होंने 22 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 33 रन बनाए और टीम को सहारा दिया। 17वें ओवर में उनका विकेट गिरते ही विंडीज की हालत गड़बड़ हो गई। इस दौरान फ्लेचर (17) और जेडा जेम्स (14) ने 21 रनों की पार्टनरशिप की लेकिन जेम्स की विकेट गिरते ही विंडीज जीत से दूर हो गई। प्लेयर आफ द मैच ईडन कार्सन ने कहा कि जैसा कि आप देख सकते हैं, मैं वास्तव में भावुक हूं लेकिन मुझे लड़कियों पर गर्व है।

जब डिएंड्रा डॉटिन हमें उत्साहित कर रही थी... तो लड़कियों ने विश्वास कर लिया और उसे रोक लिया और हम लाइन पर आ गए। हमें वास्तव में एक और कम स्कोर का बचाव करना था, जो कि निम्न स्तर का था। आज हमने वेस्ट इंडीज के खिलाफ शुरुआती विकेट लेने थे, वे एक खतरनाक टीम हैं। हमने देखा कि वेस्टइंडीज ने किस तरह से गेंदबाजी की, उन्होंने थोड़ी अधिक बैक-ऑफ-द-लेंथ गेंदबाजी की और यह काम कर गई, हमने थोड़ी पूरी गेंदबाजी की, यह ठीक है।



इंडिया-न्यूजीलैंड टेस्ट

### सरफराज ने लगाया शतक

# भारत ने न्यूजीलैंड को दिया 107 रनों का लक्ष्य

**बैंगलुरू, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में सरफराज खान ने शानदार शतक बनाया. सरफराज खान ने 195 गेंदों पर 150 रन बनाए. उन्होंने अपनी पारी में 18 चौके और 3 छक्के जड़े. वहीं, सरफराज खान की शतकीय पारी ने शुभमन गिल की मुश्किलों में इजाफा कर दिया है. इससे पहले सरफराज खान को शुभमन गिल और केएल राहुल की वजह से प्लेइंग इलेवन में कम मौके, लेकिन अब क्या शुभमन गिल का पत्ता कटेगा?

हालांकि, शुभमन गिल का प्रदर्शन नंबर-3 पर अच्छा रहा है, लेकिन सरफराज खान के शतक के बाद बैटिंग ऑर्डर में बदलाव संभव है. न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शुभमन गिल चोटिल हो गए. जिसके बाद भारतीय प्लेइंग इलेवन में सरफराज खान को शामिल किया गया. हालांकि, सरफराज खान ने नंबर-4 पर बल्लेबाजी की. शुभमन गिल नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हैं. शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में विराट कोहली नंबर-3 पर खेले. सरफराज खान पहली पारी में अपना खाता नहीं खोल सके, लेकिन दूसरी पारी में बेहतरीन शतक बना दिया. अब सरफराज खान के शतकीय पारी के बाद सवाल उठने लगे हैं कि क्या दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन में शुभमन गिल को जगह मौका नहीं मिलेगा? न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाएगी. इस दौरे पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वॉइंट्स टेबल के मद्देनजर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी बेहद अहम है. अब यह देखना मजेदार होगा कि इस टेस्ट सीरीज में भारतीय प्लेइंग इलेवन में नंबर-3 पर किसे आजमाया जाता है? क्या भारतीय प्लेइंग इलेवन में चेतेश्वर पुजारा की वापसी होगी या फिर शुभमन गिल नंबर-3 पर खेलेंगे? भारतीय बल्लेबाजी क्रम में कितना बदलाव होगा यह तो वक्त बताएगा, लेकिन सरफराज खान ने शतक बनाकर शुभमन गिल की परेशानी बढ़ा दी है.

### 99 रन बनाकर आउट हुए ऋषभ पंत, सिर्फ एक रन ने धोनी का रिकॉर्ड टूटने से बचाया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु में खेले जा रहे भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट मैच में ऋषभ पंत 99 रन बनाकर आउट हो गए हैं. न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में पंत ने 105 गेंद में 99 रन बनाए, जिन्हें तेज गेंदबाज विलियम ने क्लीन बोल्ड किया. वो अब भारतीय क्रिकेट इतिहास के



ऐसे केवल दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं, जो महज एक रन के अंतर से शतक से चूक गए. उनसे पहले साल 2012 में एमएस धोनी 99 के स्कोर पर आउट हुए हैं. ऋषभ पंत दूसरी पारी में तब बैटिंग करने आए जब विराट कोहली 70 रन बनाकर आउट हो गए थे. जब पंत क्रीज पर आए तो भारत ने 3 विकेट के नुकसान पर 231 रन बना लिए थे. उसके बाद ऋषभ पंत और सरफराज खान ने ताबाडतोड अंदाज में बैटिंग शुरू की. दोनों के बीच 177 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई. सरफराज ने 150 रन बनाए, वहीं पंत की पारी 99 के स्कोर पर समाप्त हुई. वो अगर शतक पूरा कर लेते तो टेस्ट क्रिकेट में धोनी को पीछे छोड़कर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बन जाते. दोनों ने अब तक टेस्ट मैचों में 6-6 शतक लगाए हैं.

एमएस धोनी ऐसे पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बने थे, जो 99 रन बनाकर आउट हो गए थे. दिसंबर 2012 में नागपुर में भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच खेला जा रहा था, जिसकी पहली पारी में धोनी 99 रन के स्कोर पर रन आउट हो गए थे.



## महेंद्र सिंह धोनी टी10 क्रिकेट खेलेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स के संस्थापक और चेयरमैन शाजी उल मुल्क का मानना है कि भारत के आइकन एमएस धोनी को टी10 फॉर्मेट में खेलते हुए देखना संभव है।


इस बीच चेन्नई सुपर किंग्स के साथ कैश-रिच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में एमएस धोनी की भागीदारी पर अनिश्चितता बनी हुई है। धोनी की उम्र, घुटने की चोट और ग्रुप स्टेज में सीएसके के बाहर होने के बाद उनके रिटायरमेंट की संभावित योजनाओं के बारे में चुप्पी के कारण उनकी भागीदारी पर चिंता बनी हुई है। धोनी के अभी भी शीर्ष टी20 लीग में प्रतिस्पर्धा करने की इच्छा के बारे में कोई अफवाह नहीं है। शीर्ष पूर्व और वर्तमान सितारों ने टी10 फॉर्मेट में अपनी क्लास दिखाई है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्टार डेविड वार्नर भी शामिल हैं।

रॉबिन उथप्पा, सुरेश रैना, इरफान पठान और कई अन्य जैसे पूर्व भारतीय सितारों के साथ विभिन्न टी10 लीग में भाग लेने से धोनी को इस फॉर्मेट में खेलते हुए देखना संभव है। शाजी ने कहा, बिल्कुल, मुझे लगता है कि शीर्ष स्तर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के अलावा, मौजूदा भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को इंडियन प्रीमियर लीग के बाहर खेलने की अनुमति नहीं है।

हाल ही में रिटायर हुए खिलाड़ी, भारत के लगभग सभी बड़े नाम, टी10 खेलने आए हैं। इसलिए हां, हम उम्मीद कर सकते हैं कि एमएस धोनी जब मन बना लेंगे, तो टी10 खेलेंगे।

डेनमार्क ओपनः

## पीवी सिंधू का सफर क्वार्टर फाइनल में थमा, डेनमार्क ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त हुई



**ओडेन्से, एजेंसी।** पांचवीं वरीयता प्राप्त टुनजंग का सामना सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय दक्षिण कोरिया की एन से यंग से होगा। टुनजंग ने पहले गेम में लगातार आठ अंक जुटाने के बाद इसे आसानी से अपने नाम कर लिया। भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का सफर शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। सिंधू महिला एकल वर्ग में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया टुनजंग से हार गईं जिससे डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। 29 वर्षीय सिंधू करीब एक घंटे तक चले मुकाबले में 13-21, 21-16, 9-21 से पराजित हो गईं। इंडोनेशिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी टुनजंग ने पूरी तरह मैच में दबदबा बनाया, हालांकि सिंधू फिर भी दूसरा गेम जीतने में सफल रहीं।

अब पांचवीं वरीयता प्राप्त टुनजंग का सामना सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय दक्षिण कोरिया की एन से यंग से होगा। टुनजंग ने पहले गेम में लगातार आठ अंक जुटाने के बाद इसे आसानी से अपने नाम कर लिया। लेकिन प्री क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीय चीन की हान युए को हराकर उलटफेर करने वाली सिंधू दूसरे गेम में बिलकुल बदली हुई नजर आईं और 6-1 से आगे हो गईं। उनकी प्रतिद्वंद्वी ने इसे 6-6 से बराबर कर लिया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 9-7 से बढ़त हासिल कर ली।

सिंधू ने फिर इसे 11-10 कर दिया। वह आसानी से 19-15 से आगे चल रही थीं और जल्द ही 21-16 से जीत कर स्कोर 1-1 कर दिया। हालांकि, निर्णायक गेम में वह लय जारी नहीं रख सकीं और टुनजंग ने वापसी करते हुए मैच जीत लिया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू पेरिस खेलों से खाली हाथ लौटीं थीं जिसके बाद से यह सत्र उनके लिए निराशाजनक ही रहा है।

## इंटरनेशनल मास्टर्स लीग की पावरहाउस गवर्निंग काउंसिल का गठन, गावस्कर, रिचर्ड्स और शॉन पोलक शामिल

**मुंबई, एजेंसी।** इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) ने अपनी गवर्निंग काउंसिल के गठन की घोषणा की है, जिसमें तीन महान क्रिकेट खिलाड़ी और मास्टर्स शामिल होंगे ङ्क लीग कमिश्नर सुनील गावस्कर, सर विवियन रिचर्ड्स और शॉन पोलक।

यह त्रिमूर्ति आईएमएल की रणनीतिक दिशा, नियमों और संचालन की देखरेख करेगी, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि लीग खेल प्रेमियों के लिए एक प्रमुख मंच बनी रहे, जहां खेल की विरासत और मनोरंजन का संगम हो, और दुनिया भर के प्रशंसकों को दिग्गजों के खेल का अद्वितीय रोमांच मिल सके। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग का उद्घाटन संस्करण 17 नवंबर से 8 दिसंबर 2024 तक आयोजित हो रहा है। नवी मुंबई के डी. वाई. पाटिल स्टेडियम में उद्घाटन मैच खेला जाएगा।



इसके अलावा लखनऊ और रायपुर में भी मैच आयोजित होंगे। समापन मैच की मेजबानी रायपुर करेगा। टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज और क्रिकेट के महानतम खिलाड़ियों में से एक सुनील गावस्कर अपनी उत्कृष्ट क्रिकेट समझ और खेल की शुचिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं।

उन्होंने कहा, गवर्निंग काउंसिल के सदस्य के रूप में हमारा ध्यान यह सुनिश्चित करने पर होगा कि इंटरनेशनल मास्टर्स लीग क्रिकेट की भावना के प्रति सच्ची रहे, जबकि दुनिया भर के प्रशंसकों को मनोरंजन प्रदान करे। आईएमएल न केवल खेल के दिग्गजों को सम्मान देने का मंच है, बल्कि उन प्रशंसकों के लिए भी एक उत्सव है, जो आज भी अपने नायकों का सम्मान करते हैं।

सर विवियन रिचर्ड्स, जो क्रिकेट इतिहास के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक माने जाते हैं, 1970 और 1980 के दशक में वेस्टइंडीज टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा थे, जिसने उस समय क्रिकेट जगत पर अपना दबदबा कायम रखा। सीमित ओवरों के खेल में अपने समय से आगे माने जाने वाले सर विवियन रिचर्ड्स की कप्तानी में वेस्टइंडीज ने एक भी टेस्ट सीरीज नहीं हारी।

## ऑस्ट्रेलिया जा रही भारत ए की टीम में ईशान किशन की हुई वापसी, गायकवाड़ कर सकते हैं कप्तानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऋतुराज गायकवाड़ के अलावा 15 सदस्यीय टीम में अन्य ओपनिंग बल्लेबाज़ों में अभिमन्यु ईश्वरन और साई सुदर्शन को भी शामिल किया गया है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में एक रिज़र्व ओपनर की आवश्यकता हो सकती है, क्योंकि रोहित शर्मा निजी कारणों से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफ़ी के पहले दो मैचों में से



एक को मिस कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया ए के ख़िलाफ़ भारतीय ए टीम का यह दौरा कुछ खिलाड़ियों को बैकअप के रूप में भारत की टेस्ट टीम में शामिल होने का अच्छा मौक़ा दे सकता है।

देवदत्त पडिक्कल, बी इंद्रजीत और रिकी भुई इंडिया ए टीम के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज़ होंगे। वहीं अभिषेक पोरेल और ईशान किशन टीम में विकेटकीपर के तौर पर शामिल किए गए हैं। नितीश कुमार रेड्डी, तनुष कोटियन और मानव सुथार टीम के ऑलराउंडर होंगे। वहीं मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, ख़लील अहमद और यश दयाल को टीम के तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण में शामिल किया गया है। 29 वर्षीय ईश्वरन पहले भी 2022 में बांग्लादेश दौरे पर भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा रह चुके हैं। साथ ही इस घरेलू सीज़न में शानदार फ़ॉर्म में हैं। उन्होंने दलीप ट्रॉफ़ी में दो शतक और ईरानी ट्रॉफ़ी में एक शतक बनाया था।

चैम्पियन ट्राफीः

## पीसीबी का नया आफर, टीम इंडिया अपना मैच खेले फिर वापस लौट जाए

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से संपर्क किया है और एक ऐसी व्यवस्था का प्रस्ताव रखा है जिसके अंतर्गत अगर भारत सुरक्षा कारणों से अगले साल




चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान पाकिस्तान में नहीं रुकना चाहता है तो वह मैचों के बीच में नई दिल्ली या चंडीगढ़ में से कहीं लौट सकता है। पीसीबी ने बीसीसीआई को मौखिक सुझाव दिया है कि भारतीय टीम नई दिल्ली या चंडीगढ़ या मोहाली में शिविर लगा सकती है और अपने मैचों के लिए विशेष उड़ान का इस्तेमाल करके लाहौर जा सकती है।

पीसीबी के एक सूत्र ने हालांकि शुक्रवार को पुष्टि की कि बोर्ड ने लिखित में कोई सुझाव नहीं दिया है। सूत्र ने कहा कि लेकिन हां यह सच है कि इन विकल्पों पर अधिकारियों के बीच मौखिक रूप से चर्चा हुई है ताकि भारत का अपने मैच पाकिस्तान में खेलना सुनिश्चित हो सके।

## सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल के 14 सीजन में की है इतनी कमाई

### पहले सीजन में मिले थे 10 लाख रुपये



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सूर्यकुमार यादव टी20 प्रारूप के बेहतरीन खिलाड़ी हैं और ये बात उन्होंने साबित भी की है। सूर्या इस वक्त भातरीय टी20 टीम के कप्तान भी हैं और उनकी कप्तानी में टीम इंडिया का प्रदर्शन भी इस प्रारूप में लाजवाब रहा है। सूर्यकुमार आईपीएल में इस वक्त मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं और इस बात की उम्मीद है कि आईपीएल 2025 के लिए भी उन्हें ये फ्रेंचाइजी रिटेन कर सकती है। सूर्यकुमार यादव 14 साल से इस लीग में खेल रहे हैं और इसमें उन्होंने सबसे ज्यादा समय तक मुंबई के लिए खेला है। वहीं सूर्या ने पिछले 14 साल में इस लीग से कितनी कमाई की है इसकी जानकारी हम आपको देते हैं।

### सूर्यकुमार ने आईपीएल में कमाए हैं लगभग 40 करोड़ रुपये

सूर्यकुमार यादव ने साल 2011 में आईपीएल खेलना शुरू किया था और इस सीजन में उन्हें मुंबई इंडियंस ने ही पहली बार खरीदा था। इस सीजन में मुंबई की टीम ने सूर्या को खरीदने के लिए 10 लाख रुपये खर्च किए थे और इसके बाद वो साल 2013 तक मुंबई टीम का हिस्सा बने रहे। साल 2014 में सूर्यकुमार यादव को केकेआर ने खरीद लिया और उन्हें इस सीजन के लिए 70 लाख रुपये मिले थे। सूर्यकुमार इस टीम के साथ 2017 तक बने रहे और चार सीजन में केकेआर की तरफ से उन्हें 70 लाख रुपये मिले। साल 2018 में एक बार फिर से सूर्यकुमार यादव को मुंबई फ्रेंचाइजी ने खरीदा और इस बार उन्हें 3.2 करोड़ रुपये मिले। साल 2018 से लेकर 2021 तक मुंबई के लिए खेलने के लिए उन्हें 3.2 करोड़ रुपये हर सीजन में मिले। फिर 2022 की मेगा नीलामी में सूर्यकुमार की कीमत बढ़कर 8 करोड़ रुपये हो गई, लेकिन मुंबई ने उन्हें अपने साथ बनाए रखा। 2022 से लेकर 2024 तक यानी आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले तक वो इसी टीम का हिस्सा रहे। सूर्या ने आईपीएल के 14 सीजन में से सिर्फ 4 सीजन केकेआर के लिए खेला जबकि 10 सीजन में वो मुंबई का हिस्सा रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एंबुलेंस चालकों की सिविल सर्जन से वार्ता विफल, हड़ताल जारी

**धनबाद , एजेंसी।** 6 सूत्री मांगों को लेकर 108 एंबुलेंस चालकों व कर्मचारियों की बेमियादी हड़ताल पांचवें दिन भी जारी रही. हड़ताली चालकों की शुक्रवार को धनबाद के सिविल सर्जन के साथ वार्ता हुई, लेकिन कोई निर्णय नहीं हो सका. एंबुलेंस चालकों की हड़ताल से मरीजों की परेशानी काफी बढ़ गई है. एंबुलेंस कर्मियों ने बताया कि शुक्रवार को सिविल सर्जन से उनकी वार्ता हुई. सिविल सर्जन ने हड़ताल खत्म करने का दबाव बनाया और हड़ताल नहीं टूटने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की बात कही. इससे कर्मी काफी नाराज हो गए. कर्मी पहले की एजेंसी चिकित्सा हेल्थ केयर ( ।रु) व वर्तमान एजेंसी ग्रीन हेल्थ सर्विसेस के पास लंबित वेतनमान के साथ अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं. कर्मियों ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, हड़ताल जारी रहेगी.

### कल्पना सोरेन 20 को टुंडी में करेंगी चुनाव प्रचार

**धनबाद , एजेंसी।** झामुमो की स्टार प्रचारक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन 20 अक्टूबर को टुंडी आएंगी. वह झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी. उनके कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर टुंडी झामुमो कार्यालय में वरिष्ठ कार्यकर्ता मेनेजर हेम्ब्रम की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में रतिलाल टुडू भी मौजूद थे. उन्होंने कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की और सभा में ऐतिहासिक भीड़ जुटाने को लेकर रणनीति बनाई. कार्यकर्ताओं से कहा कि हर गांव-टोले में प्रचार में जुटें व कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं. इस मौके पर सुमन मिश्र, सनातन सोरेन, सखीचंद मुर्मू, अरुण सिंह, गणेश रजक, महेंद्र सोरेन, प्रभुचंद मुर्मू, सागर भुईयां, सोनु कुमार, राजकुमार महतो आदि मौजूद थे.

### दुर्गा पूजा समिति सरकंडा को मिला प्रथम पुरस्कार

**गोड्डा, एजेंसी।** गोड्डा में दुर्गा पूजा भव्य व शांतिपूर्ण तरीके से करने वाली पूजा समितियों को नगर परिषद ने पुरस्कृत किया है. नगर परिषद कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विशेष पदाधिकारी आशीष कुमार ने पुरस्कारों की घोषणा की. दुर्गा पूजा समिति सरकंडा को सभी मानकों में सर्वाधिक अंक देते हुए उसे प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया. वहीं, दुर्गा पूजा समिति रौतारा को द्वितीय और दुर्गा पूजा समिति गोढ़ी रामनगर को तीसरा पुरस्कार दिया गया. जबकि चौथे स्थान पर दुर्गा पूजा समिति सिनेमा हॉल व पांचवें स्थान पर बड़ी दुर्गा समिति बाबूपाड़ा रही. नगर परिषद के विशेष पदाधिकारी ने बताया कि पूजा समिति को पुरस्कृत करने के लिए निर्धारित किए गए मानकों में अलग अलग कैटेगरी के लिए अंक निर्धारित किए गए थे.

### आईआईटी-आईएसएम में भारत को जानो प्रतियोगिता

**धनबाद , एजेंसी।** आईआईटी-आईएसएम सभागार में शुक्रवार को हिंदी विकास परिषद की ओर से भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस क्विज कंपिटीशन में धनबाद जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारत के इतिहास व सभ्यता-संस्कृति से अवगत कराना था. हिंदी विकास परिषद धनबाद के अध्यक्ष सोमनाथ पुर्ति ने कहा कि भारत जिसे एक समय सोने की चिड़िया कहा जाता था, उसके इतिहास से पूरे विश्व को अवगत कराने की मुहिम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम प्रांत स्तरीय है, जिसमें चार वर्ग जूनियर और चार वर्ग सीनियर बच्चों ने भाग लिया.

### तोपचांची में बाइक दुर्घटनाग्रस्त,

**धनबाद , एजेंसी।** तोपचांची थाना क्षेत्र के मानटांड़ स्थित अर्धनिर्मित सर्विस रोड पर शुक्रवार को एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. दुर्घटना में बाइक चालक भवंरदाहा निवासी शुभम राय गंभीर रूप से घायल हो गया. उसके शरीर के विभिन्न हिस्सों में गहरी चोटें आई हैं. बताया गया कि शुभम राय कतरास से मोबाइल बनवाकर बाइक से अपने घर लोट रहा था. रास्ते में मानटांड़ स्थित अर्धनिर्मित सर्विस रोड पर बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई. आनन-फानन में एनएच कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से उसे साहोबहियार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच, धनबाद रेफर कर दिया.

# रांची, हटिया समेत झारखंड की 5 सीटों पर फंसा पेंचः भाजपा प्रत्याशियों की लिस्ट लटकी




**रांची, एजेंसी।** भाजपा के रांची, हटिया, कांके, कोडरमा, बाघमारा और जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट पर प्रत्याशियों का नाम अटक गया है। इस कारण सूची जारी करने में भी देरी हो रही है। पार्टी के सीनियर नेताओं के तल्ख रवैये ने केंद्रीय नेतृत्व को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। केंद्रीय नेतृत्व इन सीटों पर फिर से मंथन कर रही है।

ऐसे में तय समय पर नाम घोषित नहीं होने पर उम्मीदवारों के साथ-साथ कार्यकर्ताओं में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। कुछ विधानसभा क्षेत्रों में बतौर उम्मीदवार कुछ लोगों के नाम सामने आने के कारण विरोध भी शुरू हो गया है। हुसैनाबाद, दुमका, जामा, मधुपुर, धनबाद आदि सीटों के कार्यकर्ता अलग-अलग खेमों में बंट गए हैं। ऐसे में शुक्रवार को भी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं हुई, जबकि सीट शेयरिंग कंप्लीट हो चुकी है। भाजपा, आजसू, जदयू और लोजपा की सीटों की घोषणा भी कर दी गई है।

इस बारे में पूछे जाने पर भाजपा के प्रदेश सह चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने स्वीकार किया कि चुनाव की घोषणा के 48 घंटे के अंदर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा करने की बात उन्होंने कही थी, लेकिन कुछ कारणों से यह नहीं हो सका। हिमंता ने कहा कि अब शनिवार या रविवार को प्रत्याशियों की घोषणा होगी।

**कुछ विधायकों के कट सकते हैं टिकट :** पार्टी पहले सिटिंग विधायकों का टिकट काटने के पक्ष में नहीं थी, पर बदलती परिस्थिति में कुछ के टिकट कट सकते हैं। इसी डर से जमुआ विधायक केदार हाजरा झामुमो में चले गए। छत्तरपुर विधायक का भी टिकट कट सकता है। पार्टी यह देख रही है कि ऐसी कितनी सीटें हैं, जहां पर एंटी इनकंबेंसी है।

यह भी खबर आ रही है कि भाजपा केंद्रीय मंत्रियों और बड़े नेताओं को भी चुनाव लड़ा सकती है। नीरा यादव पिछली बार कोडरमा से बहुत कम वोटों से जीती थीं। ऐसे में वरीय नेताओं का कहना है कि अन्नपूर्णा देवी को चुनाव लड़ाना चाहिए। ऐसे ही पोटका सीट पर भी पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा के लड़ने की संभावना है।

**नामांकन शुरू हो गया है, पर सूची का इंतजार :** झारखंड में पहले चरण का चुनाव 13 नवंबर को है। शुक्रवार से नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है, लेकिन प्रत्याशियों के नाम पर टकटकी है। वैसे, एनडीए इस मामले में इंडिया गठबंधन से आगे है कि उसने सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय कर लिया है। एनडीए में शामिल भाजपा, आजसू पार्टी, जदयू और लोजपा (आर) किन-किन सीटों पर लड़ेंगे, इसकी घोषणा भी कर दी गई है।

पार्टी नेताओं को आशंका है कि सूची जारी होते ही टिकट की आस लगाए नेता विपक्षी खेमे में जा सकते हैं। इसे रोकने के लिए पार्टी प्लान बी पर काम शुरू कर चुकी है। सीट शेयरिंग फाइनल होने के बाद एनडीए के नेताओं ने एक-दूसरे का हाथ थाम कर एकजुटता का संदेश दिया।

**इंडी गठबंधन के कुशासन का अंत करके ही लेंगे चैन की सांस : शिवराज सिंह चौहान :** प्रदेश भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में कहा कि वे झारखंड में इंडी गठबंधन के कुशासन का अंत करके ही चैन की सांस लेंगे। एनडीए सीट शेयरिंग की घोषणा के बाद शिवराज ने कहा कि एनडीए विकास और सुशासन का प्रतीक है। इंडी गठबंधन की सरकार ने झारखंड को तबाही और बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया है। राज्य में सुशासन और विकास हो। इसके लिए केंद्रीय नेतृत्व ने फैसला किया है कि भाजपा, आजसू पार्टी, जदयू, और लोजपा झारखंड में मिलकर चुनाव लड़ेंगे।

## 'सेव वाटर सेव लाइफ' ड्राइंग प्रतियोगिता में डीएवी-6 के बच्चों ने दिखायी प्रतिभा



**बोकारो, एजेंसी।** एस.आई.पी अबेकस ने सेक्टर-6 की प्रार्थना सभा में 'सेव वाटर सेव लाइफ ड्राइंग प्रतियोगिता' का आयोजन किया. इस प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल 6 के बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखायी. क्लास वन से राजवीर राणा ने पहला, अहाना सिंह ने दूसरा और आव्या कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया. वहीं क्लास टू से अग्रिमा, संध्या सोरेन व जिक्रा नू, क्लास थ्री से ठाकुर नारायण महतो, रुपशा सुतुर व मकबीर अंसारी और क्लास फोर से रूद्र कुमार, स्नेहा कुमारी और फैज अहमद रजा ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया. सभी विजेताओं को सम्मान पत्र व स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया

**प्रतियोगिता में भाग लेना जरूरी, जीतना नहीं :** मौके पर स्कूल की प्राचार्या अनुराधा सिंह ने सभी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी. उन्होंने कहा कि जल ही जीवन हैं, हमें जल को बचाने का प्रयास करना चाहिए . प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों में आत्मविश्वास व्यक्तित्व का विकास होता ही है. साथ ही वे अपनी गुण, क्षमता और योग्यता को समझकर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं. अतः किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेना आवश्यक है, न कि जीतना. इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे.

# सीजीएल परीक्षा में 20 प्रश्नों के उत्तर गलत, सभी अभ्यर्थियों को मिलेंगे पूरे अंक



**रांची, एजेंसी।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 (सीजीएल परीक्षा) में अनियमितता की शिकायत की जांच के बाद इसमें पूछे गए प्रश्नों का अंतिम मॉडल उत्तर जारी कर दिया है।

अभ्यर्थियों से औपबंधिक मॉडल उत्तर पर प्राप्त आपत्तियां की समीक्षा के बाद आयोग ने माना है कि इस परीक्षा के तीन पत्रों में कुल 20 प्रश्नों के उत्तर गलत थे। साथ ही, क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा के अंतर्गत हिन्दी विषय में एक प्रश्न आउट आफ सिलेबस पूछा गया। आयोग ने इन 21 प्रश्नों को रद करते हुए उनमें सभी अभ्यर्थियों को पूरे अंक देने का निर्णय लिया है।

इस परीक्षा में पूछे गए 20 प्रश्नों में आठ प्रश्नों का कोई भी विकल्प का उत्तर सही नहीं था। वहीं, 12 प्रश्नों में एक से अधिक विकल्प का उत्तर सही था।गलत उत्तर वाले 20 प्रश्नों में सामान्य ज्ञान विषय के तीन, भाषा विषय के चार तथा क्षेत्रीय एव जनजातीय भाषा में खोरठा में एक, संताली में तीन, संस्कृत में तीन, पंचपरगनिया में दो, उर्दू में एक, बांग्ला में एक, कुरमाली में एक तथा खड़िया में एक प्रश्न सम्मिलित हैं।

बताते चलें कि यह परीक्षा 21 एवं 22 सितंबर को संपन्न हुई थी। इसके बाद आयोग ने इस परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी करते हुए अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आपत्तियां मंगाई थीं। प्राप्त आपत्तियों की विशेषज्ञों की समिति द्वारा पुनर्समीक्षा की गई, जिसमें इन प्रश्नों के उत्तर को संशोधित करने का परामर्श दिया गया।

इस परीक्षा में अनियमितता की शिकायत की जांच करनेवाली तीन सदस्यीय कमेटी ने अपनी रिपोर्ट आयोग को सौंप दी है। हालांकि आयोग ने जांच के निष्कर्ष का खुलासा अभी तक नहीं किया है।

इस परीक्षा के अंतिम मॉडल उत्तर जारी होने से यह कयास लगाया जा रहा है कि जांच में कोई बड़ी अनियमितता की पुष्टि नहीं हुई है। अंतिम मॉडल उत्तर जारी किए जाने के बाद आयोग परिणाम प्रकाशित करने की तैयारी कर सकता है।

## 1985 के बाद रांची सीट से नहीं जीती कांग्रेस, फिर भी पार्टी कर रही दावे पर दावे



**रांची, एजेंसी।** कभी पूरे बिहार और देश में एकछत्र राज करने वाली पार्टी कांग्रेस झारखंड में कितने बुरे दौर से गुजर रही है, उसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि रांची जैसी महत्वपूर्ण सीट पर वह 1985 के बाद कभी जीती ही नहीं. फिर भी हर बार कांग्रेस रांची सीट से दावा करती है. रांची सीट पर कांग्रेस की स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 2014 में कांग्रेस अकेले दम पर चुनाव लड़ी. रांची से निवर्तमान रांची महानगर अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चुनाव लड़े, जो महज 7935 मत प्राप्त कर सके, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी झामुमो की महुआ माजी 36897 हजार मत लाकर दूसरे स्थान पर रहीं. 1985 में अंतिम बार कांग्रेस के विधायक रांची से जयप्रकाश गुप्ता (अब दिवंगत) रहे .रांची जैसा हाल हटिया विधानसभा का भी रहा है. हटिया से 2005 और 2009 में अंतिम बार गोपाल शरण नाथ शाहदेव जीते. इसके बाद हटिया से कांग्रेस को जीत नसीब नहीं हुई. अगर सिल्ली की बात करें तो वर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के बाद वहां से कांग्रेस का कोई विधायक नहीं बना. महतो सिल्ली से कांग्रेस के अंतिम विधायक साबित हुए. वे 1995 में कांग्रेस के विधायक रहे.रांची व हटिया सीट से कांग्रेस के दावेदारों की सूची काफी लंबी है. इन सीटों पर शुक्रवार से नामांकन की प्रक्रिया और पर्चा खरीदने का काम शुरू हो गया. इन दोनों सीटों पर 13 नवंबर को वोट डाले जायेंगे. मगर कोई भी दावेदार अब तक पर्चा नहीं खरीदा है.

# राशन कार्डधारियों के लिए बड़ी खुशखबरी, मिलेगा बैकलॉग का राशन

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव और दीपावली एवं छठ समेत अन्य त्योहारों से ठीक पहले राशन कार्डधारियों के लिए अच्छी खबर आई है. चुनाव से पहले उन्हें बकाया राशन भी मिलेगा. पूर्वी सिंहभूम जिले में ग्रीन राशन कार्ड धारक 41,447 परिवारों के कुल 1,16,910 सदस्यों के लिए साढ़े 7 हजार क्विंटल चावल का आवंटन आया है.

इसे जिले के सभी 11 प्रखंडों के राज्य खाद्य निगम के गोदामों से पीडीएस डीलर के गोदामों में भेजा गया है. पूर्वी सिंहभूम जिले में अभी 2 माह का राशन 41,447 कार्डधारियों को मिलेगा. इसमें जनवरी 2024 बैकलॉग माह का और वर्तमान में नवंबर 2024 का खाद्यान्न मिलेगा.

इधर, पूर्वी सिंहभूम के जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी पीडीएस डीलर को समय पर कार्डधारियों के बीच राशन का वितरण करने का स्पष्ट निर्देश दिया है. राशन वितरण में किसी प्रकार की कोताही बरतने वाले पीडीएस डीलर के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी. सभी मार्केटिंग ऑफिसर्स और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों से कहा गया है कि कार्डधारियों को समय पर अनाज मिले, इसकी क्लोज मॉनिटरिंग करें.

झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू होने की वजह से पूर्वी सिंहभूम जिले में साढ़े छह हजार ग्रीन राशन कार्ड के आवेदन अटक गये हैं. ये वैसे साढ़े छह हजार आवेदन हैं, जो आवेदन को स्वीकृति के लिए जिला से अनुशंसा कर खाद्य आपूर्ति विभाग रांची के लॉग इन में भेजा गया है.

इधर, आदर्श आचार संहिता के लागू होने के कारण जिला समेत राज्य भर में नया राशन कार्ड बनना, राशन कार्ड में परिवार के सदस्य का नाम जोड़ने (एड मेंबर), डिलीट का काम झारखंड विधानसभा चुनाव प्रक्रिया पूरा होने तक बंद की गयी हैं.

पूर्वी सिंहभूम खाद्य आपूर्ति विभाग में वर्तमान में जिले के राशन कार्डधारियों का केवल नाम, उम्र, पता आदि का शुद्धिकरण करने का काम के लिए आवेदन जमा लिया जा रहा है.

# विधानसभा चुनाव के लिए आजसू के उम्मीदवार लगभग तय, सिर्फ घोषणा बाकी




**रांची, एजेंसी।** आजसू पार्टी के 10 सीटों पर उम्मीदवार तय हैं। सिर्फ पार्टी द्वारा इसकी घोषणा होनी बाकी है। बताया गया है कि इससे पहले पार्टी के संसदीय बोर्ड की बैठक में उम्मीदवारों के नामों पर औपचारिक मुहर लगेगी, जिसके बाद सभी सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी।

एनडीए गठबंधन के तहत आजसू पार्टी को मिली 10 सीटों में सिल्ली से सुदेश महतो, रामगढ़ से सुनीता चौधरी, गोमिया से डा. लंबोदर महतो, ईचागढ़ से हरेलाल महतो, मांडू से तिवारी महतो, जुगसलाई से रामचंद्र सहिस का चुनाव लड़ना तय है। डुमरी से यशोदा देवी उम्मीदवार होंगी जिन्हें पार्टी ने उपचुनाव में भी उम्मीदवार बनाया था।पाकुड़ से अजहर इस्लाम आजसू के उम्मीदवार होंगे जो हाल ही में पार्टी में सम्मिलित हुए हैं। अकील अख्तर द्वारा इस्तीफा देने के बाद पार्टी ने अजहर को सदस्यता दिलाई थी। इसी तरह, लोहरदगा से पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत तथा मनोहरपुर से बिरसा मुंडा आजसू के उम्मीदवार हो सकते हैं। पार्टी ने पिछले विधानसभा चुनाव में भी इन्हें अपना उम्मीदवार बनाया था।

इधर, आजसू पार्टी को बड़कागांव सीट नहीं मिलने से पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी का भाजपा के सिंबल से चुनाव लड़ने की संभावना बढ़ गई है। बताया जाता है कि भाजपा इस शर्त के साथ यह सीट उन्हें देने को तैयार है कि वे भाजपा के सिंबल से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि आजसू पार्टी अभी भी इस सीट की मांग कर रही है।अबुआ झारखंड पार्टी सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी की संसदीय समिति की शुक्रवार को स्व. एनई होरो के सीरम टोली स्थित आवास पर हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष रिलन एमन होरो ने बताया कि उनकी पार्टी सभी 81 सीटों पर अपना प्रत्याशी उतारेगी। बैठक में तीन विधानसभा सीट के लिए प्रत्याशी के नाम का चयन हो गया है। इनमें खूंटी से सोमा मुंडा, तोरपा से रिलन एमन होरो व कोलेबिरा से विश्राम बागे को प्रत्याशी बनाया गया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों से साफ-साफ कहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही नहीं हो। यदि कहीं विधि व्यवस्था में गड़बड़ी में होती है तो संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे।

# विधानसभा चुनाव से पहले चेकिंग तेज, बंगाल सीमा पर कार से 11.38 लाख रुपए बरामद



**मैथन (धनबाद), एजेंसी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले चेकिंग अभियान तेज हो गया है. इसी कड़ी में धनबाद जिले में झारखंड और पश्चिम बंगाल की सीमा से 11.38 लाख रुपए दो कार से बरामद हुए हैं. दोनों कार के मालिकों से पूछताछ की जा रही है.

झारखंड और पश्चिम बंगाल की सीमा के डीबुडीह चेकपोस्ट पर शुक्रवार की रात मैथन पुलिस ने दो वाहनों से इतनी बड़ी राशि जब्त की है. दोनों वाहनों के मालिक से मैथन पुलिस पूछताछ कर रही है. पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

मैथन पुलिस ने बताया कि एक कार से 10 लाख रुपए बरामद हुए जबकि दूसरी कार से एक लाख 38 हजार रुपए मिले हैं. दोनों वाहन पश्चिम बंगाल से झारखंड में प्रवेश कर रहे थे. इसी दौरान वाहन की जांच-पड़ताल की गई, तो यह राशि उनसे बरामद हुई.

चुनाव से पहले झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सभी प्रवर्तन एजेंसियों के सीनियर ऑफिसर्स के साथ लगातार समीक्षा बैठक कर रहे हैं. उन्होंने अफसरों से कहा है कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए सभी एजेंसियां आपस में समन्वय स्थापित करके काम करें. किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. चुनाव को प्रभावित करने वाले सभी कारकों पर पैनी नजर रखें.

झारखंड में विधानसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू हो गई. इसके बाद से अब तक सवा करोड़ रुपए के अवैध सामान और नकदी की जब्ती हुई है. सबसे अधिक 26.51 लाख रुपए मूल्य की जब्ती पलामू जिले में हुई है. रांची और चतरा जिले से 15 लाख रुपए से अधिक के अवैध सामान और नकदी एजेंसियों ने जब्त की है. सरायकेला-खारसावां और हजारीबाग जिले में 10 लाख से अधिक की जब्ती हुई है. 64.12 लाख रुपए झारखंड पुलिस ने जब्त किए हैं. वाणिज्य कर विभाग ने 28.28 लाख रुपए और आबकारी विभाग ने 24.03 लाख रुपए के सामान जब्त किए हैं.

# विस चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही लोहरदगा में नामांकन शुरू




**लोहरदगा, एजेंसी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर आज अधिसूचना जारी कर दी गई। आज से नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन प्रारंभ हो गया। नामांकन करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर को की जाएगी। नाम वापस लेने के लिए अंतिम तिथि 30 अक्टूबर होगी। मतदान 13 नवंबर को होगा। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची से किसी भी प्रविष्टि को हटाया या संशोधित नहीं किया जा सकेगा। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 के अंतर्गत मुद्रणालयों पर नियम लागू होंगे। लाइसेंसी हथियार ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी रहेगी। राजनीतिक दलों के द्वारा किये गये व्यय का लेखा-जोखा चुनाव की घोषणा की तिथि से लेकर चुनाव की समाप्ति तक किया जाएगा।

चुनाव के दौरान नगदी के आवागमन पर नियम लागू होंगे। विधानसभा निर्वाचन में प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए 40 लाख तक का व्यय निर्धारित है। इसके लिए एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग टीम गठित है। जिला द्वारा निर्धारित दर पर प्रति तथा सुलभ प्रसंग के लिए आदर्श आचार संहिता की मार्गदर्शिका सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध करायी गई है। नियंत्रण कक्ष स्थापित है जिसका टॉल फ्री संख्या 1950 है। सी-विजिल की मॉनिटरिंग के लिए टीम बनायी गई है, जिससे चौबीसों घंटे निगरानी की जा सकेगी।